CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार, 5 फरवरी 2025 | वर्ष – 34 | अंक– 276 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु





महाकुंभ भगदड़ में मौत का आंकड़ा छिपा रही सरकार पृष्ठ 3

■ अपनों की लाशों पर होती सियासत की अघोर-साधना
■ निम्न और मध्यम वर्ग को सिर्फ़ कर में छूट देना मांग को बढ़ाने के पृष्ठ 4

■ इजरायली बलों की कार्रवाई युद्ध विराम समझौते को कर रही कमजोर : यूएनआरडब्ल्यूए पृष्ठ 9

वरुण इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारत की टीम में शामिल पृष्ठ 10

# दिल्ली विस चुनाव के लिए मतदान आज

## 70 विधानसभा सीटों पर सुबह सात बजे से डाले जाएंगे वोट, 1.56 करोड़ मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग, 8 फरवरी को आएंगे नतीजे

**नई दिल्ली**, 4 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा। इसे लेकर चुनाव आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है। साथ ही प्रशासन की तरफ से भी वोटिंग को लेकर पुख्ता इंतजाम है। पोलकर्मी अपने पोलिंग बूथ पर ईवीएम लेकर पहुंच गए। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए सुबह 7 बजे से शाम छह बजे तक वोट डाले जा सकेंगे। सभी 70 सीटों पर 1.56 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 83.76 लाख पुरुष और 72.36 लाख महिलाएं शामिल हैं। चुनाव आयोग ने 13,766 पोलिंग सेंटर बनाए हैं। नई दिल्ली, कालकाजी, जंगपुरा, पटपड़गंज जैसी हाई-प्रोफाइल सीटों पर मुकाबला दिलचस्प है। वहीं, अगर शाम 5 बजे के बाद भी कोई वोटिंग लाइन में है, तो उसे वोट डालने दिया जाएगा। दिल्ली में कुल 70 विधानसभा सीटें हैं। इन सभी सीटों पर चुनाव हो रहे हैं। दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के दिन 5 फरवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। शहर भर के सभी सरकारी और निजी क्षेत्र के कार्यालयों पर यह आदेश लागू रहेगा।



तीन सदस्यीय आयोग ने सामूहिक रूप से चुनावों में चुनाव आयोग को बदनाम करने के लिए बार-बार जानबूझकर दबाव बनाने की रणनीति पर ध्यान दिया। लोगों को लगता है कि जैसे यह एक एकल सदस्यीय निकाय है लेकिन इसने संवैधानिक संयम बरतने का निर्णय लिया गया है : राजीव कुमार

### साढ़े छह बजे के बाद आएंगे एग्जिट पोल

इसके साथ ही चुनाव आयोग ने एग्जिट पोल पर रोक लगा दी है। पांच फरवरी को सुबह सात बजे से शाम 6:30 बजे तक कोई भी एग्जिट पोल नहीं दिखाया जा सकेगा। वोटिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही एग्जिट पोल के नतीजे सामने आ सकेंगे। गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और बीजेपी में मुकाबला है। हालांकि मुख्य मुकाबला आम आदमी पार्टी और भाजपा में ही है। दोनों दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। पांच फरवरी को वोटिंग के बाद आठ फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आएंगे।

**एक लाख से अधिक कर्मचारी रहेंगे तैनात**–चुनाव की प्रक्रिया पूरी करने के लिए इस बार एक लाख से अधिक कर्मियों को तैनात किया गया है। इसमें दिल्ली पुलिस के 35 हजार जवान, 19 हजार होमगार्ड और 220 कंपनियां केंद्रीय सुरक्षा बलों की होंगी। अन्य दिल्ली सरकार के कर्मी शामिल होंगे। 2696 मतदान स्थानों में 13766 मतदान बूथ बनाए गए हैं। इसमें 70 मतदान केंद्र, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक, विशेष रूप से महिला कर्मचारियों द्वारा प्रतिबंधित किए जाएंगे। वहीं 70 मतदान केंद्रों का प्रबंधन और संचालन पूरी तरह से दिव्यांगों द्वारा किया जाएगा। मतदाताओं को बूथ परिसरों में आसानी से अपने मतदान केंद्र खोजने में सहायता करने के लिए सभी जिला चुनाव अधिकारी रंग कोड के अनुसार मतदान केंद्र स्थापित करेंगे। किसी विशेष मतदान केंद्र को सौंपा गया विशिष्ट रंग कोड मतदाता सूचना पर्ची से किया जाएगा। जरूरतमंद मतदाताओं के लिए 4,217 व्हीलचेयर उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अतिरिक्त, छोटे बच्चों वाले माता-पिता की सहायता के लिए एक क्रेच सुविधा उपलब्ध होगी।

सीजीएमएससी घोटाला

# करोड़ों के घोटाले में तीन आईएएस अफसरों की बढ़ी मुश्किलें

**रायपुर**, 4 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन में करोड़ों रुपये के घोटाले में अब तीन आईएएस अधिकारी भी लपेटे में आ गए हैं। एसीबी/ईओडब्ल्यू ने आईएएस अफसर भीम सिंह, चंद्रकांत वर्मा और सीजीएमएससी की एमडी पद्मिनी भोई को समन जारी कर पूछताछ के लिए तलब किया है। इसके अलावा मामले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की संलिप्तता के साक्ष्य भी मिले हैं।

एसीबी/ईओडब्ल्यू ने सीजीएमएससी घोटाले में हफ्ते भर पहले मोक्षित कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर शशांक चोपड़ा को गिरफ्तार कर रिमांड में लिया था। वहीं आज आरोपी की पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद उसे फिर से ईओडब्ल्यू की विशेष कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने 6 दिन की पुलिस रिमांड पर ईओडब्ल्यू को सौंप दिया है। अब आरोपी शशांक चोपड़ा को 10 फरवरी को वापस कोर्ट में पेश किया जाएगा। जांच एजेंसी ने दवा खरीदी घोटाले में प्रदेश के बड़े सप्लायर शशांक चोपड़ा को गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ के बाद कई नए तथ्य सामने आई हैं। दवा खरीदी का यह घोटाला अब तक का सबसे बड़ा घोटाला माना जा रहा है। यह घोटाला 400 करोड़ से अधिक का है।





■ **शशांक चोपड़ा की रिमांड 6 दिन बढ़ी, अगली सुनवाई 10 फरवरी को होगी**

### दो साल के ऑडिट में खुली थी पोल

लेखा परीक्षा की टीम की ओर से सीजीएमएससी की सप्लाई दवा और उपकरण को लेकर वित्त वर्ष 2022-24 और 2023-24 के दस्तावेज को खंगाला गया तो कंपनी ने बिना बजट आवंटन के 660 करोड़ रुपये की खरीदी की थी, जिसे ऑडिट टीम ने पकड़ लिया था। ऑडिट में पाया गया है कि पिछले दो सालों में आवश्यकता से ज्यादा खरीदे केमिकल और उपकरण को खपाने के चक्कर में नियम कानून को भी दरकिनार किया गया। जिस हॉस्पिटल में जिस केमिकल और मशीन की जरूरत नहीं वहां भी सप्लाई कर दिया गया। प्रदेश के 776 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सप्लाई की गई, जिनमें से 350 से अधिक ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ऐसे हैं, जिसमें कोई तकनीकी, जनशक्ति और भंडारण सुविधा उपलब्ध ही नहीं थी। ऑडिट टीम के अनुसार डीएचएस ने स्वास्थ्य देखभाल की सुविधाओं में बेसलाइन सर्वेक्षण और अंतर विश्लेषण किए बिना ही उपकरणों और रीएजेंट मांग पत्र जारी किया था।

### स्वास्थ्य महकमे के अधिकारियों के खिलाफ भी दर्ज है मामला

ईओडब्ल्यू ने अपनी एफआईआर में स्वास्थ्य महकमे के आला

## सार संक्षेप

### भूटान नरेश ने संगम में लगाई पुण्य की डुबकी

**महाकुंभनगर।** भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्यल वांगचुक ने महाकुंभ के दौरान मंगलवार को गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भूटान नरेश खेसर नामग्यल अरैल से जेटी से संगम पहुंचे और दोनो लोगों ने पुण्य की डुबकी लगाई। पुरोहितों ने मुख्यमंत्री और भूटान नरेश का विधिविधान से पूजन संपन्न कराया। मुख्यमंत्री और भूटान नरेश में गंगा मां को दुग्ध और माला अर्पित किया।

### बेल्जियम के नए प्रधानमंत्री बने बार्ट डी वेवर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बार्ट डी वेवर को बेल्जियम के प्रधानमेत्री का पद संभालने पर बधाई दी। मोदी ने भारत-बेल्जियम संबंधों को और मजबूत बनाने तथा वैश्विक मामलों पर आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने का विश्वास व्यक्त किया है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में वेवर को बधाई देते हुए लिखा, प्रधानमंत्री बार्ट वेवर को पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई। मैं भारत-बेल्जियम संबंधों को और मजबूत करने तथा वैश्विक मामलों पर हमारे सहयोग को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। मैं आपके सफल कार्यकाल की कामना करता हूं।

### त्रिशक्ति कोर ने किया रण कौशल का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** सेना की त्रिशक्ति कोर ने युद्ध तत्परता, तीव्र तैनाती और सटीक हमला क्षमताओं को प्रमाणित करते हुए सफलतापूर्वक 'लाइव फायर' अभ्यास किया है। सेना के अनुसार कोर के सैनिकों ने अभ्यास के दौरान विशेष रूप से सिक्किम के अत्याधिक ऊंचाई वाले पहाड़ों में युद्ध की तैयारी की जो विभिन्न परिस्थितियों में अनुकूलनशीलता और तत्परता को प्रदर्शित करती है।

### महामारी खिचड़ी घोटाले के आरोपी को जमानत

**मुंबई।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने मंगलवार को शिवसेना (यूबीटी) के पदाधिकारी सूरज चव्हाण को जमानत दे दी, जिन्हें पिछले साल की शुरुआत में कोविड-19 महामारी के दौरान प्रवासी श्रमिकों के बीच खिचड़ी वितरण से संबंधित 6.37 करोड़ रुपए के कथित घोटाले में उनकी कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किया गया था। न्यायमूर्ति मिलिंद

# अरुण देव गौतम होंगे छत्तीसगढ़ के नए डीजीपी

**रायपुर**, 4 फरवरी (देशबन्धु)। 11992 बैच के आईपीएस अरुण देव गौतम को छत्तीसगढ़ पुलिस में डीजीपी का प्रभार सौंपा गया है। डीजीपी के पद पर पूर्ण नियुक्ति तक अरुण देव गौतम प्रदेश के पुलिस प्रमुख के तौर पर कामकाज देखेंगे। डीजीपी अशोक जुनेजा 5 फरवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

नियमतः डीजीपी अशोक जुनेजा का कार्यकाल जुलाई 2024 में खत्म हो रहा था, लेकिन उनके रिटायरमेंट के ठीक पहले केंद्र सरकार ने उन्हें छह महीने के लिए एक्सटेंशन दे दिया था। डीजीपी के पद पर पूर्ण नियुक्ति से पहले आईपीएस अरुण देव गौतम को जिम्मेदारी सौंपी गई है। नए डीजीपी के नाम पर केंद्र सरकार से मुहर लगने के बाद औपचारिक तौर पर नए डीजीपी की घोषणा की जाएगी।



### अरुण देव गौतम का परिचय

किसान परिवार से ताल्लुकात रखने वाले अरुण देव उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के अभयपुर गांव के रहने वाले है। उनका जन्म 2 जुलाई 1967 को हुआ। वे पांच भाई और एक बहन हैं। उन्होंने आठवीं तक की स्कूली शिक्षा अपने गांव के ही सरकारी स्कूल से की। फिर आगे की पढ़ाई के लिए अपने बड़े भाई के पास प्रयागराज आ गए। राजकीय इंटर कॉलेज इलाहाबाद से दसवीं और बारहवीं पूरी करने के बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय से आर्टस लेकर बीए और फिर राजनीति ➪ शेष पृष्ठ 2 पर ➪

# महाराष्ट्र में जीबी सिंड्रोम के 163 मामले

**मुंबई**, 4 फरवरी (एजेंसियां)। जीबीएस के मामले पुणे में लगातार बढ़ते जा रहे हैं। गिलियन-बैरे सिंड्रोम के पांच नए मामले सामने आने के बाद महाराष्ट्र में कुल मरीजों की संख्या 163 हो गई है।

# मुख्यमंत्री 9 को रायपुर और धमतरी में रोड शो करेंगे

**रायपुर**, 4 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम चुनाव के रण में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 5 फरवरी से उतरने वाले है और इसकी शुरुआत वे कोरबा और रायगढ़ में रोड से से करेंगे।



इसके बाद 6 फरवरी को राजनांदगांव और चिरमिरी, 7 फरवरी को अंबिकापुर और बिलासपुर, 8 फरवरी को दुर्ग और जगदलपुर और प्रचार प्रसार थमने के अंतिम दिन 9 फरवरी को रायपुर और धमतरी में रोड शो करेंगे।

एनआईए की कार्रवाई

# नक्सल मामलों से जुड़े चार गिरफ्तार





**कांकेर**, 4 फरवरी (देशबन्धु)। कांकेर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सभी नक्सल मामलों से जुड़े हुए बताए जा रहे हैं। गिरफ्तार होने वालों में कलमुच्चे से दो, उसेली से एक और आमाबेड़ा से एक शख्स शामिल है। सूत्रों के अनुसार, एनआईए की टीम ने इन लोगों को नक्सल गतिविधियों में संलिप्त होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह पहली बार नहीं है, जब कांकेर इलाके में एनआईए ने दस्तक दी हो; इससे पहले भी एनआईए द्वारा यहां कई बार छापे मारे जा चुके हैं। वर्तमान में, गिरफ्तारी के बाद जांच जारी है, और एनआईए की टीम मामले के सभी पहलुओं की गहराई से जांच कर रही है।

# अमेरिका ने 205 भारतीयों को वापस भेजा

**वॉशिंगटन डीसी**, 4 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से ही दुनिया में उथल-पुथल का माहौल है। व्हाइट हाउस की कमान संभालने के बाद से ही ट्रंप ने कई बड़े फैसले लेने शुरू कर दिए हैं। अमेरिका में रहने वाले 205 भारतीय भी अब ट्रंप के इन्हीं फैसलों का शिकार हुए हैं। उन्हें मिलिट्री के विमान में भरकर भारत वापस भेजा जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अमेरिका में अवैध प्रवासी भारतीयों के एक जत्थे को भारत भेजा गया है। इस जत्थे में 205 भारतीय शामिल हैं। इन सभी की पहचान करने के बाद उन्हें वापस भेजा गया है। 205 भारतीयों को लेकर अमेरिकी सेना के विमान सी-147 ने आज सुबह सैन एंटोनियो से उड़ान भरी थी। अब यह प्लेन पंजाब के अमृतसर में लैंड करेगा। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत और अमेरिका ने करीब 18000 प्रवासियों की पहचान की है, जो अमेरिका में अवैध रूप से घुसे हैं। डोनाल्ड ट्रंप की योजना सभी अवैध प्रवासियों को अमेरिका से बाहर निकालने की है।

# किसी को हमेशा के लिए हिरासत में नहीं रख सकते : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**, 4 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने विदेशी घोषित किए गए लोगों को निर्वासित नहीं करने पर असम सरकार को कड़ी फटकार लगाई। न्यायमूर्ति भुइयां ने पूछा, एक बार जब आप किसी व्यक्ति को विदेशी घोषित कर देते हैं, तो आपको अगला तार्किक कदम उठाना चाहिए। आप उन्हें हमेशा के लिए हिरासत में नहीं रख सकते। असम में कई विदेशी हिरासत केंद्र हैं। आपने कितनों को निर्वासित किया है। इसके बाद पीठ ने असम सरकार को अवैध अप्रवासियों को तुरंत निर्वासित करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार से पूछा कि क्या वह उन 63 विदेशी लोगों को निर्वासित करने के लिए किसी मुहूर्त (शुभ समय) का इंतजार कर रही है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने असम सरकार से राज्य में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को अपडेट करने की प्रक्रिया के दौरान विदेशी घोषित किए गए लोगों को निर्वासित करने को कहा।

■ **अवैध अप्रवासियों को निर्वासित नहीं करने पर असम सरकार को लगाई फटकार**

### तथ्यों को दबा रहा असम

न्यायमूर्ति ओका ने कहा कि असम तथ्यों को दबा रहा है, जिस पर भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जवाब दिया कि उन्होंने सर्वोच्च प्राधिकारी से बात की है और कुछ कमियों के लिए माफी मांगी है। न्यायमूर्ति ओका ने कहा कि हम आपको झूठी गवाही का नोटिस जारी करेंगे। आपको सफाई देनी होगी।

हालांकि राज्य के वकील ने कहा कि छिपाने का कोई इरादा नहीं है। राज्य की इस प्रतिक्रिया को खारिज करते हुए कि उनके देशों में विदेशियों के पते ज्ञात नहीं थे, न्यायमूर्ति ओका ने कहा कि आप उन्हें उनकी देश की राजधानी में निर्वासित कर दें। मान लीजिए कि वह व्यक्ति पाकिस्तान से है, तो आप पाकिस्तान की राजधानी को जानते हैं। उन्हें यह कहकर यहीं हिरासत में नहीं रखें कि उनका विदेशी पता ज्ञात नहीं है। पीठ ने कहा कि विदेशियों को तुरंत निर्वासित किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति ओका ने कहा कि आप उनकी नागरिकता की स्थिति जानते हैं। फिर आप उनका पता ➪ शेष पृष्ठ 2 पर ➪

# हसदेव नदी में कॉलेज के 3 छात्र लापता, डूबने की आशंका

**कोरबा**, 4 फरवरी (देशबन्धु)। हसदेव नदी में कॉलेज के 3 छात्र 24 घंटे से लापता हैं। सोमवार सुबह से लापता इन छात्रों का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। हसदेव नदी किनारे तीनों छात्रों के कपड़े और बाइक मिले है जिससे डूबने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और कपड़ों की पहचान की। इसके बाद पुलिस की मदद से तलाशी अभियान शुरू किया गया।



जानकारी के अनुसार कॉलेज के 3 छात्र सोमवार की सुबह 11 बजे से लापता थे। परिजनों ने स्थानीय पुलिस चौकी में इसकी शिकायत भी दर्ज कराई थी। इसके बाद मंगलवार को हसदेव नदी किनारे तीनों छात्रों के कपड़े और बाइक मिले है जिससे डूबने की आशंका जताई जा रही है। लापता छात्रों की पहचान 18 वर्षीय आशुतोष सोनिकर, 19 वर्षीय बजरंग प्रसाद और 26 वर्षीय सागर चौधरी के रूप में हुई है। आईटीआई कालोनी निवासी आशुतोष सोनिकर आईटीआई कॉलेज व सीएसईबी कालोनी निवासी बजरंग प्रसाद व सागर चौधरी पीजी कॉलेज के छात्र है।

परिजनों के अनुसार तीनों युवक कल सुबह से ही लापता थे। जब उनका कोई अता-पता नहीं चला, तो दर्री थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने उनकी मोबाइल लोकेशन ट्रेस की, जिससे पता चला कि वे आखिरी बार हसदेव नदी के बिंझरा घाट के पास थे। जब पुलिस वहां पहुंची, तो नदी किनारे उनकी बाइक और कपड़े पड़े मिले। यह देखते ही संदेह गहरा गया कि वे नदी में डूब गए होंगे।

पुलिस ने नगर सेना के गोताखोरों की टीम बुलाकर तलाशी अभियान शुरू किया लेकिन समाचार लिखे जाने तक छात्रों का कोई सुराग नहीं मिला। अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू रोक दिया गया है।

# देश के उत्तरी राज्यों में फिर बदला मौसम

**नई दिल्ली**, 4 फरवरी (एजेंसियां)। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के एक्टिव होने से देश के उत्तरी राज्यों में एक बार फिर मौसम बदला है। राजस्थान-उत्तर प्रदेश समेत 9 राज्यों के 20 जिलों में बारिश हुई रही है। वहीं, पूर्वोत्तर के राज्य बंगाल, ओडिशा, असम, सिक्किम में कोहरा छाया है। उत्तर भारत में जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड में बारिश के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश के ऊंचे पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हो रही है। राज्य सरकार ने टूरिस्ट को इन इलाकों में जाने से बचने की सलाह दी है। मैदानी राज्य मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ में तापमान बढ़ने लगा है। यहां अधिकतम तापमान फरवरी की शुरुआत में ही 34 तक पहुंच चुका है। मौसम विभाग का कहना है कि 8 फरवरी से एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होगा, जिससे उत्तरी भारत और मैदानी इलाकों में मौसम एक बार फिर बदलेगा। राजस्थान में में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। इसके प्रभाव से राजधानी जयपुर सहित 13 जिलों में बारिश की चेतावनी जारी की गई है। पूर्वी और उत्तरी राजस्थान में कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है। इसके बाद तापमान में गिरावट आ सकती है। राज्य में दिन का अधिकतम पारा लगभग 28 डिग्री को छू गया है।

# खुलेआम शहरी नक्सलियों की भाषा बोल रहे कुछ लोग

## संसद में मोदी ने विपक्ष पर बोला हमला

**नई दिल्ली**, 4 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब दिया। मोदी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज कुछ लोग खुलेआम शहरी नक्सलियों की भाषा बोल रहे हैं, भारतीय राज्य को चुनौती दे रहे हैं और उसके खिलाफ लड़ाई का ऐलान कर रहे हैं। यह भाषा बोलने वाले न तो संविधान को समझते हैं और न ही देश की एकता को। सात दशकों तक जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित रखा गया। यह न केवल संविधान के साथ, बल्कि इन क्षेत्रों के लोगों के साथ भी अन्याय था। हम संविधान की भावना से जीते हैं, और इसलिए हम मजबूत निर्णय लेते हैं। हमारा संविधान भेदभाव का अधिकार नहीं देता। जो लोग संविधान को अपनी जेब में रखकर जीते हैं, उन्हें नहीं पता कि आपने मुस्लिम महिलाओं को किस तरह की कठिनाइयों में रहने के लिए मजबूर किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व नेतृत्व की आलोचना करने के लिए टीओआई में छपे आर.के. लक्ष्मण के एक प्रसिद्ध कार्टून का उदाहरण दिया। इस कार्टून में 21वीं सदी की महत्वाकांक्षाओं को दर्शाने वाला एक हवाई जहाज लकड़ी की गाड़ी पर रखा दिखाया गया था, जिसे मजदूर धकेल रहे थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस कार्टून का जिक्र करते हुए कहा कि यह दिखाता है कि पिछली सरकारें वास्तविकता से कितनी दूर थीं। एनडीए सांसदों ने इस पर हंसी और विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। प्रधानमंत्री के बयान पर कांग्रेस नेताओं ने मोदी पर इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करने और वर्तमान चुनौतियों से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। विपक्ष का कहना था कि सरकार को जनता के मौजूदा मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए न कि अतीत की बहस को फिर से छेड़ना चाहिए।

अमल | गुजरात में भी यूसीसी लागू करने की तैयारी

# मसौदा तैयार करने पांच सदस्यीय समिति गठित

**गांधीनगर**, 4 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तराखंड के बाद अब गुजरात में भी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की तैयारी शुरू कर दी गई है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने और कानून बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है।

*समिति 45 दिनों में राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी, जिसके आधार पर सरकार निर्णय लेगी। गुजरात के मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि भारत का संविधान नागरिकों के कर्तव्यों को पूरा करने के लिए है। पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस साल हम संविधान के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। उनका लक्ष्य पूरे देश में समान नागरिक संहिता लागू करना है, ताकि सभी को समान अधिकार मिलें। अनुच्छेद 370 को खत्म करने और तीन तलाक पर रोक लगाने का हवाला देते हुए सीएम पटेल ने कहा कि अनुच्छेद 370 को खत्म करने, एक राष्ट्र एक चुनाव और तीन तलाक को लेकर किए गए वादे पूरे किए जा रहे हैं। इसी दिशा में गुजरात पीएम मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए लगातार काम कर रहा है। सरकार सभी के लिए समान अधिकार और अवसर सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि रिपोर्ट तैयार करने में सभी पहलुओं पर विचार किया जाएगा। समान नागरिक संहिता संविधान की वह भावना है जो समरसता और समानता स्थापित करेगी। गुजरात के सभी नागरिकों को समान अधिकार मिले, इसके लिए गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने यूसीसी समिति का गठन किया है। इसकी अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रंजना देसाई करेंगी। सेवानिवृत्त वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सीएल मीना, अधिवक्ता आरसी कोडेकर, पूर्व कुलपति दक्षेश ठाकर और सामाजिक कार्यकर्ता गीता श्रॉफ भी इस समिति में शामिल हैं।*

# छत्तीसगढ़ को रेल सुविधाओं के लिए ऐतिहासिक बजट आवंटन विकसित भारत निर्माण के संकल्प का परिचायक-तोखन

## केंद्रीय राज्यमंत्री ने बताया विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में मील का पत्थर, पीएम मोदी के प्रति जताया आभार

**बिलासपुर**, 4 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ को केंद्रीय बजट 2025-26 में रेलवे बुनियादी ढांचे और यात्री सुविधाओं के लिए 6,925 करोड़ का ऐतिहासिक बजट आवंटन मिला है, जो 2009-14 के औसत वार्षिक बजट 311 करोड़ से 22 गुना अधिक है। इस भारी भरकम बजट आवंटन को केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन ने विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में मील का पत्थर बताए हुए इसे विकसित भारत निर्माण के संकल्प के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता का परिचायक बताया है। बजट को लेकर राज्यमंत्री तोखन ने प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के रेलवे बुनियादी ढांचे के लिए ये एक ऐतिहासिक क्षण है। यह प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत निर्माण के संकल्प की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे बिलासपुर जोन समेत पूरे प्रदेश के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। बजट आवंटन छत्तीसगढ़ के रेलवे बुनियादी ढांचे को बदलने जा रहा है, जिससे कनेक्टिविटी में सुधार, यात्री सुविधा बढ़ेगी और राज्य में आर्थिक विकास को बल मिलेगा।

**रेलवे नेटवर्क में ऐतिहासिक वृद्धि**

छत्तीसगढ़ में रेलवे बुनियादी ढांचे का तेजी से विस्तार हुआ है- नए ट्रैक निर्माण- 2014 से अब तक 1,125 किमी नए ट्रैक बिछाए गए, जो यूएई के कुल रेल नेटवर्क से अधिक है। चल रही परियोजनाएँ- 2,768 किमी लंबाई की 26 नई रेल परियोजनाएँ 38,378 करोड़ की लागत से स्वीकृत। इसमें सर्देगा-भालुमुंडा नई डबल लाइन परियोजना (?1,360 करोड़) भी शामिल है।



विद्युतीकरण-राज्य में 100 प्रतिशत रेलवे विद्युतीकरण पूरा हो चुका है, 2014 से 350 किमी विद्युतीकरण किया गया है।

छत्तीसगढ़ का रेलवे विकास

वार्षिक रेलवे बजट आवंटन में कांग्रेस शासनकाल के मुकाबले 22 गुना वृद्धि, 311 करोड़ (2009-14) से बढ़कर 6,925 करोड़ (2025-26) 22 गुना वृद्धि। नए ट्रैक प्रति वर्ष 6 किमी (2009-14) से बढ़कर 102 किमी (2014-25) 17 गुना वृद्धि।विद्युतीकरण- 2014 से पहले 0 किमी, अब 100 प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा।

यात्री सुविधाओं और स्टेशन पुनर्विकास में बड़ा सुधार

1,672 करोड़ की लागत से 32 स्टेशनों को अमृत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किया जा रहा है। प्रमुख स्टेशन जो विकसित किए जा रहे हैं-रायपुर (463 करोड़) एमएमटीएच बिल्डिंग का फाउंडेशन कार्य प्रगति पर। दुर्ग (?456 करोड़)- पुरानी इमारतों को हटाने और उपयोगिता स्थानांतरण कार्य जारी। बिलासपुर (435 करोड़) बैरिकेडिंग और पेड़ काटने की स्वीकृति प्रक्रिया में।

**यात्री सुविधाओं में सुधार**

20 लिफ्ट प्रमुख स्टेशनों पर लगाई गईं। 8 एस्केलेटर यात्रियों की सुविधा के लिए जोड़े गए। 119 स्टेशनों पर वाई-फाई सुविधा उपलब्ध। 2 वंदे भारत ट्रेनें चालू, 5 जिलों में 6 अनूठे स्टॉपेज के साथ सेवा में।

**सुरक्षा एवं आधुनिकीकरण प्रयास**

148 रेल फ्लाईओवर और अंडर-ब्रिज 2014 से बनाए गए, जिससे भीड़भाड़ कम हुई और सुरक्षा में सुधार हुआ।

कवच सुरक्षा प्रणाली 1,105 रूट किमी में लागू, 365 किमी पर कार्य जारी।

# एक साल की भाजपा सरकार सभी वर्ग त्रस्त है- दीपक बैज



**तखतपुर** 04 फरवरी (देशबन्धु)। भाजपा की सरकार से सभी त्रस्त है व्यापार चौपट हो चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा का काम नही चल रहा है शहरी क्षेत्र में किसी भी तरह का विकास कार्य नही चल रहा है। जनता महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है। भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति मजबूत है युवा और महिलाएं बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे है। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने धोखा देकर जनादेश प्राप्त किया है अब प्रदेश की जनता भली भांति समझ गई है और नगरीय निकाय चुनाव में जनता इन धोखे बाजों का सबक सिखाऐगी। उक्त बातें आज तखतपुर पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने जनसंपर्क के दौरान नगर के होलिका चौक में कहीं। पूर्व संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि सिंह ने कहा कि भाजपा जो कहती है उसके विपरीत करती है आज तखतपुर की जनता बिजली बिल से परेशान है। नगर के व्यापारी भयभीत है महिलाओं को महतारी वंदन के नाम से धमकाया जा रहा है। जनता अब समझ चुकी है और कांग्रेस के पक्ष में मतदान करेगी। इस अवसर पर जगजीत सिंह मक्कड़, जितेंद्र पाण्डेय, सुरेंद्र कौर मक्कड़, शिवबालक कौशिक, हरविंदर हूरा, सुरेश ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# निर्वाचन की सभी तैयारियों को दें अंतिम रूप-गोयल

### गर्मियों में पेयजल आपूर्ति को लेकर जरूरी व्यवस्थाओं के दिए निर्देश

### कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक लेकर निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा की



**रायगढ़**, 4 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्वाचन कार्यों की तैयारी के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि निर्वाचन कार्यों के अंतर्गत सभी अधिकारी-कर्मचारी उनको दिए गए दायित्वों का निर्वहन पूरी सजगता से करेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान दलों के प्रशिक्षण के साथ ही अब ईवीएम के रेंडमाइजेशन का काम पूरा किया जाएगा। जिसके पश्चात मशीनों की कमीशनिंग का कार्य निर्धारित गाइडलाइन और समयावधि में पूरा करना है। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ली जाए।

कलेक्टर श्री गोयल ने ईवीएम मशीनों के डेमो प्रदर्शन जिले के सभी नगरीय निकायों के वार्डों में तय शेड्यूल के अनुसार पूरा करें। इससे लोगों को ईवीएम से मतदान के पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी मिलेगी। उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों से कहा कि अपने क्षेत्र के अंतर्गत मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सभी बुनियादी सुविधाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करवा लें। कलेक्टर श्री गोयल ने मतदान सामग्री वितरण की तैयारियों के साथ ही सभी नगरीय में स्ट्रांग रूम में जरूरी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्री गोयल ने आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति के लिए अनिवार्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिससे लोगों को पेयजल के लिए समस्या न हो।

बर्ड फ्लू को लेकर बरतें एहतियात

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि बीते दिनों बर्ड फ्लू का मामला रायगढ़ में आया। इसको लेकर भारत सरकार के प्रोटोकॉल के अनुसार एहतियाती कदम उठाए गए हैं। %इंफेक्टेड और सर्विलांस' जोन बनाकर दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से

# 24 कुण्डी गायत्रीयज्ञ में लिये नशा मुक्ति का संकल्प



**तखतपुर** 04 फरवरी (देशबन्धु)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 24 कुंडी यज्ञ के तीसरे दिन आज प्रात: यज्ञ एवं विद्या आरंभ संस्कार मुंडन संस्कार पुषवन संस्कार, नामकरण संस्कार आदर्श विवाह संस्कार के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ भगवान को आजा समर्पित थी। शाम 6 बजे से रात 9 तक गीत संगीत के साथ दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया।

जिसमें सभी से संकल्प के माध्यम से नशा मुक्त जीवन पवित्र जीवन शिक्षा स्वास्थ्य पर्यावरण सुधार के लिए प्रयास करने वाला जीवन संकल्प कराया गया बड़ी संख्या में लोगों ने नशा मुक्ति जीवन हेतु संकल्प लिया 1008 दीपक प्रज्वलित किए गए और उनके समक्ष संकल्प लिया गया यज्ञ भगवान को महाकाल को आहुति सबके उज्जवल भविष्य के लिए शांतिकुंज टोली नायक प्रमोद वरचे ने दिलाया। नारायण प्रसाद पाली प्रवक्ता गायत्री परिवार बिलासपुर ने बताया कि आज के संपूर्ण कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ बिलासपुर के प्रबंध ट्रस्टी हेमराज वैश्य, जिला समन्वय श्रीमती पटनवार, साधु राम कौशिक ब्लॉक समन्वयक प्रज्ञा पीठचांटीडीह बिलासपुर से लखन सिंह राजपूत, मेवा लाल महादेव, लीडरी, नलिनी कश्यप, श्रीकांत मिश्रा सोन साय साहू, सुखदेव कौशिक, सकरी, स्थानीय यज्ञ समिति के राजाराम दुबे सीताराम श्रीवास बांके बिहारी दुबे नर्मदा प्रसाद रजक लक्ष्मी प्रसाद श्रीवास संदीप यादव मानसी ज्योति श्रीवास ममता श्रीवास, रामकुमार श्रीवास, लखन लाल श्रीवास, श्रीमती रीना ठाकुर, सुश्री प्रमिला कौशिक, श्रीमती मीरा पाली, श्रीमती पूजा पाली ,एवं श्रीमती तारा देवी महोबिया ब्रजराज महोदय रामकुमार देवांगन एवं परिजन का बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

## करोड़ों के घोटाले में ...

के खिलाफ भी अपराध दर्ज किया है। एफआईआर में स्वास्थ्य संचालक और सीजीएमएससी की एमडी पर गंभीर टिप्पणी की गई है। इस एफआईआर के बाद यह माना जा रहा है कि जांच की जद में कई आला अफसर आ सकते हैं। चर्चा है कि इस घोटाले में शामिल रहे लोगों की जल्द गिरफ्तारियां होंगी। ईओडब्ल्यू की शुरुआती जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि अफसरों की मिलीभगत से सरकार को अरबों रुपए की चपत लगाई गई।

## अरुण देव गौतम होंगे ...

**शास्त्र में एमए किया-जेएनयू से किया एमफिल**

इलाहाबाद में पोस्ट ग्रेजुएशन करने के दौरान उनके कई दोस्तों ने यूपीएससी क्लियर कर लिया। इसको देखते गौतम ने ठान लिया कि वे भी देश की सबसे बड़ी इस प्रतियोगी परीक्षा पास करेंगे। मन में संकल्प लेकर वे जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी नई दिल्ली दाखिला ले लिया। वहां से उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कानून में एमफिल की डिग्री हासिल की। इसके बाद पीएचडी करना प्रारंभ किया। यूपीएससी परीक्षा में पहली बार असफल रहने के बाद अरुण देव गौतम ने ध्येय की प्राप्ति के लिए पढ़ाई में सब कुछ झोंक दिया। और दूसरी बार मे आईपीएस सलेक्ट हो गए

**सात जिलों के रहे एसपी**

अरुण देव गौतम यूपीएससी निकालकर 1992 बैच के आईपीएस बने। 12 अक्टूबर 1992 को उन्होंने आईपीएस की सर्विस ज्वाइन की। उन्हें पहले मध्यप्रदेश कैडर एलॉट हुआ था। प्रशिक्षु आईपीएस के तौर पर उनकी जबलपुर में पोस्टिंग हुई। फिर वे बिलासपुर के सीएसपी बने। बिलासपुर के बाद एसडीओपी कवर्धा और फिर एडिशनल एसपी भोपाल बने। मध्य प्रदेश पुलिस की 23वीं बटालियन के कमांडेंट भी रहे। एसपी के रूप में पहला जिला उनका राजगढ़ रहा।

## किसी को हमेशा के लिए...

मिलने तक कैसे इंतज़ार कर सकते हैं। यह दूसरे देश को तय करना है कि उन्हें कहां जाना चाहिए। उन्होंने असम से यह भी पूछा कि उसने प्रक्रिया को पूरा करने में मदद मांगने के लिए विदेश मंत्रालय को एक प्रस्ताव क्यों नहीं सौंपा।

**25 फरवरी को होगी अगली सुनवाई**

शीर्ष अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 25 फरवरी की तारीख मुकर्रर की है। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि हम असम को इस आदेश के अनुपालन की रिपोर्ट करते हुए एक उचित हलफनामा दाखिल करने का निर्देश देते हैं। यदि राज्य सरकार को पता चलता है कि राष्ट्रीयता सत्यापन फॉर्म दो महीने पहले भेजे गए हैं, तो राज्य तुरंत विदेश मंत्रालय को एक याद दिलाने वाला पत्र जारी करेगा। जैसे ही विदेश मंत्रालय को ये पत्र प्राप्त होगा, मंत्रालय राष्ट्रीयता स्थिति सत्यापन के आधार पर प्रभावी कार्रवाई करेगा।

# बर्ड फ्लू नियंत्रण निर्देशों के उल्लंघन पर 8 होटलों पर 65 हजार का लगाया जुर्माना

### सभी होटल संचालकों को गाइडलाइंस के अनिवार्य पालन के दिए गए दिशा-निर्देश

### चक्रधर नगर पोल्ट्री फार्म में कार्यरत सभी अधिकारी-कर्मचारियों के संक्रमण वायरल टेस्ट का रिजल्ट आया नेगेटिव



**रायगढ़**, 4 फरवरी 2025/ बर्ड फ्लू नियंत्रण के तहत जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के तहत नगर निगम क्षेत्र में जांच दल द्वारा पोल्ट्री पदार्थों के विक्रय और उपयोग के संबंध में पोल्ट्री मार्केट और होटलों की औचक जांच की गई। चक्रधर नगर पोल्ट्री फार्म में कार्यरत सभी अधिकारी-कर्मचारियों के संक्रमण वायरल टेस्ट कराया गया। जिसका रिजल्ट नेगेटिव आया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा %इंफेक्टेड जोन% में डोर टू डोर संपर्क कर लोगों को सर्दी बुखार की स्थिति में तत्काल उपचार लेने की सलाह दी।

नगर निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बताया कि शहर में आमंत्रण होटल, जानकी होटल, पंजाब होटल सहित 8 होटलों में औचक जांच में यहां चिकन पकाते पाया गया। इस पर इन होटलों पर कुल 65 हजार का जुर्माना लगाया गया और चिकन पकाने को बंद कराते हुए सभी होटल प्रबंधन को बर्ड फ्लू के लिए जारी दिशा-निर्देशों के अनिवार्य रूप से पालन करने की समझाईश दी गई। इसके साथ ही पोल्ट्री मार्केट की भी लगातार जांच जारी है।

बर्ड फ्लू नियंत्रण प्रोटोकॉल के तहत पोल्ट्री फार्म में कार्यरत सभी अधिकारी-कर्मचारियों के सैंपल लिए गए थे। जो संक्रमण वायरल टेस्ट निगेटिव पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा %इंफेक्टेड जोन% में लोगों के स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग की जा रही है। इस क्षेत्र में डोर टू डोर सर्वे कर लोगों स्वास्थ्य के लिहाज से जरूरी दिशा-निर्देश बताते हुए सर्दी बुखार की दशा में तत्काल उपचार लेने की सलाह दी गई है।

## निधन

### श्रीमती सतपाल कौर भाटिया



**बिलासपुर**। प्रसिद्ध उद्योगपति अमोलक सिंह भाटिया की धर्म पत्नी श्रीमती सतपाल कौर भाटिया का स्वर्गारोहण मुम्बई स्थित कोकिलाबेन हॉस्पिटल में सोमवार देर रात हो गया है। ये पिछले एक माह से अस्वस्थ चल रही थी। अंतिम स्वांस कोकिलाबेन हॉस्पिटल मुम्बई में ली। वे स्व सुरजीत सिंह भाटिया, महेंद्र सिंह भाटिया की बहु थी और गुरमीत सिंह भाटिया और इन्द्रपाल सिंह भाटिया की भाभी , गुरविंदर भाटिया, सोना भाटिया, बबलू भाटिया परमवीर भाटिया जी की माताजी थी। उनका अंतिम संस्कार कल बुधवार को सुबह मधुबन मुक्तिधाम दयालबंद में किया जाएगा ।

# महाकुम्भ में श्री श्री तत्त्व द्वारा 250 टन खाद्य सामग्री का वितरण

**बिलासपुर**। महाकुंभ मेला जो भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का एक महान केंद्र है, इस बार एक विशेष आयोजन के साथ और भी खास बन गया। आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा आयोजित मेडिटेट विद गुरुदेव फॉम महाकुंभ कार्यक्रम ने महाकुंभ नगरी के अद्भुत वातावरण में एक नई ऊर्जा का संचार किया है।

मंगलवार रात 8 बजे महाकुंभ की पवित्र भूमि से गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर ने दुनिया भर के लाखों लोगों को लाइव निर्देशित ध्यान कराया। यह कार्यक्रम आर्ट ऑफ लिविंग के नि:शुल्क आधिकारिक ध्यान ऐप सत्त्व और गुरुदेव के यूट्यूब चैनल पर प्रसारित किया गया जिससे 180 देशों से भक्त और साधक जुड़े। गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के मार्गदर्शन में इस आयोजन ने एक आध्यात्मिक संजीवनी प्रदान की। गुरुदेव ने इस अवसर पर ध्यान और साधना के माध्यम से मानवता को एकता, शांति और करुणा का संदेश दिया। गुरुदेव ने कहा, कुंभ पर्व का सार है अपने भीतर की पूर्णता को जानना और वह केवल तभी हो सकता है जब ज्ञान, भक्ति और कर्म एक साथ हों। यहां जो गंगा बह रही है वह जान का प्रतीक है, यमुना भक्ति का प्रतीक है और सरस्वती जो अदृश्य है, वह कर्म का प्रतीक है। मंगलवार की सुबह गुरुदेव फिर से एक बार संगम तट पर पवित्र त्रिवेणी स्नान करने पहुँचे जिसके बाद उन्होंने प्रयागराज के प्रसिद्ध बड़े हनुमान जी के दर्शन भी किये।



अचला सप्तमी के अवसर पर गुरुदेव के सान्निध्य में आर्ट ऑफ लिविंग कैंप में रूद्र पूजा और सूर्य सूक्त होम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षकों ने भी गुरुदेव से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया। सोमवार की सत्संग संध्या पर जूना अखाड़े के नागा साधू-संतों सहित कई अन्य गणमान्य लोगों ने गुरुदेव से मुलाकात की। महाकुंभ मेले में गुरुदेव की ओर से कई विशेष आयोजन किए गए हैं, जिनमें श्रद्धालुओं के लिए लगातार खाने-पीने की व्यवस्था, आयुर्वेदिक दवाइयों और नि:शुल्क नाड़ी परीक्षण जैसी सेवाएं दी जा रही हैं। आर्ट ऑफ लिविंग कैंप में कुम्भ में स्नान के लिए आने वाले लगभग 25 से 30 हजार श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन 2 बार एक टन खिचड़ी तैयार की जा रही है। इसके अलावा श्री श्री तत्त्व के 8 अनुभवी नाड़ी वैद्य, प्रतिदिन 500 श्रद्धालुओं को नि:शुल्क नाड़ी परीक्षण परामर्श भी दे रहे हैं। महाकुंभ के अखाड़ों और कल्पवासी क्षेत्रों में लाखों साधु संतों और तीर्थयात्रियों के लिए श्री श्री तत्त्व के माध्यम से 250 टन खाद्य सामग्री का वितरण भी किया जा रहा है, जिसमें घी, मसाले, दालें और बिस्किट शामिल हैं।

# जुआ खेलते 4 गिरफ्तार

**तखतपुर** 04 फरवरी (देशबन्धु)। ग्राम बीजा में फड़ लगाकर जुआ खेल रहे चार आरोपी से 5480 रूपए जप्त कर कार्यवाही की। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बीजा में जुआ खेल रहे नरेश सिंह ठाकुर उम्र 28 वर्ष, जितेंद्र कुमार बघेल उम्र 45 वर्ष, धीरेंद्र तिवारी उम्र 38 वर्ष, हेमलाल बघेल उम्र 40 वर्ष, रमेश कुमार खुटेल उम्र 55 वर्ष को पुलिस ने बीजा में नहर किनारे जुआ खेल रहे जुआरीयों से पुलिस ने 5480 रूपए जप्त किया।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बीपी-4, टेक्नोपोलिस बिल्डिंग, चतुर्थ तल, सेक्टर-5, साल्ट लेक सिटी, कोलकाता, पश्चिम बंगाल -700091
सीआईएन : L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा आईसीआईसीआई बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधा(ओं) के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है। ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, जोकि तामील नहीं की जा सकी और इसलिए उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रवर्तित की जाने वाली प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन | प्रेषित सूचना की तिथि/ सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रवीण कुमार बार्डे/माधुरी सांडा/पंकज कुमार बार्डे/प्रमोद कुमार बार्डे/अमित कुमार बार्डे/रवीन्द्र सांडा गारंटर/विनोबा नगर, गायत्री मंदिर चौक, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़, बिलासपुर-495001/ LBBSR00001574897 | आरई. एसए. नंबर 202, पी.एच. नंबर 110, आर.एन.एम. बिलासपुर, मौजा जूना बिलासपुर, ब्लॉक बिल्हा, तहसील एवं जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (क्षेत्रफल परिमाप 1500 वर्ग फीट) | 27-11-2024 रू. 6,41,685.88/- | 29-09-2024 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जहां कहीं लागू है) को बकाया राशि का भुगतान धारा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 05-02-2025
सीन : बिलासपुर

भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, NAVAL KUMAR S/O JANGURAM DEWANGAN resident of 476, LINE PARA WARD NO. 02, CHHURI KALAN, CHHURRIKALAN, KORBA (C.G.) 495450 have changed my old name NAVAL KUMAR S/O JANGURAM DEWANGAN so in future I should be recognized by my new name that is NAVAL KUMAR DEWANGAN S/O JANGURAM DEWANGAN in all Government and other documents.

NAVAL KUMAR DEWANGAN
476, LINE PARA
WARD NO. 02, CHHURI
KALAN, CHHURRIKALAN,
KORBA (C.G.) 495450

# देश

**उवाच**

"मुझे केजरीवाल के बयान के बारे में ज्यादा कुछ नहीं मालूम है, लेकिन मैं इतना ही कहूंगा कि चुनाव आयोग की छवि धूमिल हो रही है। लोगों का अब चुनाव आयोग से विश्वास खत्म हो रहा है: **राजीव शुक्ला, सांसद कांग्रेस**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 26` | 12.8 |
| मुंबई | 31.7 | 17.6 |
| कोलकाता | 28.8 | 16.2 |
| चेन्नई | 33.6 | 2.6 |

### अखिलेश यादव ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपनी बात रखी, कहा

## महाकुंभ भगदड़ में मौत का आंकड़ा छिपा रही सरकार

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने महाकुंभ भदगड़ का जिक्र करते हुए महाकुंभ की व्यवस्थाओं के बारे में स्पष्टीकरण देने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की। अखिलेश यादव ने लोकसभा में कहा, 'महाकुंभ में हमारे अपने लोग मारे गए हैं, लेकिन सरकार सही आंकड़ा नहीं बता रही है। उन्होंने कहा कि कुंभ पहली बार नहीं हो रहा, बल्कि कुंभ का आयोजन सदियों से चला आ रहा है। इस सरकार ने कहा था कि हमने 100 करोड़ लोगों के आने का इंतजाम किया है। लेकिन ये व्यवस्था देने में असफल रहे।' अखिलेश ने महाकुंभ भगदड़ का जिक्र करते हुए आगे कहा, सरकार लगातार बजट के आंकड़े दे रही है। लेकिन इन आंकड़ों को देने के पहले उसे महाकुंभ में मरने वालों के आंकड़े भी देना चाहिए। मैं मांग करता हूं कि महाकुंभ की व्यवस्था के बारे में स्पष्टीकरण देने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए। महाकुंभ आपदा प्रबंधन और खोया-पाया केंद्र की जिम्मेदारी सेना को दी जाए। महाकुंभ हादसे में हुई मौतों, घायलों के इलाज, दवाइयों, डॉक्टरों, भोजन, पानी, परिवहन की उपलब्धता के आंकड़े संसद में पेश किए जाएं। महाकुंभ त्रासदी के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई हो और सच्चाई छिपाने वालों को सजा मिले। हम डबल इंजन सरकार से पूछते हैं कि अगर कोई दोष नहीं था, तो आंकड़े क्यों दबाए गए, छिपाए गए और मिटाए गए?

**महाकुंभ भगदड़ पर सर्वदलीय बैठक बुलाने का किया अह्वान**



सरकार लगातार बजट के आंकड़े दे रही है। लेकिन इन आंकड़ों को देने के पहले उसे महाकुंभ में मरने वालों के आंकड़े भी देना चाहिए। मैं मांग करता हूं कि महाकुंभ की व्यवस्था के बारे में स्पष्टीकरण देने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए: **अखिलेश यादव**

उन्होंने आगे कहा, 'जब पता चला कि कुछ लोगों की जान चली गई है, उनके शव शवगृह और अस्पताल में पड़े हैं, इसके बावजूद सरकार ने सरकारी हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की। यह कैसी सनातनी परंपरा है? भगवान जानें कितने चप्पल, कपड़े और साड़ियां पड़ी थीं और उन सबको जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर ट्रॉली से उठवाया गया। कोई नहीं जानता कि उन्हें कहां फेंका गया। सपा नेता ने कहा कि कुछ दबाव और कुछ मीठा भी दिया जा रहा है, ताकि उनकी खबर बाहर न आए।'

**महाकुंभ भदगड़ पर उत्तर प्रदेश के सीएम ने शोक प्रकट नहीं किया: अखिलेश**

अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि महाकुंभ भदगड़ पर उत्तर प्रदेश के सीएम ने शोक प्रकट नहीं किया था। जब देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने शोक प्रकट किया, तो उसके 17 घंटे के बाद यूपी सरकार ने घटना को स्वीकार किया। ये वो लोग हैं, जो आज भी सच्चाई को स्वीकार नहीं कर सकते। लोकसभा में अपने संबोधन के बाद अखिलेश यादव ने मीडिया से भी बातचीत की। उन्होंने कहा, 'सरकार ने कहा कि डिजिटल महाकुंभ में सीसीटीवी लगाए गए और सुनने में तो ये आ रहा है कि कैमरे में जो टेक्नोलॉजी थी, वो एआई पर आधारित थी। अगर हम उस पर भी सवाल न पूछें, तो भी सरकार को सब पता होगा।'

## सपा सांसद राम गोपाल यादव ने चुनाव आयोग को बताया 'धृतराष्ट्र'

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सपा सांसद राम गोपाल यादव के बयान के बाद सियासत तेज हो गई है। सपा सांसद ने मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर वोटिंग से पहले चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सपा सांसद राम गोपाल यादव ने कहा, 'जब चुनाव आयोग ने 3 फरवरी को अखिलेश यादव को बैठक करने की अनुमति नहीं दी और गलत समन्वय अधिकारी नियुक्त किए, तो उसने सारी हदें पार कर दीं। चुनाव आयोग पूरी तरह से 'धृतराष्ट्र' बन गया है।'

## भाजपा, आम आदमी पार्टी दोनों करते हैं महिलाओं का अपमान, वायरल वीडियो दिखाया : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कहा है कि सबकी सुरक्षा की बात कर दिल्ली के लोगों से वोट मांगकर सत्ता में आने की गुहार लगाने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) पूरी तरह से महिला विरोधी है तथा इन दोनों दलों के नेताओं ने महिलाओं को अपमानित करने में कभी संकोच नहीं किया और महिलाओं को प्रताड़ित करने का उनका सिलसिला बंद नहीं हुआ है।

महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लम्बा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सुबह से आज एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दिल्ली के मोती नगर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना के पुत्र तथा भाजपा उम्मीदवार हरीश खुराना अपनी ही पार्टी की सांसद बांसुरी स्वराज सहित महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं। इस वीडियो में वह महिलाओं के लिए सिर्फ अभद्र भाषा का इस्तेमाल ही नहीं कर रहे हैं बल्कि महिलाओं के यौन शोषण से टिकट मिलने जैसी आपत्तिजनक बात कर रहे हैं।

सुश्री लाम्बा ने कहा 'हरीश खुराना ने महिलाओं के यौन शोषण को लेकर जो बात कही है यह बेहद शर्मनाक है। भाजपा राजनाति को किस स्तर पर ले आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा जैसे तमाम बड़े नेताओं ने हरीश खुराना के लिए प्रचार किया है। इन सभी को इस वीडियो पर सफाई देनी चाहिए। ये पहली बार नहीं है जब भाजपा महिलाओं को अपमानित कर रही है। कालकाजी से भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी के बयान लगातार महिला विरोधी रहे हैं। भाजपा विधायक ओपी शर्मा भी महिलाओं को अपशब्द कहने के लिए निलंबित हो गए थे।'



सुबह से आज एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दिल्ली के मोती नगर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना के पुत्र तथा भाजपा उम्मीदवार हरीश खुराना अपनी ही पार्टी की सांसद बांसुरी स्वराज सहित महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं: **अलका लम्बा, अध्यक्ष महिला कांग्रेस**

उन्होंने कहा 'भाजपा दिल्ली में चुनाव हारने जा रही है। इनका 'चाल-चरित्र-चेहरा' पूरी दिल्ली के सामने है। ये लोग सिर्फ सत्ता-धन-बल का इस्तेमाल कर चुनाव जीतना चाहते हैं। आम आदमी पार्टी तथा भाजपा में महिलाओं का अपमान आम बात है। आप की सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हिंसा और दुर्व्यवहार किया गया, दिल्ली की महिला मुख्यमंत्री आतिशी जी का अरविंद केजरीवाल टेंपरेरी कहकर अपमान करते हैं, बांसुरी स्वराज जी को लेकर भाजपा के ही नेता अपशब्द कहते हैं। यही भाजपा और आप का 'चाल, चरित्र,चेहरा और भाषा है।'

कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा में फूट है और उसके नेता एक दूसरे को खुलेआम भला बुरा कहते हैं, गालियां देते हैं और इस स्थिति को देखकर साफ हो गया है कि भाजपा दिल्ली में हार रही है। आप महिलाओं का कितना सम्मान करती है इसका उदाहरण पार्टी सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुई हिंसा और दुर्व्यवहार तथा मुख्यमंत्री आतिशी को टेंपरेरी कहकर अपमानित करने वाला पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का बयान है।

### सार संक्षेप

## तेलंगाना कैबिनेट ने एकीकृत जाति सर्वेक्षण और एससी वर्गीकरण रिपोर्ट को दी मंजूरी

**हैदराबाद।** तेलंगाना कैबिनेट ने एकीकृत जाति सर्वेक्षण और अनुसूचित जाति (एससी) वर्गीकरण रिपोर्ट को मंगलवार को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। यह बैठक विधानसभा हॉल में आयोजित की गई थी और लगभग दो घंटे तक चली। दोनों रिपोर्टें आज दोपहर तेलंगाना विधानसभा और विधान परिषद में पेश की जाएंगी और संभवतः दोनों सदनों द्वारा चर्चा के बाद उन्हें मंजूरी दे दी जाएगी। इससे पहले, रविवार को योजना आयोग के अधिकारियों ने तेलंगाना में 5 दिनों का जाति जनगणना सर्वेक्षण के पूरा होने के बाद कैबिनेट उप-समिति को जाति जनगणना रिपोर्ट सौंपी थी। इस रिपोर्ट में तेलंगाना में विभिन्न जातियों की जनसंख्या और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। इसके अलावा, सोमवार को तेलंगाना कैबिनेट उप-समिति ने एससी वर्गीकरण पर एक रिपोर्ट प्राप्त की, जिसकी अध्यक्षता सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने की थी।

## किसानों की आय बढ़ाना पीएम मोदी की प्राथमिकता : शिवराज

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र की कार्यवाही चौथे दिन भी जारी है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान नारियल के उत्पादन का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की नीति के कारण नारियल के उत्पादन में आज भारत नंबर एक बना है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में कहा, 'मैं सांसद पार्थ सारथी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने नारियल से संबंधित प्रश्न पूछा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता किसानों की आय बढ़ाना है। मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि आज भारत नारियल उत्पादन में पीएम मोदी की नीति के कारण दुनिया में नंबर एक बना है।'

## हम अपने धार्मिक स्थलों पर हस्तक्षेप नहीं करने देंगे : जियाउर रहमान बर्क

**नई दिल्ली।** सपा सांसद जियाउर रहमान बर्क ने वक्फ संशोधन बिल 224 को लेकर केंद्र सरकार पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा है कि इस बिल से मुस्लिम धार्मिक स्थलों पर हस्तक्षेप करने का प्रयास किया जाएगा, लेकिन हम किसी भी कीमत पर अपने धार्मिक स्थलों पर हस्तक्षेप नहीं करने देंगे। अगर जरूरत पड़ेगी तो देश की अदालतों में न्याय की गुहार लगाएंगे। दरअसल, एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बजट सेशन के दौरान सदन में वक्फ बोर्ड को लेकर केंद्र सरकार को चेतावनी दी थी।

## जो गरीबों की झोपड़ियों में फोटो सेशन कराते हैं, उन्हें संसद में गरीबों की बात बोरिंग ही लगेगी : पीएम मोदी

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दिया। इस दौरान पीएम मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को 'बोरिंग' बताने वाले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर तंज कसा।

उन्होंने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कटाक्ष करते हुए कहा कि जो लोग अपने मनोरंजन के लिए गरीबों की झोपड़ियों में फोटो सेशन कराते हैं, उन्हें संसद में गरीबों की बात बोरिंग ही लगेगी। उन्होंने कहा कि हमने गरीब को झूठे नारे नहीं, सच्चा विकास दिया है। गरीब का दुख, सामान्य मानवी की तकलीफ, मीडिल क्लास के सपने ऐसे ही नहीं समझे जाते हैं, इसके लिए जज्बा चाहिए। मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि कुछ लोगों में यह है ही नहीं। इसके बाद पीएम मोदी ने शीशमहल का जिक्र करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों का फोकस आलीशान घरों में जकूजी और शॉवर पर है। कुछ नेताओं का फोकस अपने घर के स्टाइलिश बाथरूम पर है।



हमने गरीब को झूठे नारे नहीं, सच्चा विकास दिया है। गरीब का दुख, सामान्य मानवी की तकलीफ, मीडिल क्लास के सपने ऐसे ही नहीं समझे जाते हैं, इसके लिए जज्बा चाहिए: **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

## उच्चतम न्यायालय ने केंद्र और राज्यों को बिना क्षतिपूर्ति उपाय किए हुए वन क्षेत्रों को कम करने से रोका

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी कर केंद्र और राज्य सरकारों को बिना क्षतिपूर्ति उपाय किए हुए वन क्षेत्रों को कम करने से रोका। न्यायमूर्ति बी आर गवाई और के विनोद चंद्रन की पीठ 2023 के वन संरक्षण कानून में संशोधनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह की सुनवाई कर रही थी। पीठ ने जोर देकर कहा, 'हम ऐसी किसी भी चीज की अनुमति नहीं देंगे जिससे वन क्षेत्र में कमी आए। अगले आदेश तक, केंद्र या किसी भी राज्य द्वारा ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाएगा जिससे ऐसी कमी हो, जब तक कि क्षतिपूर्ति भूमि प्रदान नहीं की जाती।' केंद्र का प्रतिनिधित्व करने वाली अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने अदालत को आश्वासन दिया कि चार मार्च को अगली सुनवाई से पहले स्थिति रिपोर्ट के साथ तीन सप्ताह के अंदर आवेदनों का जवाब दाखिल किया जाएगा। दिया गया है कि संशोधनों में भूमि को या तो जंगल के रूप में अधिसूचित करने या सरकारी दस्तावेजों में दर्ज करने की आवश्यकता करके 'वन' की कानूनी परिभाषा को सीमित कर दिया गया है। याचिकाकर्ताओं का दावा है कि यह लगभग 1.99 लाख वर्ग किलोमीटर वन भूमि को संरक्षण सुरक्षा उपायों से बाहर करता है। पिछले अंतरिम आदेश में, अदालत ने आदेश दिया था कि संरक्षित क्षेत्रों के बाहर वन भूमि पर चिड़ियाघर या सफारी स्थापित करने के किसी भी प्रस्ताव को उच्चतम न्यायालय की मंजूरी की आवश्यकता होगी। अदालत ने राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे केंद्र सरकार को वन भूमि विवरण प्रदान करें, जिसे पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय प्रकाशित करेगा। पीठ ने टी एन गोदावर्मन थिरुमुलपाद बनाम भारत संघ मामले में 1996 के ऐतिहासिक फैसले में 'वन' परिभाषा के पालन पर बल दिया।

याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि 2023 के संशोधनों ने इस व्यापक परिभाषा को कमजोर कर दिया, जिससे वन संरक्षण कमजोर हो गया। केंद्र ने 27 मार्च, 2023 को वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक पेश किया और तब से इसे रद्द करने की मांग को लेकर संवैधानिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।



न्यायमूर्ति बी आर गवाई और के विनोद चंद्रन की पीठ 2023 के वन संरक्षण कानून में संशोधनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह की सुनवाई की

## राष्ट्र हित के मामलों में गैर जिम्मेदाराना राजनीति कर रहे हैं राहुल: राजनाथ

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर राष्ट्रीय हित के मामलों में गैर जिम्मेदाराना राजनीति करने का आरोप लगाया है। श्री सिंह ने श्री गांधी के भारत चीन सीमा के बारे में सेना प्रमुख के हवाले से दिए गए बयान पर खेद जताया है और कहा है कि गांधी ने संसद में अपने भाषण में भारत-चीन सीमा पर स्थिति पर सेना प्रमुख के बयान के बारे में झूठे आरोप लगाए हैं। रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा, 'सेना प्रमुख की टिप्पणी में केवल दोनों पक्षों द्वारा पारंपरिक गश्त में व्यवधान का उल्लेख था। हाल ही में हुई सैन्य वापसी के हिस्से के रूप में इन प्रथाओं को उनके पारंपरिक स्वरूप में बहाल किया गया है। सरकार ने संसद में ये विवरण साझा किए हैं। गांधी द्वारा सेना प्रमुख के लिए कहे गए शब्द कभी भी उनके द्वारा नहीं बोले गए थे। यह बहुत खेद की बात है कि राहुल गांधी राष्ट्रीय हित के मामलों पर गैरजिम्मेदार राजनीति में लिप्त हैं। यदि कोई भारतीय क्षेत्र है जिस पर चीन ने कब्ज़ा किया है, तो वह 1962 के युद्ध के परिणामस्वरूप अक्साई चिन में 38,000 वर्ग किमी और 1963 में पाकिस्तान द्वारा चीन को अवैध रूप से सौंपे गए 5,180 वर्ग किमी क्षेत्र हैं।

## बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 6,341 कनीय अभियंताओं सहित 6,837 अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**पटना,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को विभिन्न विभागों के नवनियुक्त 6,341 कनीय अभियंताओं सहित 6,837 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। मुख्यमंत्री ने समारोह में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के अंतर्गत नवनियुक्त 6,341 कनीय अभियंताओं एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 496 अनुदेशकों सहित कुल 6,837 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित रहे। सरकार ने दावा किया है कि नीतीश कुमार के 12 लाख सरकारी नौकरी देने की घोषणा के तहत अब तक नौ लाख से अधिक लोगों को नौकरी दी जा चुकी है। उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि नीतीश कुमार ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। आज बदलते बिहार और विकसित बिहार को लेकर नियुक्ति पत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि आज पथ निर्माण विभाग में भी 530 कनीय अभियंताओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। यह शुरुआत है, बिहार के बच्चों को रोजगार भी मिलेगा, स्वरोजगार भी मिलेगा। इसके अलावा नौकरी भी दी जाएगी।



उन्होंने दावा किया कि यह एनडीए सरकार की गारंटी है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रोजगार और स्वरोजगार के लिए विकसित बिहार के सपने को साकार कर रहे हैं।

### हेमंत सोरेन कोयला खदानों की जमीन के एवज में बकाया राशि को लेकर केंद्र सरकार पर बोला हमला

## हम अगर खुद पर आ गए तो देश अंधकार में डूब सकता है

**धनबाद,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोयले की रॉयल्टी और कोयला खदानों की जमीन के एवज में 1 लाख 36 हजार करोड़ की बकाया राशि को लेकर केंद्र सरकार पर एक बार फिर जोरदार जुबानी हमला बोला है। मंगलवार को धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के 53वें स्थापना दिवस पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर केंद्र की सरकार जल्द बकाया राशि का भुगतान नहीं करती है, तो हम कानूनी कार्रवाई से पीछे नहीं हटेंगे। जरूरत पड़ी तो इस राज्य के अधिकार के लिए कोयला खदानें बंद भी कराई जा सकती है। हम अगर खुद पर आ गए तो देश अंधकार में डूब सकता है। सोरेन ने कहा कि हमारी धरती की छाती फाड़कर जो कोयला निकाला गया है, उसकी कीमत हम हर हाल में वसूलकर रहेंगे। हम झारखंडियों को पता है कि अगर अधिकार मांगने से नहीं मिलता है तो उसे छीनकर हासिल किया जाता है। राज्य में जिन खदानों से कोयला खनन पूरा हो चुका है, उसकी जमीनें कंपनियां हमें वापस करें। हमें पता चल रहा है कि केंद्र सरकार ऐसी खदानों की जमीन पर मालिकाना हक लेने की कोशिश कर रही है। हम ऐसा नहीं होने देंगे। ये हमारी जमीनें हैं और हम उसे फिर से वापस लेकर रहेंगे।

सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी का नाम लिए बगैर कहा कि इन लोगों ने 18-20 साल तक झारखंड में शासन किया, लेकिन राज्य की तरक्की के बदले उसे बदहाली की दिशा की तरफ ले गए। डबल इंजन की सरकार के कार्यकाल में लोग यहां भूख से मरने लगे थे।

**हेमंत सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा के 53वें स्थापना दिवस पर आयोजित जनसभा को संबोधित किया**



हमारी धरती की छाती फाड़कर जो कोयला निकाला गया है, उसकी कीमत हम हर हाल में वसूलकर रहेंगे। हम झारखंडियों को पता है कि अगर अधिकार मांगने से नहीं मिलता है तो उसे छीनकर हासिल किया जाता है: **हेमंत सोरेन**

### राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए मनोज कुमार झा कहा

## 'देश में बाबाओं की फैक्ट्री है, यह बंद हो'



**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। राज्यसभा में बोलते हुए राजद सांसद मनोज कुमार झा ने कहा कि देश में बाबाओं की एक फैक्ट्री आ गई है और यह फैक्ट्री बंद होनी चाहिए। हर धर्म के अंदर इस तरह के अंधविश्वास पैदा हो रहे हैं। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल एक साझा पॉलिटिकल विल लें कि कोई भी वीवीआईपी दर्शन किसी मंदिर, किसी दरगाह में नहीं होना चाहिए। देश में धर्मांधता और धार्मिकता का फर्क मिटता जा रहा है। हम धार्मिक देश हैं, हजारों साल से हम धार्मिक देश हैं। यहां धर्मांधता नई चीज है। प्रतिदिन देखो हर घंटे कई नए बाबा आ रहे हैं। वे ग्रह-नक्षत्र देखकर बताते हैं कि कभी नहीं नहाया तो कोई पाप नहीं मिटेंगे। यह परिपाटी संविधान के दृष्टिकोण से भी बंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह जो रिलिजियस बाबाओं की प्रोडक्शन फैक्ट्री आ गई है, इनके उत्पादन पर भी रोक लगनी चाहिए।

### कार्रवाई | कुलगाम में शांति लौट आने के दावों के बीच आतंकी हमला

## पुलिस ने कश्मीर में 5 ओवर ग्राउंड वर्कर धर लिए

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 4 फरवरी (देशबन्धु)। कश्मीर में शांति लौट आने के दावों के बीच आतंकियों के हमले में कल देर रात पूर्व सैनिक की मौत के उपरांत सुरक्षाबलों ने इतनी त्वरित कार्रवाई की की सब हैरान रह गए। उन्होंने 5 से अधिक ओवर ग्राउंड वर्करों को धर लिया है। वन्यजीव अधिकारियों के बीच चिंताएं बढ़ गई हैं।**

पुलिस ने इसकी पुष्टि की है कि कुलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद जम्मू कश्मीर पुलिस ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए कश्मीर वादी में रात भर छापेमारी के दौरान 500 से ज्यादा ओवर ग्राउंड वर्कर्स, संदिग्धों, आतंकी सहयोगियों और आतंकी गतिविधियों में पहले से शामिल रहे लोगों को हिरासत में लिया है। ये रिफ्तारियां सोमवार को कुलगाम के बेहीबाग इलाके में हुए हमले के बाद की गई है, जहां आतंकियों ने तीन नागरिकों पर पाइंट-ब्लैंक रेंज से गोली चलाई थी, जिससे वे गंभीर रूप से



घायल हो गए थे। पीड़ितों में से एक पूर्व प्रादेशिक सेना के जवान मंजूर अहमद वागे ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। उनकी पत्नी आइना अख्तर (32) और एक नाबालिग लड़की सानिया हमीद (13) के पैर में चोटें आई हैं और बताया जा रहा है कि उनकी हालत स्थिर है।

पत्रकारों से बात करते हुए एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने गिरफ्तारियों की पुष्टि करते हुए बताया कि हमने आतंकी नेटवर्क से जुड़े लोगों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए कश्मीर में बड़े पैमाने पर अभियान चलाया है। इस अपराध के अपराधियों की पहचान करने और इस तरह के किसी भी अन्य हमले को रोकने के लिए 500 से अधिक संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

उन्होंने बताया कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने और कश्मीर में सभी निवासियों और आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि कुलगाम हमले की जांच चल रही है और हिरासत में लिए गए लोगों से आतंकवाद से संबंधित गतिविधियों में संभावित संलिप्तता के लिए पूछताछ की जा रही है।

देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार 5 फरवरी 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# राहुल गांधी का ऐतिहासिक भाषण

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार 3 फरवरी को सदन में एक ऐतिहासिक भाषण दिया, जिसमें आधुनिक विश्व में भारत को आगे ले जाने का पूरा खाका उन्होंने खींच दिया। लगभग पौन घंटे के भाषण में राहुल गांधी ने एक साथ कई पहलुओं को छुआ। विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने की आवश्यकता, चीनी वस्तुओं पर निर्भरता कम करना, इलेक्ट्रिक मोटर, बैटरी, ऑप्टिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी भविष्य की तकनीकों को अपनाना, मेक इन इंडिया कार्यक्रम की कमियों को दूर करना और इसके साथ लोकतंत्र और संविधान को मजबूत करने के उपाय, सब कुछ राहुल गांधी के भाषण में समाहित था।

संसद के पिछले कई सत्रों में राहुल गांधी को आक्रामकता के साथ भाषण देते देखा गया है, खास कर नेता प्रतिपक्ष बनने या उससे पहले पिछली सरकार में जब उनकी संसद सदस्यता फिर से बहाल हुई थी, तब अडानी, हिंदुत्व, संविधान और लोकतंत्र पर हो रहे हमले, जातिगत जनगणना ऐसे कई मुद्दों पर राहुल गांधी तीखे तेवर के साथ भाषण देते थे। उनके भाषण अक्सर हिंदी में होते थे, जिसमें सत्तापक्ष काफी टोका-टाकी और व्यवधान डालने की कोशिश करता था। लेकिन इस बजट सत्र में राहुल गांधी का एकदम अलग अंदाज नजर आया। उन्होंने न अपनी आवाज ऊंची की, न वे कहीं विचलित होते हुए दिखे। राहुल गांधी ने भाषण की शुरुआत में ही अपना चुटीला अंदाज भी दिखाया, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने जब उनका नाम लिया, लेकिन कैमरे में नेता प्रतिपक्ष नजर नहीं आए, तो उन्होंने थोड़ा रुककर इंतजार किया कि कैमरा उनकी तरफ घूमे और जब कैमरा उनकी तरफ आया तो उन्होंने ओम बिड़ला और कैमरा को मुस्कुराते हुए डबल थैंक्यू कहा, इस तरह राहुल गांधी ने दिखा दिया कि अब उन्हें उपेक्षित करने की मोदी सरकार की कोशिश कामयाब नहीं होगी। अपने पूरे संबोधन में राहुल गांधी ने अपनी बात कहने के लिए एक स्पष्ट रणनीति, एक सधी हुई भाषा-शैली और एक परिपक्व सोच का परिचय दिया।

सरकार पर हमला या हल्ला बोलने की जगह इस बार उन्होंने सरकार की कमियां दिखाईं, और उन्हें दूर करने ठोस व रचनात्मक सुझाव भी दे दिए। नेता प्रतिपक्ष ने डेटा, उत्पादन और एआई समेत कई मुद्दों पर केंद्र सरकार से कहा कि आपको डेटा पर काम करना चाहिए। हमारे पास प्रोडक्शन (उत्पादन) और कंजप्शन (खपत) तक किसी का भी डेटा नहीं है। अगर हमारे पास डेटा होता तो हमारे विदेश मंत्री को प्रधानमंत्री के निमंत्रण के लिए तीन बार अमेरिका नहीं जाना पड़ता। उनके इस बयान पर संसदीय कार्यमंत्री ने फौरन ऐतराज जताया, विदेश मंत्री एस जयशंकर भी इस बात के लिए राहुल गांधी की निंदा कर रहे हैं। हालांकि राहुल गांधी से पहले निमंत्रण का मुद्दा सुब्रमण्यम स्वामी उठाते रहे हैं, लेकिन भाजपा ने उन्हें कभी कुछ नहीं कहा। जहां तक राहुल गांधी के बयान का सवाल है, तो यह उन्होंने इस संदर्भ में कहा कि अगर आज भारत तकनीकी तौर पर चीन जितना सक्षम होता तो अमेरिका के आगे कमजोर महसूस नहीं करना पड़ता। और आज की यह कड़वी हकीकत भी है, जिससे केंद्र सरकार मुंह चुरा रही है। यह तथ्य है कि डोनाल्ड ट्रंप ने शी जिनपिंग को खुद फोन कर न्यौता दिया था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी को नहीं बुलाया था। और जब श्री मोदी ने अपने दोस्त ट्रंप को बधाई दी और आपसी सहयोग की बात की, उसके बाद ट्रंप ने मंगलवार को अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे भारतीयों की पहली खेप सैन्य विमान में बिठाकर रवाना कर दी। यहां सीधे-सीधे भारत को अपमानित किया गया, लेकिन सरकार इस पर कुछ नहीं कह रही।

बहरहाल, अपने संबोधन में राहुल गांधी ने देश में हुई अहम क्रांतियों का उल्लेख करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की अपने पिता द्वारा शुरू की जा रही कंप्यूटर क्रांति का विरोध किए जाने का जिक्र भी किया, लेकिन साथ ही यह कहना नहीं भूले कि वह वाजपेयी का बेहद सम्मान करते हैं। यानी राहुल गांधी कहीं से भी सरकार से तकरार करने की मुद्रा में नहीं दिखे। जैसे महाराष्ट्र के नतीजों का जिक्र करते हुए जब उन्होंने चुनाव आयोग पर सवाल उठाए तो कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच 70 लाख नए वोटर जोड़े गए। महाराष्ट्र में जितने पांच साल में जुड़े, उससे ज्यादा आखिरी पांच महीने में जोड़े गए। शिर्डी की एक बिल्डिंग में सात हजार नए वोटर जुड़े। उन्होंने कहा कि मैं कोई आरोप नहीं लगा रहा हूं, सिर्फ ये कह रहा हूं कि कुछ ना कुछ दिक्कत है। इसके अलावा उन्होंने चुनाव आयुक्त के चयन की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए।

राहुल गांधी ने बेरोजगारी का मुद्दा भी उठाया और यह भी माना कि यूपीए सरकार में भी पर्याप्त काम नहीं हुआ था। यानी नेता प्रतिपक्ष ने केवल एनडीए की गलतियां नहीं गिनाईं अपने दोष भी माने। कुल मिलाकर राहुल गांधी एक दूरदृष्टा के तौर पर सामने आए, जिन्हें देश के बुनियादी मुद्दों की समझ है और समस्याओं के समाधान भी उनके पास हैं।

राहुल गांधी के इस शानदार भाषण के बाद उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री मोदी भी इसी तरह का उच्च स्तरीय जवाब देंगे, लेकिन उनके भाषण ने फिर निराश किया, क्योंकि वे पूरे वक्त कांग्रेस और गांधी परिवार की आलोचना या अपनी वाहवाही में लगे रहे। राहुल गांधी के पिछले दिनों दिए गए भाषणों और बयानों पर ही प्रधानमंत्री जवाब देते रहे। फिर चाहे वह इंडियन स्टेट से लड़ाई की बात हो, राष्ट्रपति के भाषण को बोरिंग कहने वाली टिप्पणी हो या बजट पर राहुल गांधी की बैंडेड वाली प्रतिक्रिया हो। नरेन्द्र मोदी उसी में उलझे रहे। अपने भाषण में श्री मोदी ने गांधी परिवार पर भी निम्न स्तरीय हमला किया। उन्होंने कहा कि आज किसी एस टी परिवार के तीन सदस्य संसद में नहीं हैं, इस तरह प्रधानमंत्री ने गांधी परिवार से तीन सांसदों के होने पर भी निशाना साधा, जबकि इन तीन में से दो, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को तो सीधे जनता ने निर्वाचित किया है और सोनिया गांधी राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुई हैं। लेकिन श्री मोदी पर गांधी परिवार का खौफ इतना है कि वो अब जनता के फैसलों पर भी सवाल उठा रहे हैं। हालांकि उनसे उम्मीद इस बात की है कि वे विपक्ष द्वारा जनता के लिए उठाए गए सवालों पर जवाब दें।

# अपनों की लाशों पर होती सियासत की अघोर-साधना

भारत ने अपनों की लाशों पर बैठकर अघोर-साधना सीख ली है। जिस सियासत को भारत की करूणा और संवेदना के परम्परागत मूल्यों को आगे बढ़ाना था, उसने सभी को विकास के रास्तों की बजाये सूने श्मशानों की ओर मोड़ दिया है जहां हमारे मूल्यों की लाशें जल रही हैं। सत्ता मज़े से इन चिताओं की आग तापती है और उनके ठंडे होने पर उसकी राख शरीर पर मलकर संन्यासी का रूप धारण कर सम्मान बटोर रही है। देश में चल रही यह अघोर-साधना कुछ दलों को तो तात्कालिक लाभ पहुंचा सकती है पर यकीन मानिये, यह एक दिन पूरे देश को श्मशान में बदलकर रख देगी जिसमें सतत चिताएं जलेंगी और उनमें अघोरियों का राज होगा।

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जारी महाकुम्भ में 29 व 30 जनवरी की दर्मियानी रात को हुई भगदड़ में लोगों के कुचले जाने के बाद जो कुछ हो रहा है, उसे देखकर तो कम से कम यही कहा जा सकता है। बेशक, भारत हादसों का देश है जहां प्रकृतिजन्य हों या मानव जनित, नाना प्रकार की दुर्घटनाएं होती रहती हैं। देशवासियों के जेहन में अनेक ऐसे हादसे हैं जिनमें न जाने कितने लोगों ने जानें गंवाईं या घायल हुए हैं; और यह कोई आज की बात नहीं है, लेकिन ऐसे किसी भी हादसे पर यह देश न तो मुस्कुराता था, न हंसता था, न अट्टहास करता था। नयी बात यह है कि भारतीय समाज की संवेदना का तत्व भाप बनकर उड़ गया है। अब उसे किसी भी दुर्घटना पर गम नहीं होता। पुलों के गिरने से लोग मरें चाहें बाढ़ में बह जायें, एक के बाद एक ट्रेनें पलटती जायें या भीड़ में लोग दब जायें, कोरोना में जनता मारी जाये या नावें डूब जायें- अब वह न संवेदना प्रकट करता है और न ही उसकी करूणा जागती है- वह उसमें धर्म, जाति, सम्प्रदाय और राजनीति का एंगल ढूंढ़ता है। किसी भी दुखद घटना पर पहले भारत बिलखता था, पर अब बड़ी से बड़ी त्रासदी को वह टॉनिक की तरह पीता है और ताकत बटोरता है। बस, यही नया भारत है! यही उसकी अघोर साधना है जिसमें वह राजनीति के पंच-मकार का सेवन कर रहा है। छल-प्रपंच वाली सियासत का मल-मूत्र हो या जनता का मांस, सत्ता की मदिरा हो या फिर अपवित्र सियासी गठबन्धनों से मिलने वाला मैथुन सा सुख- उसके लिये अब कुछ भी वर्जित नहीं रहा।

वर्तमान राजनीति का सबसे दुखद पहलू यह है कि देश को यत्नपूर्वक करूणा और संवेदना की उस उदात्त परम्परा से अलग किया जा रहा है जिसके कारण भारत का दुनिया भर में मान है। यह सम्मान ढाई हजार साल पहले गौतम बुद्ध और महावीर ने देश के लिये आविष्कृत किया था। जब उसे भारत भूलता जा रहा था तो महात्मा गांधी एक रिमाइंडर की तरह आये जिन्होंने इसी रास्ते पर चलते हुए दुरूह किस्म की स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी। एक तरफ आजादी का संघर्ष चलता रहा तो दूसरी ओर संवेदना और उससे ऊपजे समानता, बन्धुत्व, धर्मनिरपेक्षता सदृश्य मूल्यों को भी भारत ने संजोये रखा था। आजादी के बाद हमारे राष्ट्र निर्माताओं ने जिन मूल्यों पर देश के नवनिर्माण का ब्लू प्रिंट तैयार किया उनमें सत्य व अहिंसा के साथ स्वतंत्रता, समानता, बन्धुत्व, धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद जैसे तत्व प्रमुख थे जो अंतत: संवेदना-करूणा पर ही आधारित होते हैं।



डॉ. दीपक पाचपोर

> **यह दरअसल एक पूरा पैकेज है जो लोकतंत्र कहलाता है। इन मूल्यों का संरक्षण एक जनतांत्रिक प्रणाली में ही सम्भव है। इसलिये पिछले करीब आठ दशकों में कई सरकारें आयीं परन्तु किसी ने इन तत्वों के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश नहीं की थी। कोई भी सत्ता न निर्मम हुई और न ही उसने अपनी प्रजा को हिंसक या नफरती बनने के लिये उकसाया या उसका मार्गदर्शन किया।**

यह दरअसल एक पूरा पैकेज है जो लोकतंत्र कहलाता है। इन मूल्यों का संरक्षण एक जनतांत्रिक प्रणाली में ही सम्भव है। इसलिये पिछले करीब आठ दशकों में कई सरकारें आयीं परन्तु किसी ने इन तत्वों के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश नहीं की थी। कोई भी सत्ता न निर्मम हुई और न ही उसने अपनी प्रजा को हिंसक या नफरती बनने के लिये उकसाया या उसका मार्गदर्शन किया। इसी मार्ग पर चलकर भारत ने जो प्रगति की उससे साबित हुआ कि ये मूल्य भौतिक जीवन को भी बेहतर बनाने में मददगार हैं। इसके पीछे एक और बड़ा कारण यह भी है कि हमारे राजनीतिक पुरखे देश को आधुनिक बनाना चाहते थे और आधुनिकता की सबसे बड़ी पहचान संवेदनशीलता है। औद्योगिक क्रांति के साथ प्रारम्भ नवयुग के दौरान हुए अनेक दार्शनिकों, विचारकों एवं सुधारवादी नेताओं ने समाज और व्यवस्था को मानवीय चेहरा पहनाने के जो उपक्रम किये, वही देश में संवेदना की विस्तार यात्रा है और निरंतरता भी। मानवीय संवेदना को संरक्षित रखने और विकसित होने के लिये विशिष्ट सामाजिक व्यवस्था की आवश्यकता होती है। राजतंत्र, सामंती व्यवस्था या तानाशाही- ये सारी प्रणालियां संवेदना शून्य होकर ही स्थापित होती हैं और निष्ठुर होकर काम करती हैं। हिंसक गतिविधियां, अमानवीयता, निर्ममता, शोषण, उत्पीड़न और विरोधियों का दमन इनके पाये होते हैं। स्पष्ट है कि जिस व्यवस्था में लोकतंत्र रहेगा वहीं मानवीय संवेदनाएं संरक्षित-संवर्धित हो सकती हैं और जनता द्वारा उसकी मांग भी सम्भव है। इसी शासन प्रणाली में एक संवेदनशील समाज निर्माण की सर्वाधिक सम्भावनाएं होती हैं।

दुर्भाग्य से कुछ शक्तियों का रास्ता इस वैचारिकी से अलग है। अनेक संगठन एवं व्यक्ति ऐसे हैं जिनके लिए उदाता का मतलब कमजोरी है। अहिंसा उनके लिये कायरता, समानता अवांछनीय, धर्मनिरपेक्षता तुष्टिकरण तथा बन्धुत्व अस्वीकार्य है। पिछले दशक भर से हमारे लोकतांत्रिक जीवन के सारे ही कोमल तत्व सुनियोजित तरीके से समाप्त किये जा रहे हैं। माना यह जाने लगा है कि देश केवल बहुसंख्यकों की मर्जी से ही चलेगा तथा अल्पसंख्यकों का दर्जा दोयम नागरिकों का रहेगा। देश में दो तरह के कानून चलेंगे। शक्तिशाली व सत्ता से जुड़े लोगों के लिये अलग तथा वंचितों व कमजोर लोगों के लिये अलहदा। कहने को तो देश में संविधान और कानून है लेकिन वह सबके लिए बराबर है, अब यह कोई नहीं कह सकता। देश अब चंद लोगों के हाथों में है जिसका संचालन अब कार्पोरेट लॉबी करती है। सारी सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक व्यवस्थाएं केंद्रीकृत हो गयी हैं। इस व्यवस्था को बनाने के लिये राज्य आधारित हिंसा तथा प्रशासकीय क्रूरता ज़रूरी होती है तथा ऐसी जनता तैयार की जाती है जो संवेदनहीन हो। धर्मांधता, जातीयता और साम्प्रदायिकता जब बढ़ती है तो परस्पर नफ़रत और घृणा में भी इज़ाफ़ा होता है। इन सबका उत्स और केन्द्र सत्ता होती है, अत: इस मानसिकता के साथ तैयार हुई जनता यह मान लेती है कि जो नज़रिया सत्ता का है, वही उसका भी होना चाहिये- यही देशभक्ति है, यही धर्म की सेवा है। अपनी शक्ति को बरकरार रखने के लिये सत्ताएं भी अपने समर्थकों को नफ़रती व हिंसक बनाती हैं; और इस प्रक्रिया की शुरुआत संवेदनहीनता से होती है।

पिछले दशक भर का इतिहास देखें तो बलात्कारियों के स्वागत से लेकर उनके साथ खड़े होने और उनका समर्थन देने का रहा है। कोरोना में न जाने कितने लोग नदियों में बहा दिये गये या रेत में दफ़न हुए- नागरिक सवाल पूछने की बजाये सत्ता के साथ रहे। अब महाकुम्भ की त्रासदी में अपने ही देश के नागरिकों की मौत पर लोग संजीदा न होकर उसमें राजनीतिक एंगल खोज रहे हैं। कोई बाबाजी कहते हैं कि यहां मरने से मोक्ष मिलेगा तो कोई सवाल करने वाले शंकराचार्य को अपशब्द कह रहा है। संवेदना ही पशुता और मानवता के बीच की विभाजन रेखा खींचती है। भारत की विश्व भर में इसी मूल्य के कारण बड़ी धाक है। यह दुखद है कि भारत इस मूल्य को क्षुद्र राजनीति के चलते त्याग रहा है। बगैर करूणा व संवेदना के भारत की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# निम्न और मध्यम वर्ग को सिर्फ़ कर में छूट देना मांग को बढ़ाने के लिए पर्याप्त नहीं

■ अंजन रॉय

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के आठवें बजट के बारे में एकमात्र बड़ा विचार 12 लाख रुपये तक की आयकर छूट की घोषणा है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह 7 लाख रुपये की छूट सीमा से बहुत बड़ी छलांग है। हालांकि इसमें एक राजनीतिक पेंच है।

लेकिन एक तरह से यह दिल्ली बिजली शुल्क के बारे में आप की अवधारणा से उधार लिया गया है। यानी, अगर आय 12 लाख रुपये से एक रुपया ज़्यादा है, तो 4 लाख रुपये की आय से आगे कर की प्रगतिशील दर लागू होगी।

मान लीजिए, 12 लाख रुपये की आय में एक रुपया और जोड़ने पर, व्यक्ति को 4 लाख रुपये से ज़्यादा की आय पर प्रगतिशील पैमाने पर 5प्रतिशत की दर से कर देना होगा। संभवत:, यह उम्मीद करते हुए कि 12 लाख रुपये तक की आय वाले लोगों को पूरी कर छूट मिलेगी, सवाल यह है-'क्या इससे घरेलू मांग बढ़ेगी?' यह देखते हुए, वर्तमान आयकरदाताओं में से 85प्रतिशत को कर के भुगतान से छूट मिलनी चाहिए। सरकार इस बदलाव पर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान देगी।

> **सरकार घरेलू विनिर्माण में एक बड़ा कदम उठाने की उम्मीद कर रही है जो अब तक साकार नहीं हुआ है। इसके बजाय, बजट अब विनिर्माण की चुनौतियों का सामना करने के साथ-साथ रोजगार बढ़ाने के लिए छोटे और मध्यम क्षेत्र को मजबूत करने और अधिक रोजगार सृजन गतिविधियों की ओर अग्रसर है। बजट कम से कम उस दृष्टिकोण को दर्शाने का प्रयास करता है।**

इसे मध्यम वर्ग का बजट कहा जा सकता है, जिसमें उच्च महत्वाकांक्षाओं और बयानबाजी की कमी है। यह राजकोषीय विवेक पर जोर देता है और निजी क्षेत्र के निवेश पर जोर देता है। कुल मिलाकर बजट रूढ़िवादी लगता है। बयानबाजी की कमी शेयर बाजार की धीमी प्रतिक्रिया में झलकती है।

उन्होंने 'लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और मांग' को महत्वपूर्ण स्तंभों के रूप में देखा था। उन्होंने शुरू में ही अपना मूल उद्देश्य बताते हुए कहा था-'यह बजट विकास को गति देने, समावेशी विकास को सुरक्षित करने, निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने, घरेलू भावनाओं को ऊपर उठाने और भारत के उभरते मध्यम वर्ग की खर्च करने की शक्ति को बढ़ाने के लिए हमारी सरकार के प्रयासों को जारी रखता है'।

इस तरह, वह बढ़ती घरेलू मांग, घरेलू निजी निवेश और जमीनी स्तर पर घरेलू लघु और मध्यम उद्यमशीलता की उम्मीद कर रही थी। बजट ने लघु और मध्यम क्षेत्र को महत्व दिया है।

यह सर्वोत्कृष्ट आपूर्ति पक्ष अर्थशास्त्र है। इसका एक बेहतरीन उदाहरण तब था जब राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने अमेरिकियों को बड़े कर कटौती की पेशकश की थी और वे मांग में भारी उछाल के साथ वापस आये और अमेरिकी आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया।

कुल मिलाकर, छूट में उछाल को छोड़कर, कराधान दरों को अछूता छोड़ दिया गया है। क्या निम्न और मध्यम वर्ग के लिए आयकर रियायत समग्र घरेलू मांग को बढ़ावा देगी और भारत को आगामी ट्रम्प स्टॉर्म टैरिफ और एक अशांत वैश्विक अर्थव्यवस्था से पार पाने में मदद करेगी?

31 जनवरी को जारी आर्थिक सर्वेक्षण में, यह सवाल उठाया गया था और इसका उत्तर मांगा गया था। सर्वेक्षण ने तर्क दिया था कि वैश्विक स्थिति बिगड़ रही है या कम से कम वैश्वीकरण पीछे हट रहा है। इसलिए, घरेलू मांग को और बढ़ावा देने की आवश्यकता थी।

भारत मुख्य रूप से घरेलू मांग के दम पर बढ़ रहा है। निर्यात केवल अवशिष्ट हो सकता है। चीन को उम्मीद है कि घरेलू मांग बढ़ने से उसे राहत मिलेगी, जो उसे अब तक नहीं मिल पाई है। साथ ही, वित्त मंत्री ने भारत के निर्यात हितों की रक्षा करने की कोशिश की है। उन्होंने सीमा शुल्क दरों और ढांचे में कुछ बदलाव किये हैं, जिन्हें ट्रंप के अमेरिका से बाधाओं के खतरे के साथ सशर्त बातचीत के रुख के लिए शुरुआती रुख कहा जा सकता है।

करों को लेकर उत्साह को अलग रखते हुए, बजट भाषण कृषि क्षेत्र, यात्रा और पर्यटन, स्वास्थ्य और खनन के लिए कुछ छोटी-मोटी परियोजनाओं और प्रस्तावों की पुनरावृत्ति की तरह लग रहा था। अतिशयोक्ति न करते हुए, अंतत: यह फायदेमंद भी हो सकता है। कैसे?

वित्त मंत्री ने कृषि क्षेत्र को विकास के पहले इंजन के रूप में महत्व दिया है। वित्त मंत्री ने मूल्यवर्धित कृषि को प्रोत्साहित करने की कोशिश की है। मछली पालन, फल और सब्जियां तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को विकसित करने की कोशिश की गयी है। घरेलू उद्योग के लिए, बजट घरेलू मांग के सृजन पर अपनी उम्मीदें टिकाये हुए है, जो अकेले ही नये निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा दे सकता है। आखिरकार, अगर राजकोषीय घाटे को बनाये रखना है, तो सरकारी खर्च में वृद्धि नहीं हो सकती। बजट में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं या अन्य सार्वजनिक निवेशों में बड़े सार्वजनिक निवेश की घोषणा नहीं की गयी है।

सरकार घरेलू विनिर्माण में एक बड़ा कदम उठाने की उम्मीद कर रही है जो अब तक साकार नहीं हुआ है। इसके बजाय, बजट अब विनिर्माण की चुनौतियों का सामना करने के साथ-साथ रोजगार बढ़ाने के लिए छोटे और मध्यम क्षेत्र को मजबूत करने और अधिक रोजगार सृजन गतिविधियों की ओर अग्रसर है। बजट कम से कम उस दृष्टिकोण को दर्शाने का प्रयास करता है।

हालांकि, ब्लॉक में एक नया बच्चा तथाकथित 'मॉड्यूलर परमाणु ऊर्जा संयंत्र' और इस प्रयास में निजी क्षेत्र की भागीदारी है। वह मोलर परमाणु संयंत्रों में अधिक उदार विदेशी प्रत्यक्ष निवेश का संकेत दे रही है। छोटे परमाणु ऊर्जा संयंत्र एक प्रमुख खिलाड़ी हो सकते हैं।

यदि भारत को कृत्रिम बुद्धिमत्ता में आगे बढ़ना है तो यह एक निर्णायक कारक हो सकता है। बिजली की आसान उपलब्धता के आधार पर एआई विकसित हो सकता है।

सरकार सार्वजनिक निजी भागीदारी पर भरोसा कर रही है। बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में निवेश काफी आगे बढ़ाना जरूरी था। परन्तु सरकार ने बुनियादी ढांचे में बड़े सार्वजनिक निवेश की घोषणा करने में कोई बड़ा कदम नहीं उठाया है।

सीतारमण ने राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.4प्रतिशत पर रखा है, जबकि बजट अनुमान 4.8प्रतिशत था। यह मुख्य रूप से जीएसटी संग्रह में उछाल के कारण संभव हो सकता है। इस तरह के नियंत्रित घाटे से निजी क्षेत्र को धन जुटाने के लिए बड़ा अवसर मिलेगा। अंत में, हर बजट बड़ी घोषणा वाला नहीं हो सकता। यह बजट छोटे-छोटे कदमों के साथ आगे बढ़ने की कोशिश करता है ताकि एक बड़ी छलांग लगायी जा सके।

## आपके पत्र

### गांव में विकास के लिए सड़क जरूरी

1 फरवरी को प्रस्तुत केन्द्रीय बजट में ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और अन्य ग्रामीण सड़क परियोजनाओं के तहत लगभग 70,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस राशि का उपयोग देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने और बुनियादी ढांचे के विकास में किया जाएगा। दरअसल आज भी हमारे देश में कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां सड़क का अभाव है। इनमें उत्तराखंड भी शामिल है। इस पहाड़ी राज्य के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां सड़कों का अभाव विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा बनी हुई हैं। राज्य के बागेश्वर जिला स्थित गरुड़ ब्लॉक का सुराग और भगदानू गांव इसका उदाहरण है। सुराग पंचायत स्थित इन दोनों गांवों की सड़कें आज भी बदहाल स्थिति में हैं। इन ग्रामीण इलाकों में सड़क निर्माण की मांग वर्षों से की जा रही है, लेकिन अभी तक इसका कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।

गांव में सड़क नहीं होने के कारण बहुत सारी कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी बारिश के दिनों में होती है जब कच्ची सड़क होने के कारण वह फिसलन भरी हो जाती है। जिस पर से इंसान और जानवरों का गुजरना मुश्किल हो जाता है। मवेशी पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक बड़ा माध्यम होता है। प्रतिदिन मवेशियों को चराने के लिए पहाड़ों पर ले जाना पड़ता है लेकिन बारिश के दिनों में अक्सर मवेशी कच्ची सड़क से फिसल कर पहाड़ के नीचे गिर जाते हैं। बहुत ही मुश्किल होता है ऐसे समय में हमें अपने कामों को करना। पहाड़ों पर जब बारिश होती है तो कई दिनों तक चलती है, ऐसे में मवेशियों को भूखा नहीं रखा जा सकता है अगर पक्की सड़क होती तो ग्रामीणों का जीवन भी आसान होता।

सड़कों का जाल पहाड़ों की जीवन रेखा माना जाता है, लेकिन उत्तराखंड के दूरस्थ गांवों में सड़क कनेक्टिविटी अब भी एक चुनौती बनी हुई है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने सड़कों के निर्माण पर जोर दिया है, लेकिन विभिन्न कारणों से कई सड़कें आज भी अधूरी पड़ी है। करीब 500 की आबादी वाले सुराग गांव के लोगों को भी सड़क का इंतज़ार है। इस संबंध में 45 वर्षीय नंदी देवी बताती हैं कि -सुराग गांव के लिए स्वीकृत सड़क का निर्माण अभी तक नहीं हो सका है, जिससे ग्रामीणों में निराशा है। हालांकि इसके लिए गांव वालों ने कई बार शासन-प्रशासन से मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। हालांकि सुराग से भगदानू जाने वाली सड़क का सर्वेक्षण भी किया जा चुका है, लेकिन इसके बाद कोई ठोस प्रगति नहीं हुई.ज वह कहती हैं कि सड़क नहीं होने से सबसे अधिक परेशानी महिलाओं और बुजुर्गों को होती है, जिन्हें जरूरत के समय गाड़ी उपलब्ध नहीं हो पाती है। सड़क नहीं होने के कारण कोई भी गाड़ी इस क्षेत्र में आने को तैयार नहीं होती है। बरसात के दिनों में कच्ची सड़कें पूरी तरह से कीचड़ में बदल जाती है, जिससे गाड़ियों का आवागमन बहुत मुश्किल हो जाता है।

सड़क की खराब हालत पर 10वीं में पढ़ने वाली गांव की एक किशोरी भावना रावल कहती है कि -हमारा स्कूल राजकीय इंटर कॉलेज, सैलानी गांव से लगभग 9 किमी दूर है। जहां पहुंचने के लिए मुझे रोजाना 5 किमी इसी कच्ची सड़क से होकर जाना पड़ता है। रोड नहीं होने की वजह से यहां गाड़ियां नहीं चलती हैं। अन्य मौसम में हमें बहुत अधिक दिक्कत नहीं होती है लेकिन बारिश के दिनों में हम बच्चे अक्सर कीचड़ से सने स्कूल ड्रेस में स्कूल पहुंचते हैं। उत्तराखंड में अब तक कुल 33,512 किमी सड़कों का निर्माण किया जा चुका है, और 171 किमी नई सड़कों के निर्माण का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए रखा गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पिछले दो वर्षों में राज्य में 1,481 किमी नई सड़कें बनी हैं, जिससे 519 नई सड़कों और 195 पुलों का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों को मिला है। इससे दूरस्थ गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ा गया है, जिससे यहां शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार के अवसरों में वृद्धि हुई है। लेकिन सुराग और भगदानू गांवों की सड़कें आज भी बदहाल स्थिति में हैं, जिससे स्थानीय लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हालांकि केन्द्रीय बजट में जिस प्रकार से ग्रामीण सड़कों के विकास के लिए एक बड़ी राशि आवंटित की गई है, उससे आशा की जा सकती है कि इसका लाभ उत्तराखंड के इन दूरस्थ गांवों को भी मिलेगा. इसके अतिरिक्त यदि सरकार, प्रशासन और स्थानीय लोगों की भागीदारी से सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी जाए, तो जल्द ही ऐसे गांवों में विकास की नई रोशनी पहुंच सकती है।

**-हेमा रावल, सुराग उत्तराखंड**



## ललित सुरजन की कलम से

### इस्लाम बनाम आतंकवाद

*'एक तो इस तथ्य पर गौर करना चाहिए कि दुनिया में धर्म के नाम पर राष्ट्रों का निर्माण कब कैसे हुआ। इतिहास में बहुत पीछे न जाकर बीसवीं सदी की ही बात करें तो ऐसा क्यों हुआ कि लगभग एक ही समय में धर्म पर आधारित दो देशों का उदय हुआ। मैं इस बात को कुछ समय पूर्व लिख चुका हूं कि इस्लाम पर आधारित पाकिस्तान और यहूदी धर्म पर आधारित इजरायल दोनों की स्थापना द्वितीय विश्व युद्ध के तुरंत बाद हुई। इनके निर्माण की पृष्ठभूमि क्या थी? पाकिस्तान के बारे में भारतवासी बहुत कुछ जानते हैं। वे ये भी जान लें कि इजरायल की स्थापना में भी उन्हीं साम्राज्यवादी पश्चिमी ताकतों का हाथ था। हिन्दी में इस विषय पर बहुत कम लिखा गया है, लेकिन जिज्ञासु पाठक महेन्द्र कुमार मिश्र की पुस्तक फिलिस्तीन और अरब इसराइल संघर्ष पढ़ सकते हैं। अंग्रेजी समझने वाले पाठक गीता हरिहरन द्वारा संपादित पुस्तक फ्रॉम इंडिया टू पैलेस्टाइन -एसेज इन सॉलीडरीटी (भारत से फिलिस्तीन- एकजुटता में निबंध) पढ सकते हैं। इस्लाम की एक गंभीर अध्येता करेन आर्मस्ट्रांग ने इस विषय पर अनेक पुस्तकें लिखी हैं। उनका मानना है कि धर्म के नाम पर जितना खून- खराबा हुआ है उससे कई गुना अधिक हिंसा दूसरे कारणों से हुई है जिनमें एक कारण जनतंत्र की रक्षा करना भी गिनाया गया है।'*

**(अक्षर पर्व दिसंबर 2015 अंक की प्रस्तावना)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/12/blog-post_13.html

## पावन प्रसंग

### दुख को अभिशाप न मानिए

मानव मन बड़ा संवेदनशील है। वह जहां प्रकृति के सौंदर्य को देखकर प्रसन्न हो उठता है वहीं सांसारिक क्लेशों से विक्षुब्ध भी हो जाता है तथा सोचता है कि सृष्टा की इस सृष्टि की इस अनुपम कृति में दुखों का प्रादुर्भाव कहां से हो गया? अनेकों व्यक्ति इसका समाधान अपनी बुद्धि के अनुसार जनम-जन्मान्तरों से संबंध जोड़ते हुए प्रस्तुत करते हैं। प्रचलित मान्यताएं भी यही है कि पूर्वजन्मों के संचित सुकर्म-दुष्कर्म ही बाद के जीवन में सुख-दुख की परिस्थितियों का सृजन करते हैं। भाव-अभाव, सांसारिक सुख-दुख एवं उपलब्धियों-कमियों के विषय में यह तथ्य पूर्णत: सत्य है। पौराणिक मान्यता है कि कर्मफल देने वाले देवता के यहां भाग्य की पुस्तक में सभी मनुष्यों के कर्म लिखे जाते हैं। इसी से स्वर्ग-नरक का निर्धारण होता है परंतु इससे भी अधिक मान्यता ऐसे सिद्धांत की है, जिसके अनुसार प्रत्येक कर्म का फल किसी न किसी प्रकार का संचित संस्कार बनाता है और मनुष्य का भावी जीवन उसी संस्कार के अनुरूप होता है। समाज में अगणित पापी सुखी जीवन व्यतीत करते दीखते हैं तो कई धर्मात्मा कष्ट सहते हुए दृष्टिगोचर होते हैं। कर्मों की यह श्रृंखला यदि यहीं समाप्त हो गई होती तो बड़ा अन्याय होता। इसीलिए पुनर्जन्म और कर्मफल का अन्योन्याश्रय संबंध माना गया है। इसी संसार में सुख और दुख की अनुभूति ही नरक और स्वर्ग है जो मनुष्य को अपने कर्मानुसार सृष्टि के नियम के अधीन प्राप्त होते हैं।

सृष्टि के जिन तत्वों से भौतिक शरीर का संबंध है, उसी के साथ दुख के तत्व सुख के साथ ही आ जुड़े हैं। वस्तुत: अपूर्णता का दूसरा नाम ही दुख है। समस्त मनुष्यों के अंत:करण में यही अनुभूति गंभीर रूप से विद्यमान होने से मनुष्य दुख की ही पूजा करता आया है, आराम की नहीं। महापुरुषों का उज्जवल इतिहास साक्षी है कि उनका विकास, व्यक्तित्व का परिष्कार एवं उत्थान दुखों के बीच ही हुआ है। उसमें पलकर-बढ़कर ही वे दृढ़ता-महानता जैसे गुण उपार्जित कर सके, जिससे समाज को नई दिशा मिली। सद् उद्देश्य के लिए दुख की सहज स्वीकृति ही साधना है। वही तपस्या भी है। तप के कारण जो कष्ट मिलता है, वह यों दुख जैसा प्रतीत होता है किन्तु उसमें असमर्थ की आंखों से टपकने वाली कातरता नहीं है। यह तो रूद्र तेज से उद्दीप्त आलोक है, ताप है, गति है, प्राण है, जिसमें अनादिकाल से मानव के जीवन प्रवाह को गतिमान रखता है। यह दुख मानव की दुर्बलता या असफलता की परिचायक नहीं है, वरन विकास का आधार है। यह दुख ही मनुष्य को नूतन सृजन के लिए, पुरुषार्थ करने के लिए प्रेरित करता है। यह कर्मप्रेरक दुख ही मानव समाज में चक्रपथ में घूमकर नवसृजन की परिस्थितियों का निर्माण करता है। जिस प्रकार ईंटों को मजबूती देने के लिए अग्नि,में पकाया जाता है, उसी प्रकार तपरूपी ताप में पककर मानव दृढ़ एवं साहसी बनता है। दुख अभिशाप नहीं, वरदान है। मनुष्य आत्मा की पूर्णता त्याग से दान से एवं तपस्या के द्वारा ही प्राप्त करता है। मनुष्य ने जो कुछ निर्माण किया है, तप से ही किया है। समस्या तब आ खड़ी होती है, जब उद्देश्यपूर्ण कष्ट से मनुष्य असंतुलित हो जाता है। निवारणार्थ प्रयत्न करने एवं पुरुषार्थ करने के स्थान पर वह निराश होकर निषेधात्मक मार्ग अपनाता है। वस्तुत: मानव उत्थान का अब तक का इतिहास यही बताता है कि दुखों की मंजिल से गुजरकर ही मनुष्य वर्तमान की संपन्न स्थिति तक पहुंच सका है। प्रतिकूलताओं की चुनौती को मानव ने स्वीकार किया; मछली की तरह धारा को उलटी दिशा में चीरते हुए प्रवाह बदलते हुए वह अभीष्ट परिस्थितियों का सृजन करते हुए वर्तमान विकसित स्थिति तक पहुंच सका है।

**-युग निर्माण योजना**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5
बिलासपुर
बुधवार,5 फरवरी 2025


उल्टा पुल्टा

लड़का-पता है, बस में बैठे हुए मैं किसी लड़की को खड़ा नहीं देख सकता..

लड़की - तो फिर तुम क्या करते हो..?

लड़का - मैं अपनी आँखें बंद कर लेता हूँ..!

## संपादकीय

### 'अंगदान को बढ़ावा दे सरकार'

*छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से अंगदान को पर्याप्त बढ़ावा नहीं दिये जाने का ही यह परिणाम है कि अब तक बहुत ही कम लोगों के अवयवों से दूसरों को जीवनदान करने में सफलता मिली है। किडनी, लीवर, हार्ट ट्रांसप्लांट के लिये अनेक लोग इंतज़ार में हैं परन्तु बहुत कम लोग इसके लिये इच्छा प्रकट कर पाते हैं। सर्वप्रमुख कारण है इसे न तो बढ़ावा दिया जाता है और न ही इसे लेकर पर्याप्त जागरूकता है। बहुत से लोग ऐसा करना भी चाहें तो वे जान नहीं पाते कि उन्हें क्या करना चाहिये। देहदान को लेकर भी यह बात कही जा सकती है। सरकार को चाहिये कि अस्पतालों तथा स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से देहदान व अंगदान को पर्याप्त प्रचारित करे। रायपुर के एक युवा आर्यंश आडिल (18 वर्ष) की इच्छा के अनुरूप उसके ब्रेन डेड होने पर उसके अंग तीन युवकों को प्रदान किये गये जिसके चलते उन्हें जीवनदान मिला। आर्यंश की मृत्यु 29 जनवरी को हुई थी जब वह परीक्षा घऱ लौट रहा था। महादेव घाट स्थित पुल के पास उसके साथ हुई दुर्घटना में वह बुरी तरह से घायल हो गया था। उसके सिर पर गम्भीर चोटें आई थीं और वह बेहोश हो गया। चिकित्सकों ने उसे बचाने की हरसम्भव कोशिशें कीं लेकिन अंततः उसे ब्रेन स्टेम डेड घोषित कर दिया गया। उसके अभिभावकों ने बताया कि वह इसकी इच्छा जाहिर करता रहा था कि अगर उसे कुछ हुआ तो उसके अंग जरूरतमंदों को दे दिये जायें। यह प्रदेश का अब तक का 11वां अंगदान रहा। इसके विपरीत विभिन्न तरह के अंगों की ज़रूरत वाले सैकड़ों मरीज इंतज़ार में हैं। कई तो यह आवश्यकता पूरी न होने के कारण मर भी जाते हैं। निश्चित ही आर्यंश ने समाज को एक रास्ता दिखाया है। लोगों को चाहिये कि उक्त नौजवान के बताये रास्ते का अनुसरण कर ज़रूरतमंदों को जीवनदान दें। उल्लेखनीय है कि अब छग में भी अंग प्रत्यारोपण की सुविधा प्रारम्भ हो गयी है। इसके लिये नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशनल (एनओटीटीओ) की वेबसाइट से संपर्क कर जानकारी ली जा सकती है। वैसे यह पाया गया है कि जो भी अंगदान अब तक हो पाये हैं वे स्वप्रेरणा से ही अधिक हुए हैं। इसके लिये कोई भी सुव्यवस्थित प्रचार होता नहीं दिखता। सरकार को चाहिये कि कम से कम अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों, मेडिकल कॉलेजों आदि के माध्यम से इसका प्रचार करे। लोगों को इसकी आवश्यकता बतलायी जानी चाहिये तथा यह कितना समाजोपयोगी कार्य है, यह बात भी लोगों तक पहुंचनी चाहिये। स्वयंसेवी संगठन इस अभियान को चलाने में सरकार की भरपूर मदद कर सकते हैं। सरकार तथा विभिन्न संस्थाएं यदि लोगों को प्रोत्साहित करें तो निश्चित ही अनेक ज़रूरतमंदों को गया जीवन मिलेगा वरना अंगों के अभाव में बहुतों की मृत्यु लगभग तय है।*

**बेहतर वित्तीय प्रबंधन का कमाल**

# महीने के पहली तारीख को मिल रहा निगम कर्मियों को वेतन

## राजस्व वसूली पर मिशन मोड में जारी है कार्य,निगम कमिश्नर रोजाना कर रहे समीक्षा

### पिछले तीन महीने से 1 तारीख को ही मिल जा रही सैलरी

### बेहतर रणनीति से निगम की वित्तीय व्यवस्था सुदृढ़




**बिलासपुर**, 4 फरवरी (देशबन्धु)। बेहतर वित्तीय प्रबंधन का कमाल है की पिछले तीन महीने से बिलासपुर नगर निगम के कर्मचारियों के खाते में महीने के पहली याने 1 तारीख को वेतन ट्रांसफर कर दिया जा रहा है जिससे निगम कर्मी काफी खुश है। बेहतर रणनीति और वित्तीय प्रबंधन से निगम वित्तीय व्यवस्था सुदृढ़ हुआ है। समस्त राजस्व की वसूली को प्राथमिकता में रखते हुए मिशन मोड में काम किया जा रहा है। निगम कमिश्नर अमित कुमार बकायदा इसकी रोजाना समीक्षा करते है। जनवरी माह में निगम कर्मियों को 3 करोड़ 35 लाख 84 हजार रूपये वेतन का भुगतान किया गया है। इसी तरह पिछले साल के दिसंबर और नवंबर माह में क्रमशः 3 करोड़ 26 लाख 60 हजार और 3 करोड़ 35 लाख 6 हजार रूपये का वेतन भुगतान 1 तारीख को की गई है।

राजस्व को बढ़ाने के तहत वसूली का रोजाना रिपोर्ट सभी जोन द्वारा भेजा जाता है,जिसकी समीक्षा करते हुए निगम कमिश्नर कम वसूली पर सवाल जवाब भी करते है। इससे पहले निगम कमिश्नर ने राजस्व वसूली मे विशेष ध्यान देते हुए शत प्रतिशत वसूली के निर्देश दिए थे,ताकि निगम की आर्थिक स्थिति और भी बेहतर हो।

### ऑनलाइन टैक्स, मॉनिटरिंग से सुधरी व्यवस्था

नगरीय निकाय के मजबूत होने का मुख्य आधार राजस्व होता है, जिसके बेहतर होने से निकाय और जनहित के सभी कार्य निर्बाध रूप से संचालित होता है। निगम कमिश्नर अमित कुमार ने इस पर विशेष कार्य योजना बनाकर अभियान की तरह संचालित किया, जिससे राजस्व आय बढ़ी और निगम आर्थिक रूप से सक्षम बना। सबसे पहले नागरिकों को सुविधा प्रदान करते हुए सभी प्रकार के टैक्स के लिए ऑनलाइन सर्विस शुरू की गई,नागरिकों को घर बैंठे भुगतान करने की सुविधा मिलने से वसूली का प्रतिशत बढ़ा। ऑनलाइन टैक्स के ज़रिए अब तक 279 करदाताओं ने 19 लाख 68 हजार का के टैक्स का भुगतान किया है। इसके बाद सभी वार्डों में शिविर लगाया गया और सभी आरआई और एआरआई डोर टू डोर संपर्क कर वसूली में लगे है।



### पिछले तीन महीने में 14 करोड़ से अधिक की वसूली

नगर निगम बिलासपुर द्वारा पिछले तीन महीने नवंबर,दिसंबर और जनवरी में 14 करोड़ 42 लाख 11 हजार की वसूली की गई है। जिसमें नवंबर माह में 3 करोड़ 83 लाख 82 हजार रूपये, दिसंबर में 5 करोड़ 31 लाख 84 हजार और इस साल के जनवरी माह में 5 करोड़ 26 लाख 45 हजार रूपये की वसूली की गई है। वहीं अगर जोन स्तर का रिपोर्ट देखे तो पिछले पांच महीने में जोन 2 में सबसे अधिक 3302 लोगों से राजस्व की वसूली की गई है।

## सार-संक्षेप

### बिलासपुर-तिरुपति व हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस के ठहराव की सुविधा का विस्तार

**बिलासपुर**, 4 फरवरी (देशबन्धु)। रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेल प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली गाड़ी संख्या 17481 बिलासपुर–तिरुपति एक्सप्रेस का दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाड़ा मंडल के चिन्नगंजाम स्टेशन में 03 फरवरी तक एवं गाड़ी संख्या 17005/17006 हैदराबाद–रक्सौल–हैदराबाद एक्सप्रेस का दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल के पेद्दपल्ली स्टेशन में 08 फरवरी तक प्रायोगिक ठहराव की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। यात्रियों को दी गई इस सुविधा में निरंतरता बनाए रखने हेतु इन दोनों गाड़ियों के उपरोक्त स्टेशनों में ठहराव की सुविधा का विस्तार किया गया है । गाड़ी संख्या 17481 बिलासपुर–तिरुपति एक्सप्रेस का चिन्नगंजाम स्टेशन में ठहराव की सुविधा 04 फरवरी से आगामी 06 माह तक जारी रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 17005 हैदराबाद–रक्सौल एक्सप्रेस का 06 फरवरी से आगामी 06 माह तक एवं गाड़ी संख्या 17006 रक्सौल– हैदराबाद एक्सप्रेस का 09 फरवरी से आगामी 06 माह तक पेद्दपल्ली स्टेशन में ठहराव की सुविधा जारी रहेगी।




### अवैध मदिरा के साथ एक पकड़ाया



**बिलासपुर**, 4 फरवरी (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के द्वारा सभी अपराधों में त्वरित और सख्त वैधानिक कार्यवाही करने निर्देश दिया गया है। ग्रामीण एसपी अर्चना झा एवं अनुभागीय पुलिस अधिकारी कोटा नुपुर उपाध्याय के मार्गदर्शन में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ की एक व्यक्ति गनियारी से अपने मोटर साइकिल से भारी मात्रा में देशी शराब लेकर जा रहा है कि जिस पर गवाहों के साथ कोटा पुलिस के द्वारा रेड कार्रवाई कर आरोपी राम दुलार सूर्यवंशी पिता रामजी सूर्यवंशी उम्र 56 वर्ष निवासी ग्राम चनाडोगंरी थाना तखतपुर के कब्जे से 35 नग देशी प्लेन शराब प्रत्येक में 180 रूरू कुल 6.300 लीटर कीमती 3150 रुपए , एक सफेद रंग के प्लास्टिक जरीकेन में 5 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 1000 रुपए एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटर साइकिल हीरो डीलक्स क्रमांक ष्ट्ठ 10ए र 3134 को जप्त कर धारा 34(2),59(क) आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### आन लाइन चाकू मंगवाने वालों की हो रही जांच

#### एसपी ने एक हफ्ते के भीतर थानों में चाकू जमा करने कहा

बिलासपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ऑनलाईन प्लेटफॉर्म अमेजन, फ्लिपकार्ट, ब्लूडार्ट, एक्सप्रेसवे, मीसो आदि के मैनेजर की ऑनलाइन चाकू डिलीवरी के संबंध में मीटिंग ली गई। पुलिस अधीक्षक ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से 01 वर्ष के भीतर बिलासपुर जिले में किसी भी प्रकार के चाकू ऑनलाईन मंगवाने वाले ग्राहकों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई है। उक्त जानकारी संबंधित थाने को भेज दी गई है। इस सम्बंध में जिन भी ग्राहकों /व्यक्तियों के द्वारा ऑनलाईन प्लेटफॉर्म से चाकू मंगवाया गया है उनसे ये अपील की जाती है कि आप सभी आवश्यक रूप से 10 फरवरी तक अपने अपने थाना क्षेत्र के थाना प्रभारियों के पास उक्त चाकू जमा/चेक कराया जाना सुनिशर्ि्चित कर लें। थाना प्रभारियों के द्वारा ऑनलाईन मंगाई गई उक्त चाकू को चेक करने के उपरांत यदि घरेलू उपयोग हेतु मंगवाना प्रतीत होने पर संबंधितों को वापस कर दी जावेगी तथा घरेलू उपयोग हेतु प्रतीत नहीं होना पाये जाने पर उसे सुरक्षार्थ किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना दुर्घटना होने से बचाव हेतु थाना में जमा करा लिया जावेगा । 10 फरवरी तक ऐसा नहीं करने पर पुलिस विभाग के द्वारा ऑनलाईन प्लेटफॉर्म से प्राप्त ऐसे ग्राहकों की सूची के अनुसार औचक निरुक्षण किये जाने पर उनके विरूद्ध शस्त्र अधिनियम के अंतरगत वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

## जिला पंचायत सदस्यों के नामांकन में 185 आवेदन विधिमान्य

**बिलासपुर**, 4 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत जिला बिलासपुर में जिला पंचायत सदस्यों के नामांकन हेतु प्राप्त नाम निर्दशन पत्रों के परीक्षण उपरान्त जारी की गई विधिमान्य अभ्यर्थियों की सूची।

बिलासपुर जिल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के लिए निर्धारित अंतिम दिवस तक प्राप्त 143 अभ्यर्थियों के द्वारा प्रस्तुत 187 पत्रों का परीक्षण उपरान्त विधिमान्य नाम निर्दे शित अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई जिसमें आज दिनांक को परीक्षण उपरान्त निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 13 के अभ्यर्थी श्रीमती बिंद्र म जायसी 1/4 बिन्द् 1/2 पति राम तिरथ जायसी के द्वारा प्रस्तुत 02 आवेदनों में से 01 आवेदन में त्रुटि होने के कारण निरस्त करते हुए 01 आवेदन को विधिमान्य घोषित किया गया। क्षेत्र क्रमांक 10 के अभ्यर्थी अभिलेश यादव के द्वारा नाम निर्देशन हेतु प्रस्तुत आवेदन में आपत्ति प्राप्त होने के उपरान्त आपत्ति सही पाये जाने पर अभिलेश यादव का नामाकंन निरस्त किया गया। इस प्रकार जिला पंचायत सदस्य हेतु कुल 142 अभ्यर्थियो के द्वारा 185 आवेदन विधिमान्य पाये गये।



## दूसरे फेरे के लिए नागपुर–दानापुर महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन की सुविधा

**बिलासपुर**, 4 फरवरी (देशबन्धु)। महाकुंभ मेले के दौरान ट्रेन में होने वाली अतिरिक्त भीड़-भाड़ के दौरान रेल यात्रियों को अधिक से अधिक कन्फर्म बर्थ/सीट की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली एक फेरे के लिए 08 फरवरी, को नागपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 01203 नागपुर–दानापुर कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है । इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी 09 फरवरी को दानापुर से चलने वाली गाड़ी 01204 दानापुर–नागपुर कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है।




दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली यह कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन का गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, घंसौर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना जंक्शन, माणिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी जंक्शन, मिर्ज़ापुर, चुनार जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा रेलवे स्टेशनों में ठहराव की सुविधा दी जा रही है।

यह कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन 02 एसी टू कम एसी प्रथम, 01 एसी टू, 02 एसी टू कम एसी थ्री, 09 थ्री, एसी थ्री, 04 स्लीपर, 02 एसएलआरडी सहित 20 कोच के साथ चलेगी।

**इस गाड़ी की समय सारणी इस प्रकार है–** 01203 नागपुर–दानापुर कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन नागपुर 15.00 बजे रवाना होकर गोंदिया 16.55/17.00 बजे, बालाघाट 17.38/17.40 बजे, नैनपुर 19.33/19.35 बजे, घंसौर 20.03/20.05 बजे, जबलपुर 00.05/00.15 बजे, कटनी 01.20/01.25 बजे, मैहर 02.18/02.20 बजे, सतना 02.50/02.55 बजे, माणिकपुर 04.18/04.20 बजे, प्रयागराज छिवकी जंक्शन 06.20/06.25 बजे, मिर्ज़ापुर 07.25/07.27 बजे, चुनार जंक्शन 07.55/07.57 बजे, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन 10.15/10.25 बजे, बक्सर 11.24/11.26 बजे, आरा 12.11/12.13 बजे तथा दानापुर रेलवे स्टेशन 13.00 बजे पहुचेगी ।

**इस प्रकार विपरीत दिशा में समय सारणी इस प्रकार है–** 01204 दानापुर–नागपुर कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन दानापुर से 14.30 बजे रवाना होकर आरा 15.00/15.02 बजे, बक्सर 15.55/15.57 बजे, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन 18.30/18.40 बजे, चुनार 19.28/19.30 बजे, मिर्ज़ापुर 20.00/20.02 बजे, प्रयागराज छिवकी जंक्शन 21.25/21.30 बजे, माणिकपुर 00.13/00.15 बजे, सतना 01.25/01.30 बजे, मैहर 01.58/02.00 बजे, कटनी 02.45/02.50 बजे, जबलपुर 04.05/04.15 बजे, घंसौर 05.28/05.30 बजे नैनपुर 06.13/06.15 बजे, बालाघाट 07.27/07.30 बजे, गोंदिया 08.55/09.00 बजे तथा नागपुर 11.40 बजे पहुचेगी ।

## बर्ड फ्लू संक्रमण से बचाव के लिए सतर्कता एवं रेपिड रिस्पान्स टीम गठित

**बिलासपुर**, 4 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार प्रवासी पक्षियों से फैले रोग बर्ड फ्लू के रोकथाम एवं सतत निगरानी के लिए जिले में पशु पालन विभाग द्वारा जिला स्तरीय रेपिड रिस्पान्स टीम का गठन किया गया है।

जिसमें अतिरिक्त उप संचालक डॉ. अर्चना अग्रवाल (9406213414) एवं पशु चिकित्सा सहायक शल्य डी.आई.लैब डॉ. तनमय ओत्तलवार (7999459198) को संभाग स्तरीय रेपिड रेस्पॉन्स टीम के लिए अधिकृत किया गया है। इसी प्रकार अतिरिक्त उप संचालक चल चिकित्सा अधिकारी डॉ. विरेन्द्र पिल्ले (9406158769) को जिला नोडल अधिकारी एवं नियंत्रण कक्ष प्रभारी और अतिरिक्त उपसंचालक प्रभारी जिला पशु चिकित्सा डॉ. राम ओत्तलवार (8109894585), सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्रीय अधिकारी बी.एम. पाण्डेय (9907749406), सहायक सांख्यिकी अधिकारी कैलाश गजभिए (9981452086), प्रगणक कार्यालयीन श्री राहुल वैष्णव (7987052273) एवं परिचारक कार्यालीयन अनिल कुमार यादव (7828365551) को सदस्य के रूप में अधिकृत किया गया है।



संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जी. एस. एस. तवर ने जिले के सभी नागरिकों पोल्ट्रीफार्मो व्यवसायिक एवं वन विभाग से अपील करते हुए कहा है कि बर्ड फ्लू रोग की जानकारी से जिला स्तरीय रेपिड रिस्पान्स टीम को अवगत कराएं।

उन्होंने कहा कि यह पक्षियों का संक्रामक एवं घातक रोग है जिससे बैकयार्ड, पोल्ट्री पालक एवं पोल्ट्री व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों को अत्यधिक हानि होती है। यह रोग मनुष्यो को भी संक्रमित करता है। पशु, पक्षी बाजारों, कुक्कुट उत्पादों के वितरण श्रृंखला ऐसे स्थान जहां बतखों की संख्या ज्यादा है जल श्रोतों तथा प्रवासी, जंगली पक्षियों में रोग के लक्षण अथवा मृत पाये जाने वाले पक्षी के नाम व संख्या की सूची हमारे कार्यालय पशु चिकित्सा सेवायें को दें ताकि उन क्षेत्रों के समीप के पोल्ट्री पॉप्यूलेशन के निगरानी एवं सेरो सर्विलेंस हेतु कार्ययोजना बनाई जा सके।

बताया गया कि रायगढ़ जिले के पक्षियों में बर्ड फ्लू का प्रकोप पाया गया है। प्रवासी पक्षियो द्वारा रोग के संभावित प्रसार के मद्देनजर रेपिड रिस्पान्स टीम का गठन किया गया है।

## निर्वाचन ड्यूटी में तैनात मतदाताओं के लिए बनाए गए सुविधा केंद्र

### प्रत्याशी या अधिकृत प्रतिनिधि मतदान की प्रक्रिया का कर सकते हैं अवलोकन

**बिलासपुर**, 4 फरवरी (देशबन्धु)। जिले के नगरीय निकायों में निर्वाचन ड्यूटी पर कार्यरत मतदान कर्मियों, पुलिस कर्मियों और निर्वाचन कार्य में संलग्न अन्य कर्मियों के लिए निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र के माध्यम से मतदान के लिए सुविधा केन्द्र बनाए गए हैं। ऐसे मतदानकर्मी जिन्होंने अपने मताधिकार के प्रयोग हेतु डाक मतपत्र के लिए विधिवत आवेदन किया है, उनके मतदान के लिए सुविधा केंद्र बनाए गए है। इनमें स्वामी आत्मानंद बहुउद्देशीय उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालय, दयालबंद, गांधी चौक बिलासपुर, एवं लालबहादुर स्कूल में 05 और 06 फरवरी सवेरे 10.30 बजे 4.30 बजे तक मतदान की प्रक्रिया बिलासपुर जिले के सभी नगरीय हेतु संचालित होगी।

इसी प्रकार कार्यालय रिटर्निंग ऑफिसर, नगर पालिक निगम, बिलासपुर के लिए कलेक्टर कार्यालय बिलासपुर में एवं अन्य नगरीय निकायों का उनके रिटर्निंग अधिकारी के मुख्यालय में दिनांक 07 व 09 फरवरी सुबह 10.30 बजे से दोपहर 4.30 बजे तक मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी। निर्वाचन दल रवानगी दिवस को भी सभी निकायों के मतदान सामग्री वितरण केंद्र में 10 फरवरी 2025 को सवेरे 7.00 बजे से मतदान दल की रवानगी तक सुविधा केंद्र बनाया जाएगा, जिसके माध्यम से निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी , कर्मचारी तथा निर्वाचन दल में नियुक्त मतदानकर्मियों को मतदान की सुविधा प्राप्त होगी। इस मतदान की प्रक्रिया का अवलोकन प्रत्याशी या उनके पूर्व सूचना पर अधिकृत प्रतिनिधि कर सकते हैं। निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र से मतदान की सुविधा के लिए आवेदन करने वाले कर्मचारी केवल निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र से ही मतदान कर सकते हैं, उन्हें अपने संबंधित मतदान केन्द्र में मतदान करने की पात्रता, किसी भी स्थिति में नहीं होगी। निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र से मतदान करने के लिए संबंधित कर्मचारी को अपना निर्वाचन कार्य से संबंधित आदेश दिखाना भी अनिवार्य होगा।

## विश्व कैंसर दिवस पर रेलवे सेंट्रल हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर

**बिलासपुर**, 4 फरवरी (देशबन्धु)। जरूरतमंद लोगों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और कैंसर, थैलेसिमिया जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों की सहायता करने के उद्देश्य से विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सेंट्रल हॉस्पिटल में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स ने सामूहिक रूप से रक्तदान कर मानवता और सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया। साथ ही इस पुनीत कार्य में सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स ने सक्रिय रूप से भाग लेकर एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया।



वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स न केवल आपदा प्रबंधन और आपातकालीन स्थितियों में सहायता प्रदान करते हैं, बल्कि समय–समय पर सुरक्षा, सतर्कता और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य भी करते हैं।

इस अवसर पर सेंट्रल हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सकों और अधिकारियों ने भी वॉलिंटियर्स के प्रयासों की सराहना की और सभी को नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# सार-संक्षेप


## 3 महीने बंद रहेगी चिकन की दुकानें जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई



**रायगढ़** 04 फरवरी (देशबन्धु)। जिले में फैले बर्ड फ्लू को देखते हुए जिला प्रशासन ने सभी चिकन दुकानों को आगामी 3 महीने के लिए बंद रखने का आदेश जारी किया। प्रशासन का यह कदम स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, लेकिन इससे चिकन बेचने वाले दुकानदारों के लिए बड़ी परेशानी खड़ी हो गई है। इस आदेश पर चिकन विक्रेता खासे नाराज हैं और उन्होंने जिला प्रशासन के सामने पुनर्विचार की मांग रखी। कलेक्ट कार्यालय में भारी संख्या में दुकानदार पहुंचे और ज्ञापन सौंपा।

जिसमें उन्होंने प्रशासन से 3 महीने तक दुकानें बंद करने के फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील की। दुकानदारों का कहना है कि उनका व्यवसाय उनके जीवन यापन का मुख्य स्रोत है, जिससे घर का पालन-पोषण और बच्चों की शिक्षा चलती है। अगर 3 महीने तक दुकानें बंद रहेंगी, तो उनके लिए आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। दुकानदारों ने यह भी बताया कि बर्ड फ्लू केवल सरकारी पोल्ट्री फार्म में पाया गया है, निजी पोल्ट्री फार्म या चिकन दुकानों में इसका कोई असर नहीं है।

## तीन महीने से नहीं मिला राशन एसडीएम कार्यालय पहुंचे ग्रामीण



रायगढ़ 04 फरवरी (देशबन्धु)। धरमजयगढ़ ब्लॉक अंतर्गत आने वाले कई गांवों में सरकारी राशन नहीं दिए जाने के आरोप लगातार सामने आ रहा है। क्षेत्र में कई गांव ऐसे हैं जहां के ग्रामीणों के अनुसार उन्हें सरकारी राशन नहीं मिल पा रहा है। इस सिलसिले में सोमवार को धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत बोरो के सैकड़ों ग्रामीण ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे और धरमजयगढ़ एसडीएम धनराज मरकाम से मुलाकात कर 3 महीने से राशन नहीं मिलने की जानकारी दी।

एसडीएम कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि हमें नहीं पता कि हमारा राशन कहां जा रहा है इसलिए हम उसे ढूंढने आए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बाकी लोगों को राशन दिया जाता है लेकिन जब बोरो और समीपस्थ संगरा गांव के निवासियों की बारी आती है तो दुकान संचालक कहते हैं कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर राशन खत्म हो गया है। ऐसे में उन्हें बीते तीन महीने से राशन नहीं दिया गया है। ग्रामीणों ने अपने आरोप के समर्थन में राशन कार्ड भी दिखाए।

## उचित मूल्य की दुकान के सामने हूई मौत , मचा हड़कंप



रायगढ़ 04 फरवरी (देशबन्धु)। घरघोड़ा थाना से बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है जिसमे उचित मूल्य दुकान के सामने युवक अचानक से गिरा और उसकी मौत हो गई।

बताये अनुसार मृतक युवक नामांकन भरने गये नेता के समर्थक के रूप में गया था जहाँ अचानक से गिरा और मौके पर शंकर मांझी पिता गमसाय मांझी उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी कुडूमकेला की मौत हो गई है। मौत होने की खबर से आसपास में हड़कंप मच गया । घटना की सुचना घरघोड़ा पुलिस को दे दी गई है।

## रायगढ़ विकास के बेहतर वादों को लेकर जनता के बीच पहुंच रहे जेठूराम



रायगढ़ 04 फरवरी (देशबन्धु)। रायगढ़ जिला मुख्यालय में धाकड़ नेता के नाम से जाने पहचाने जाने वाले जेठूराम मनहर का शहर में जन संपर्क अभियान जारी है। रायगढ़ विकास के बेहतर 20 से अधिक वादों को लेकर जनता के बीच पहुंच रहे नेता का हरेक गली मोहल्लों में जोशीला स्वागत हो रहा है। साथ ही शहर की जनता एक बार फिर से जेठूराम के पक्ष में खड़ी नजर आने लगी है।

रायगढ़ नगरीय निकाय चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में महापौर चुनाव लड़ रहे जेठूराम मनहर अपने चुनाव चिन्ह कांच का गिलास को लेकर आम जनता को समर्थन जुटाने सोमवार की सुबह शहर के धांगरडीपा, राजीवनगर, विद्युतमंडल कालोनी, विकासनगर, चुनाभट्ठा, अटल आवास, बंगलापारा, दरोगापारा, सोनकरपारा, बैकुंठपुर, बाउलीकुआं, बरमुड़ा, अमलीभौना के अलावा सराईपाली पहुंचे। शहर के इन सभी वार्डो में जैसे ही जेठूराम मनहर का काफिला पहुंचा वहां का नजारा देखते ही बन रहा था। लोग अपने-अपने घरों से निकलकर उनके बीच पहुंचे रायगढ़ के दिग्गज नेता का स्वागत करने में कोई कसर नही छोड़ी। साथ ही साथ निर्दलीय प्रत्याशी जेठूराम के साथ कदम से कदम मिलाते हुए अपने पूरे क्षेत्र में जन संपर्क भी कराया गया।

निर्दलीय प्रत्याशी जेठूराम मनहर के धुंआधार जन संपर्क में उन्हें लगातार मिलने वाले अपार जनसमर्थन से भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों में खलबली मचा दी है। जानकारों की मानें तो जिस तरह दो दिनों के भीतर जेठूराम मनहर को हरेक गली मोहल्लों में लोगों का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है उससे इंकार नही किया जा सकता कि वे सबको पीछे छोड़कर ऐतिहासिक जीत दर्ज भी कर सकते हैं।

# बेरोजगारों के साथ धोखा करने वाली व अपराध को बढ़ावा देने वाली है भाजपा सरकार- दीपक बैज

### कहा- भाजपा के सत्ता सम्हालने के बाद ही प्रदेश में भय का वातावरण निर्मित हुआ



**रायगढ़** 04 फरवरी (देशबन्धु)। संजय मैदान रामभांटा में कल पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में उपस्थित होकर नगरीय निकाय चुनाव का पारा बढ़ा दिया उनके साथ केंद्र से आई प्रदेश सह प्रभारी जरिता लैतफलांग पूर्व केबिनेट मंत्री व खरसिया विधायक उमेश पटेल पूर्व विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला, अरुण गुप्ता जानकी काटजू,मंचस्थ थे।

अपने जोशीले अंदाज में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिना विचारधारा वाली पार्टी भाजपा के डबल इंजन की सरकार दिल्ली व नागपुर से चल रही है इनका कोई विजन नहीं है और इनके पास एक ही हथियार है जिसका इस्तेमाल ये हर वक्त करते रहे हैं वह: है नफरत फैलाना आपस मे फुट डलवाना व राज करना इन्हें हार का बड़ा खौफ है यही कारण है ये लगातार चुनाव की तिथियां आगे बढ़वाते रहे और चुनाव आयोग भी इनकी कठपुतली बनकर कार्य कर रहा है। रायगढ़ के 2 प्रत्याशीयों को भयादोहन व धनबल के प्रयोग से इन्होंने चुनाव पर्चा वापिस लेने में भी सफलता पाई ये इशारा करता है इन्हें लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव जीतने पर भरोसा नहीं है हमें और भी प्रत्याशीयों से भी सूचना मिली है जिन्हें प्रलोभन मिला था पर उन्होंने एक टूक ऐसा करने से इनकार किया जिसमें वार्ड क्रमांक 23 के प्रत्याशी ने स्वयं मंच में आकर अपने मुखिया को अपनी गाथा सुनाई जिसे आज संजय मैदान में अवस्थित जन सैलाब ने सुना और कार्यकर्ताओं ने बीजेपी हाय हाय के नारे लगाए। दीपक बैज ने भरोसा दिलाया कि हम भाजपा को सभी वार्डों में जबरदस्त शिकस्त देने के लिए तैयार है। आगे दीपक बैज ने बताया बताया ऋण के बोझ तक प्रदेश का प्रत्येक नागरिक दब चुका है और पूरा प्रदेश में विकास की बात हो रही है जबकि जमीनी तौर पर विकास शून्य है। सरकार बनने के बाद प्रदेश के बेरोजगारों में जो रोजगार को लेकर जो उम्मीद जगी थी जब रोजगार के लिए बेरोजगार विद्यार्थी जब उनके पास पहुंचते है तो उन्हें प्रशासनिक डंडे का सामना करना पड़ता है ये इनकी अन्याय व गुंडाराज को चरितार्थ करती है। वही पूर्व मंत्री एवम खरसिया विधायक उमेश पटेल ने सभा को सम्बोधित कहा कि डर और भय के सामने हम नहीं झुकेंगे हम लड़ेंगे और जीतेंगे भाजपा धन बल के दबाव में राजनीति करना चाह रही है जो लोकतांत्रिक परम्परा के अनुरूप नहीं है।

## व्यय प्रेक्षक ने किया अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का अवलोकन



**मुंगेली,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। नगरपालिका मुंगेली और लोरमी क्षेत्र के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखों का व्यय प्रेक्षक श्री कैलाश खुटियारे ने जिला कलेक्टोरेट स्थित आगर सभाकक्ष में अवलोकन किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री अजय शतरंज भी उपस्थित रहे। व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन नियमों के पालन पर जोर देते हुए कहा कि हर प्रत्याशी को अपने चुनाव प्रचार-प्रसार से जुड़े सभी खर्चों का लेखा-जोखा संधारित करना अनिवार्य है। उन्होंने अभ्यर्थियों के व्यय पंजी और निर्वाचन लेखा टीम द्वारा संधारित रजिस्टर का मिलान किया और सभी अभ्यर्थियों को पारदर्शी और सटीक व्यय लेखा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। *व्यय प्रेक्षक ने मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का किया निरीक्षण* व्यय प्रेक्षक श्री खुटियारे ने डिप्टी कलेक्टर श्री शतरंज के साथ जिला कलेक्टोरेट स्थित आगर सभाकक्ष में स्थापित मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) का भी निरीक्षण किया। इस दौरान समिति के सदस्यों को अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों और अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन के दौरान पेड न्यूज़ का उपयोग किया जा सकता है, इसलिए समिति को इस पर विशेष ध्यान देना होगा। अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत विज्ञापनों की प्रमाणिकता और सामग्री की समीक्षा आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समिति को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी विज्ञापन सामाजिक समरसता, संविधान, कानून, नैतिकता, सदाचार और धार्मिक आस्थाओं के विरुद्ध न हो। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मास्टर ट्रेनर ईवीएम से वोट डालने की प्रक्रिया समझा रहे



**मुंगेली,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। ईवीएम का प्रदर्शन कर नागरिकों को मतदान करने की प्रक्रिया बताई* मुंगेली, 04 फरवरी 2025// कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राहुल देव के निर्देशानुसार "जाबो कार्यक्रम जागव वोटर" जागरूकता अभियान अंतर्गत मास्टर ट्रेनरों द्वारा ईवीएम मशीन का प्रदर्शन कर नागरिकों को मतदान करने की प्रक्रिया बताई जा रही है। इसी तारतम्य में नगर पंचायत सरगांव में मतदाताओं को ईवीएम मशीन से मतदान की जानकारी दी गई और स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण रूप से शतप्रतिशत मतदान करने जागरूक किया गया। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि मशीन में अध्यक्ष पद हेतु शुरू में सफेद कागज पर अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों का नाम रहेगा, जिसमें मतदाता को अपने पसंद के उम्मीदवार का चयन उसके सामने के बटन को दबाकर करना है। इसके बाद एक छोटी बीप की आवाज सुनाई देगी। इसी प्रकार पार्षद पद हेतु मशीन में अध्यक्ष पद के नीचे पार्षद पद हेतु गुलाबी रंग के कागज पर पार्षद पद के उम्मीदवारों के नाम होंगे, जिसमें मतदाता को अपने पसंदीदा उम्मीदवार के सामने वाला बटन दबाकर पार्षद पद के लिए मतदान करना है। दोनों वोट के दर्ज होने पर एक लंबी बीप की आवाज सुनाई देगी और अगले मतदाता के लिए मतदान की प्रक्रिया शुरू हो सकेगी। साथ ही, नोटा का विकल्प भी रखा गया है। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## कार्यालय प्रमुख आबंटित बजट राशि की सीमा में ही कार्यालयीन व्यय सुनिश्चित करें - कलेक्टर



**मुंगेली,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। राज्य वित्त विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री राहुल देव ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में समस्त कार्यालय प्रमुखों के वित्तीय वर्ष 2024-25 के मदवार प्राप्त आंबटन एवं व्यय के संबंध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभिन्न विभागों के अंतर्गत जिले के कार्यालयों में भुगतान हेतु लंबित उपप्रमाणकों के संबंध में जानकारी ली और इसी वित्तीय वर्ष में बजट प्राप्त कर भुगतान करने एवं आबंटित बजट की सीमा में ही कार्यालयीन व्यय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अत्यावश्यक खर्च की स्थिति में उक्त कार्य के लिए बजट का प्रावधान तथा व्यय स्वीकृति हेतु सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन लिया जाए। कलेक्टर ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त बजट आबंटन से अधिक व्यय किए जाने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक पर नाराजगी जाहिर की और विभिन्न मदों से संबंधित लंबित उप प्रमाणकों, संबंधित फर्म तथा देय राशि की जानकारी कारण सहित जिला कोषालय अधिकारी को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वित्त विभाग द्वारा प्रत्येक तिमाहीवार व्यय की सीमा निर्धारित की गई है। प्रावधानित आबंटित राशि से अधिक व्यय आबंटन की प्रत्याशा में न किया जाए। वित्त विभागों के निर्देशों का गंभीरतापूर्वक पालन किया जाए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री जी. एल. यादव एवं श्रीमती मेनका प्रधान सहित सर्व कार्यालय प्रमुख मौजूद रहे।

## सीमांकन कार्य में लापरवाही राजस्व निरीक्षक नरेश साहू निलंबित

**मुंगेली,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर राहुल देव ने भूमि सीमांकन के कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर मुंगेली(शहरी) के राजस्व निरीक्षक नरेश कुमार साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा द्वारा जारी आदेश के अनुसार न्यायालय तहसीलदार मुंगेली में 18 नवंबर को सीमांकन प्रकरण दर्ज कर राजस्व निरीक्षक को भूमि सीमांकन करने हेतु ज्ञापन जारी किया गया था। राजस्व निरीक्षक के प्रभार क्षेत्र अंतर्गत 12 सीमांकन प्रकरण लंबित है, जिसमें आज दिनांक तक प्रतिवेदन अप्राप्त है।

यह अपने उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना, कर्तव्यों के निर्वहन में घोर उदासीनता और शासकीय कार्यों के प्रति लापरवाही तथा स्वेच्छाचारिता का घोतक है और सिविल सेवा आचरण नियम के विरुद्ध है।

राजस्व निरीक्षक श्री साहू को उक्त कृत्य हेतु छत्तीसगढ़ सिविल सेवा के नियम 1966 के नियम 9 (1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री साहू का मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा जिला मुंगेली निर्धारित किया गया है।

## निर्दलीय प्रत्याशी मयंक को मिल रहा वार्ड के लोगों का जोरदार समर्थन

### जनता को भरोसा पढ़े लिखे मिलनसार युवा पर



रायगढ़ 04 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव होनें में अब महज कुछ दिन ही बचे हैं। ऐसे में भाजपा-कांग्रेस के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ जनता के बीच पहुंचकर जन संपर्क करने में जुटे हुए है। इसी के तहत आज वार्ड नं. 4 के निर्दलीय प्रत्याशी मयंक मनहर ने आज अपने वार्ड के कई मोहल्लों में जन संपर्क किया।

मंगलवार की सुबह वार्ड नं. 4 के निर्दलीय प्रत्याशी अपने चुनाव चिन्ह ब्लैक बोर्ड को लेकर ईशा नगर, जगतपुर, खाखा बस्ती, नीचे पारा के अलावा मुस्लिम बस्ती में पहुंचे। पिछले दो दिनों में निर्दलीय प्रत्याशी मयंक मनहर का डोर टू डोर जन संपर्क अभियान जारी है और इस बीच लोगों का उन्हें अच्छा खासा जनसमर्थन भी मिल रहा है। नगर निगम के वार्ड क्रमांक 4 का चुनाव इस बार काफी दिलचस्प होनें वाला है। भाजपा-कांग्रेस के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मयंक मनहर लगातार जन संपर्क करते हुए अपने वार्ड के हर गली मोहल्लों के अलावा हर घर तक पहुंचकर लोगों का आशीर्वाद ले रहे हैं और इस दौरान उन्हें जनता का अपार समर्थन भी मिलने लगा है। वार्ड क्रमांक 04 के लोगों का भी कहना है कि उनके वार्ड के निर्दलीय प्रत्याशी मयंक मनहर पढ़े लिखे युवा होनें के साथ-साथ मिलनसार और सहयोगी नेचर के व्यक्ति हैं। जिसे देखते हुए हमे उम्मीद है कि इस बार वार्ड नं. 4 से निश्चित तौर पर एक निर्दलीय प्रत्याशी को कामयाबी मिलेगी।

## बसन्त पंचमी का पर्व हमारे जीवन में नई संस्कृति एवं ऊर्जा का संचार करता है



**एमसीबी चिरमिरी,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। बसंत पंचमी के इस विशेष अवसर पर विद्यालय में विशेष प्रात: सभा का आयोजन किया गया जिसमें प्री प्राइमरी के नौनिहालों सहित कक्षा बारहवीं तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र एवम् विद्यालय गीत से हुआ तत्पश्चात् कक्षा चौथी की छात्राओं ने माता सरस्वती की स्तुति स्वरुप आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया एवं कक्षा सातवीं की छात्राओं ने सुमधुर वाद्ययंत्रों सहित सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। विद्यालय की कक्षा सातवीं की छात्रा शांभवी ने बसंत पंचमी की महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवान बह्मा ने जब देखा की सृष्टि में मनुष्य तो हैं मगर उनका जीवन नीरज और मौन है तब भगवान ब्रह्मा ने अपने कमंडल से जल छिलका और एक अद्भुत शक्ति प्रकट हुई वह शक्ति देवी सरस्वती के रूप में अवतरित हुई जो हाथों में वह वीणा पुस्तक और माला लिए थीं। देवी सरस्वती ने वीणा के तार छेड़े जिसे सृष्टि में मधुर ध्वनि और जीवन का संचार हुआ। तभी से देवी श्री सरस्वती को ज्ञान संगीत और कला की देवी माना जाता है एवं उसी दिन से उनकी पूजा के लिए बसंत पंचमी का दिन तय किया गया। बसंत पंचमी न केवल ऋतु परिवर्तन का प्रतीक है बल्कि यह हमें यह भी सिखाता है कि शिक्षा और ज्ञान ही जीवन की सच्ची धरोहर हैं।

राष्ट्गान के साथ विशेष प्रात: सभा का समापन हुआ, कार्यक्रम का संचालन कक्षा सातवीं की छात्रा अनाया सिंह एवं अदिति ने किया। विशेष प्रात: सभा के पश्चात् छात्रों को निर्देशित किया गया कि वे अपनी कक्षाओं से क्रमवार माता सरस्वती के उपासना स्थल पर पहुंचे जहां माता सरस्वती की विशेष पूजन का प्रबन्ध किया गया था। संस्था के अध्यक्ष रमेश चंद्र सिंह एवं श्रीमति मीरा सिंह द्वारा षोडशोपचार विधि से पूजन के पश्चात सभी विद्यार्थियों ने हवन में भाग लिया एवं प्रसाद ग्रहण किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ बसंत कुमार तिवारी ने अपने संदेश में कहा कि बसंत पंचमी का पर्व हमारे जीवन में नई उमंग और ऊर्जा का संचार करता है यह दिन हमें न केवल मौसम के परिवर्तन का एहसास कराता है। इस दिन के साथ ही धरती पर एक नए जीवन का संचार होता है पीले रंग के फूल खिलते हैं, वातावरण में चमक होती है और यह सभी को उत्साहित करता है इसी तरह हमें भी अपने जीवन में बदलाव और सकारात्मकता लाने की आवश्यकता है। बसंत पंचमी का पर्व यह संदेश देता है कि जीवन में हर दिन को नए उत्साह और नई उम्मीद के साथ जीना चाहिए, इस विशेष दिन पर हम संकल्प लेते है ताकि विश्व में एक सकारात्मक बदलाव ला सकें और अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हो सकें। संस्था की निदेशिका श्रीमति पूनम सिंह ने भी विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि हमारी संस्कृति और सभ्यता में शिक्षा को सर्वोपरि माना गया है भारतीय समाज में गुरु शिष्य परंपरा के माध्यम से ज्ञान का प्रचार बसंत पंचमी इस परंपरा को सम्मानित करने का दिन है, जो हमें यह याद दिलाता है कि ज्ञान हमें जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिला सकता है, बल्कि यह हमारे जीवन में बदलाव और सुधार का प्रतीक भी है संस्था के अध्यक्ष एवम् अधिवक्ता रमेश चंद्र सिंह सहित अभिभावकों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर छात्रों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी।

### पुस्तक चर्चा एवं काव्य संध्या -

## बसंत पंचमी पर वनमाली एवं संबोधन संस्थान का आयोजन




**मनेन्द्रगढ़,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। विद्वान साहित्यकार संतोष चौबे की पुस्तक कहानी का रास्ता 10 अलग-अलग क्रम में लिखी कहानी लेखन के इतिहास से वर्तमान तक की कहानी यात्रा का दस्तावेज है .

समीक्षक एवं शासकीय महिला महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ के प्राचार्य डॉ. रामकिंकर पांडे ने वनमाली सृजन केंद्र एवं संबोधन संस्थान मनेन्द्रगढ़ द्वारा आयोजित कहानी का रास्ता पुस्तक पर आयोजित परिचर्चा में उक्ताशय के विचार मुख्य अतिथि की आलंदी से व्यक्त किए. उन्होंने कहा कि इस पुस्तक में हिंदी की पहली कहानी टोकरी भर मिट्टी की चर्चा से लेकर कहानी के बदलते पक्ष, तेवर ,शिल्प ,एवं कहानी लेखन के परिवर्तित स्वरूप का रोजनामचा प्रस्तुत है. हालाकि कुछ प्रश्नों पर मेरी असहमति जरूर है कि फिल्में कहानी से आगे नहीं हो सकती, क्योंकि फिल्में किसी लेखक की कहानियों पर ही बनाई जाती है. यह पुस्तक कहानी विधा पर शोध करने वाले छात्रों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगी ऐसा मेरा मानना है. आईसेक्ट महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ के सभागार में बसंत पर्व पर आयोजित इस परिचर्चा को वनमाली सृजन केंद्र के संयोजक बीरेंद्र श्रीवास्तव ने पुस्तक पर चर्चा करते हुए कहां कि भारतीय संस्कृति और साहित्य का इतिहास बूढी दादी और दादाजी के किस्से - कहानियों से शुरू होता है. किस्सा कहने सुनने और हुंकारी भरने से शुरू हुआ यह संसार व्यापक रूप से आगे बढ़कर शब्दों और शिल्प की मांग के साथ कहानियों का एक व्यापक संसार गढ़ देता है. किस्सा गुल बकावली का जैसे साप्ताहिक बाजार में मिलने वाली पुस्तकों के कहानी के प्रारंभ सेवर्तमान तक की कहानी यात्रा के बदलाव के दस्तावेज कहानी का रास्ता पुस्तक में शामिल है. हल्के रंग की कमीज जैसे चर्चित कहानी संग्रह के लेखक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अंतर्राष्ट्रीय वैली आप वर्डस जैसे अवार्ड से सम्मानित श्री संतोष चौबे कुशल लेखन प्रतिभा के धनी है . नरोत्तम शर्मा एवं शैलेश जैन जैसे सुपरिचित कलाकारों के गीत प्रस्तुति एवं प्राकृतिक रंगो से सजे बसंत पर्व का इस कार्यक्रम का संचालन गौरव अग्रवाल ने किया. उन्होंने बसंत के आगमन और सृजन की देवी मां सरस्वती को नमन करते हुए संबोधन साहित्य संस्थान के अध्यक्ष श्री अनिल जैन को आमंत्रित किया। अनिल जैन ने कहा कि हमारी अध्यात्मिक चेतना कहानियों का विशाल भंडार समेटे हुए हैं लेकिन समय और काल के अनुसार यह कहानी बदलती रही है. इसी बदलाव के साथ वर्तमान कहानी तक की यात्रा को पुस्तक कहानी का रास्ता कहानी के विविध पक्षों के साथ उजागर करती है. आईसेक्ट महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ के निदेशक संजीव सिंह ने कहानी का रास्ता के लेखक संतोष चौबे के लेखन सहित उनके सहज व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि लाखों हाथों को कंप्यूटर का मंत्र और रोजगार देने वाले कुशल इंजीनियर एवं साहित्यकार श्री चौबे को लाखों हाथों को रोजगार देने का श्रेय भी जाता है. साहित्य और शिक्षा का ऐसा व्यक्तित्व समाज में बहुत कम दिखाई देता है.देर शाम तक चलते पुस्तक चर्चा में साहित्यकार पुष्कर तिवारी, राजेश जैन, संतोष जैन, कल्याण केसरी, हसदेव धारा साहित्यिक संस्था के अध्यक्ष रितेश श्रीवास्तव,परमेश्वर सिंह, एवं नए लेखक इशिता सिंह, और उज्जवल सिंह, सहित महिला साहित्यकार सुषमा श्रीवास्तव एवं टी. गोपाल राव ने ने भागीदारी की.

## सार-संक्षेप

### डभरा में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ



**डभरा,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पंचायत डभरा के मंगल भवन में 4 फरवरी को भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा नेत्री संयोगिता युद्धवीर सिंह जूदेव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ एवं ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली सड़कों की डामरीकरण कर पक्की सड़क की सुविधा सरकार दे रही है जिसमें महतारी वंदन योजना से महिलाओं को हर महीने लाभ मिल रही है सरकार की सभी योजनाओं को अंतिम छोर तक के लोगों तक पहुंचाने एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने की बात कही। इस कार्यकर्ता सम्मेलन को भाजपा नेताओं ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कैलाश साहू पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा टिकेश्वर गबेल जिला अध्यक्ष भाजपा शक्ति एवं यनिता चंद्रा रूपसिंह चंद्रा नेतराम चंद्रा भूपेंद्र पटेल हेमंत पटेल दिनेश बरेठ दीपक अग्रवाल राधा देवी किरण टंडन सहित बड़ी संख्या में नारी शक्ति एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

### उमेश विश्वकर्मा को डीआर ने किया प्राधिकृत के पद से पृथक

**सारंगढ ,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। जिले के सारंगढ विकासखंड के सेवा सहकारी समिति मर्यादित गाताडीह का प्राधिकृत अधिकारी उमेश विश्कर्मा को नियुक्त किया गया था परंतु कलेक्टर ने उप पंजीयक सहकारिता रायगढ को उक्त प्राधिकृत अधिकारी उमेश के सम्बंध में लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि उमेश द्वारा प्राधिकृत अधिकारी रहते हुए स्वयं को धान उपार्जन केंद्र लेंध्रा का फड प्रभारी घोषित करते हुए कार्य किया गया तथा खाद्य सहकारिता मण्डी की संयुक्त टीम द्वारा धान उपार्जन केंद्र लेंध्रा के भौतिक सत्यापन के दौरान 432.80 क्विंटल धान एवं 3318 नग बारदाने की कमी पाए जाने सम्बंधित प्रतिवेदन के आधार पर उप पंजीयक सहकारिता रायगढ द्वारा उमेश विश्वकर्मा को पद से पृथक करने का आदेश आज जारी किया गया है।

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही, पटवारी हुआ निलंबित

**सारंगढ़,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दुष्यंत कुमार कुर्रे, पटवारी (पहन 20) तहसील बरमकेला को निर्वाचन संबंधित कार्य हेतु ड्यूटी लगाई गई थी, निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही बरतने एवं स्वेच्छाचारितापूर्वक बिना अनुमति के ड्यूटी से प्रस्थान करने पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम के तहत तत्काल प्रभाव से कलेक्टर द्वारा निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में पटवारी दुष्यंत कुमार कुर्रे, का मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) सारंगढ़ निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

### रामायण महंत निर्विरोध पंच चुने गए



**डभरा,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत खरकेना के वार्ड नंबर 6 से रामायण महंत को निर्विरोध पंच घोषित किए गया हैं आपको बता दें कि महंत मोहल्ला में रामायण दास महंत का सामाजिक गतिविधि में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहता है इसी के चलते इनको वार्ड के मतदाताओ द्वारा वार्ड नंबर 6 में निर्विरोध पंच चुने है ताकि वार्ड का विकास हो सके।

### बाहर से नहीं मिलेगा बल, कोटवार, वन रक्षकों से निपटाएंगे चुनाव

जांजगीर, 04 फरवरी (देशबन्धु)। लोकसभा व विधानसभा चुनाव की तरह इस बार नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव में बाहर से बल की सुविधा इन चुनावों में नहीं मिलेगी। हमें स्थानीय पुलिस के अलावा कोटवार, वन रक्षक व नगरसैनिकों को विशेष पुलिस का दर्जा देकर चुनाव में सुरक्षा की कमान दी जाएगी।

एएसपी ने बताया कि नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव में कोटवारों, वन रक्षकों व नगरसैनिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें चुनाव में सुरक्षा की कमान कैसे सम्हालना है इस बात से अवगत कराया जा रहा है। इन कर्मचारियों को बताया जा रहा है कि चुनाव में हमें किस तरह कानून व्यवस्था बनानी है। एएसपी विवेक शुक्ला ने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव में हमें किसी तरह की दिक्कतें नहीं होगी। क्योंकि शहर की जनता समझदार होता है। लेकिन ग्रामीण अंचलों में पंचायत चुनाव में अक्सर विवाद की स्थिति निर्मित होती है। इसके लिए मुस्तैदी से काम किया जाएगा। ग्रामीण स्तर के लोगों की सुरक्षा के लिए अभी से अलर्ट किया जा रहा है। लगातार पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। स्थानीय स्तर की पुलिस लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। इसके अलावा कोटवारों व नगरसैनिकों को भी अलर्ट रहने कहा गया है। ताकि गांव में किसी तरह की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो।

### लगातार दूसरी बार निर्विरोध निर्वाचित हो गया पूरा पंचायत

**10 पंच के साथ सरपंच भी हुए निर्वाचित**

**रायगढ़** 04 फरवरी (देशबन्धु)। जिले के खरसिया विकासखंड अंतर्गत तेंदुमुडी गांव की पूरी पंचायत ही निर्विरोध निर्वाचित हो गई है। यह पहली बार नहीं बल्कि लगातार दूसरी बार ऐसा हुआ है। गांव के लोगों ने आपस में बैठक कर पूरी पंचायत तय की और नामांकन वापसी के दिन इसकी घोषणा हो गई। इससे पहले भी यह कारनामा तेंदुमुडी गांव ने किया था। खरसिया विकासखंड के एक और गांव में कुछ सालनपहले सिर्फ महिलाओं का पंचायत भी बनाया था जिसमें महिला सरपंच और सभी वार्ड पंच महिला थी। उस गांव ने भी अद्भुत रिकॉर्ड बनाया था हालांकि वहां दूसरी बार चुनाव करना पड़ा था। लेकिन तेंदुमुडी में यह वाक्य दुबारा दोहराया गया है।

### कोष्टा पारा पैलेस रोड में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा सरस्वती पूजन

**5 फरवरी को होगा भंडारे का आयोजन**

**रायगढ़** 04 फरवरी (देशबन्धु)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय कोष्टापारा पैलेस रोड़ में मां सरस्वती पूजन हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर यहां को लोग बड़ी संख्या में शामिल होकर मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर रहे है और ज्ञान, शिक्षा और संस्कृति की देवी का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे है। सन 1988 में यहां माँ सरस्वती की प्रतिमा स्थापित हुई थी। तब से माँ सरस्वती का आशीर्वाद है कि विगत 37 वर्षो से यहां के रहवासी प्रतिवर्ष इसी तरह यहां पूजा पाठ करते आ रहे है।

# गर्भपात के प्रयास में युवती की मौत, प्रेमी व झोलाछाप डाक्टर को उम्रकैद

### तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश का फैसला

जांजगीर, 04 फरवरी (देशबन्धु)। प्रेमिका की सहमति के बिना प्रेमी ने झोलाछाप डाक्टर के पास जाकर गर्भपात कराने का प्रयास किया, लेकिन गलत इलाज से प्रेमिका की मौत हो गई, इस मामले में तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार बारा ने आरोपी प्रेमी और झोलाछाप डाक्टर को आजीवन कारावास के साथ अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र का है।

अतिरिक्त लोक अभियोजक योगेश कुमार गोपाल ने बताया कि मुलमुला थाना अंतर्गत ग्राम पकरिया नवागांव निवासी दिलीप कुमार कश्यप और युवती के बीच प्रेम संबंध था। इसी बीच युवती चार-पांच माह की गर्भवती हो गई। जानकारी मिलने पर दिलीप ने अपने बड़े पिता के बेटे श्रीकांत को जानकारी दी और उसकी मदद से झोलाछाप डाक्टर कन्हैया लाल साहू से गर्भपात करने की बात कही। झोलाछाप डाक्टर और दिलीप के बीच पांच हजार रूपये में सौदा तय हुआ। दिलीप अपनी प्रेमिका को लेकर क्लीनिक पहुंचा। डाक्टर कन्हैया लाल साहू ने युवती को दवा खिलाने के साथ इंजेक्शन लगा गर्भपात कराया। युवती की तबीयत बिगड़ी तो दिलीप उसे लेकर बिलासपुर सिम्स पहुंचा, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना में आरोपी झोलाछाप डाक्टर के खिलाफ पर्याप्त सबूत मिलने पर पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त सामानों को जब्त कर उसे और आरोपी दिलीप पिता शिवशंकर कश्यप को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। मामले की सुनवाई के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी झोलाछाप डाक्टर कन्हैया लाल साहू पिता सम्मेलाल साहू को अलग-अलग धाराओं में आजीवन कारावास और अर्थदंड, आरोपी दिलीप कश्यप को आईपीसी की धारा 304 के अपराध के लिए आजीवन कारावास और एक हजार रूपये अर्थदंड , धारा 314 के अपराध के लिए 10 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपये अर्थदंड तथा गर्भ का चिकित्सकीय समापन अधिनियम 1971 की धारा 5 (2) के अपराध के लिए तीन वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया गया है। अर्थदंड की राशि अदा न करने पर तीन माह के अतिरिक्त कारावास की सजा दी गई। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक (एफटीसी) योगेश कुमार गोपाल ने पैरवी की।



### आंगन बना गुलदस्ता

जांजगीर, 04 फरवरी (देशबन्धु)। बाराद्वार नगर के वार्ड नंबर 2 निवासी देवेंद्र यादव के घर के आंगन में खिले विविध रंगों के गुलाब घर आंगन की सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। ऐसा लग रहा है मानो आंगन गुलदस्ता बना हुआ है।

### पीथमपुर में निर्विरोध सरपंच चुनी गई रूपांजलि



जांजगीर, 04 फरवरी (देशबन्धु)। जिले के बाबा कलेश्वरनाथ की नगरी नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत के पीथमपुर में सरपंच पदअनुसूचित जनजाति के लिए के लिए आरक्षित है। गांव में इस वर्ग की कोई नहीं दिख रहा था, हालांकि यह बात रूपांजलि की तकदीर खोलने वाली थी चूंकि लंबे समय से राज घरानों में रहकर शादी के उनके जीवन संघर्ष भरा रहा और अचानक उनके जीवन खुशियों से भर गया इस बीच अन्य प्रत्याशियों ने फार्म भरा परंतु उनके नसीब में कुछ और लिखा था और जाति प्रमाण पत्र की सत्यापन में अन्य प्रत्याशी का जाति प्रमाण पत्र अपात्र हो गया और रूपांजलि को पूर्वजों द्वारा कराया गया मंदिर में बिराजे शिवजी का साक्षात आशीर्वाद मानते हुए सौभाग्य से मिलने की बात कही।

## सप्ताह भर बाद नगर का ऐतिहासिक माघी मेला

### व्यवस्था बनाने वाले विभागों के अधिकारियों की अब तक नहीं हुई बैठक

**जांजगीर,** 04 फरवरी (देशबन्धु)। सप्ताहभर बाद शिवरीनारायण नगर का ऐतिहासिक माघी मेला शुरू होने वाला है। लेकिन कलेक्टर के द्वारा अब तक बैठक नहीं लेने से मेले की तैयारियां आगे नहीं बढ़ पा रही है। मेला ग्राउंड में लगने वाले माघी मेला को लेकर प्रतिवर्ष कलेक्टर मेला ग्राउंड सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण करते हैं और विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर दिशा निर्देश देते हैं। जनप्रतिनिधि, व्यापारी व नगरवासी भी मेले के संबंध में अपनी राय देते हैं। जिसके बाद मेले की तैयारियां आगे बढ़ती हैं। सभी विभाग के अधिकरी अपने अपने विभाग के कार्यों को मेले के पूर्व पूरा करतें हैं।

प्रदेश का सबसे बड़ा पंद्रह दिनों तक चलने वाला माघाी मेला को शुरू होने में केवल आठ दिन ही शेष हैं। 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा है उसके लिए एक दिन पहले 11 फरवरी की शाम से प्रदेश सहित देशभर से लोग नगर पहुचेंगे। लेकिन इस वर्ष कलेक्टर ने अब तक माघी मेले को लेकर नगर में अधिकारी, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों व नगरवासियों की बैठक नहीं ली है। जिससे माघी मेले की तैयारियां अधूरी नजर आ रहीं हैं। नगर पंचायत ने अपने स्तर में माघी मेले की तैयारी शुरू कर दी है। नगर पंचायत द्वारा मेला ग्राउंड सहित महानदी के घाटों की साफ



सफाई कराई जा रही है। मेले में लगने वाले दुकानों के लिए नगर पंचायत में आवेदन लिए जा रहें हैं। बिजली व पानी की व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है। मेला ग्राउंड में चूने की मार्किंग की जा रही है।

### नहीं होगा शिवरीनारायण महोत्सव

नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के कारण इस बार शिवरीनारायण मेला महोत्सव का आयोजन नहीं हो पाएंगे। क्योंकि शासन प्रशासन सभी चुनावी महोत्सव में व्यस्त हैं। निकाय चुनाव के साथ ही साथ फरवरी माह में ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव है और नेताओं के साथ ही अधिकारी कर्मचारी चुनाव में व्यस्त हैं। ऐसी स्थिति में मेला के दौरान आयोजित होने शिवरीनारायण महोत्सव नहीं हो पाएंगे।

### झूला, मौत कुंआ व दुकानें आना शुरू

नगर में 12 फरवरी से पंद्रह दिवसीय माघी मेले की शुरुआत होगी। नगर पंचायत द्वारा आवेदन लेकर दुकानदारों को जगह आबंटित किए जाएंगे। मेला ग्राउंड में बाहर से विभिन्न दुकानें, झूले, मौत कुआ, मीना बाजार, टूरिंग टाकीज वाले पहुंचने लगे हैं। दुकानदार नगर पंचायत द्वारा आबंटित जगहों पर अपनी दुकानें लगाएंगे।

## 7 माह पूर्व युवक की हत्या के मामले में एक आरोपी हुआ गिरफ्तार ,दूसरे की तलाश जारी

जांजगीर, 04 फरवरी (देशबन्धु)। जिले के एनएच 49 ओवर ब्रिज पिलर नंबर 1 के पास सड़ी गली हालत में नर कंकाल मिला था जिसकी पहचान जलेश्वर कश्यप निवासी ससहा के रूप में हुई थी। अकलतरा पुलिस ने हत्या के आरोपी नंद कुमार उर्फ नंदू कश्यप को गिरफ्तार किया है अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर गला दबकर हत्या की थी वहीं दूसरे की तलाश जारी है।



जानकारी अनुसार, अकलतरा थाना में 23 जुलाई 2024 को एनएच 49 ओवर ब्रिज के नीचे सड़ी गली हालत में अज्ञात व्यक्ति का नर कंकाल मिलने की सूचना पर पुलिस की टीम पहुंची थी। जिसकी पहचान जलेश्वर कश्यप के रूप में हुई थी वहीं डीएनए टेस्ट में भी उसी व्यक्ति का पहचान हुआ। जिसपर पुलिस ने थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ खिलाफ हत्या के मामले में अपराध दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की गई थी।

### 7 माह बाद हत्या का एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा आरोपी फरार

इस दौरान अज्ञात आरोपी की तलाश पुलिस कर रही थी सूचना मिलने पर संदेही नंद कुमार उर्फ नंदू कश्यप निवासी बोहापारा को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया कि 14 जुलाई 2024 को अकलतरा के शराब भट्टी के पास मृतक जलेश्वर कश्यप से मुलाकात हुई थी साथ में बैठकर अपने एक अन्य साथी के साथ शराब पीने के बाद रात करीबन 8 से 8.30 बजे एक मोटर साइकिल में बैठकर बोहापारा जा रहे थे। इस बीच एनएच 49 मुरलीडीह रास्ता के पास उतर कर ब्रिज के पास रुके और फिर शराब बैठकर पी रहे थे। वही कुछ देर बाद मृतक जागेश्वर कश्यप गाली गलौज करते हुए और शराब लाने की बात कहने लगा। मेरे द्वारा गाली गलौज नहीं देने की बात कही मगर गाली देता रहा। जिससे गुस्से में आकर अपने साथी के साथ उसके दोनों हाथों को एक एक पकड़ कर दोनों ने मिलकर जागेश्वर कश्यप की गला दबाकर हत्या कर शव को ब्रिज के नीचे फेका कर भागने का जुर्म स्वीकार किया। वही एक अन्य साथी आरोपी फरार है जिसकी तलाश जारी है अकलतरा पुलिस ने नंद कुमार उर्फ नंदू कश्यप को मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है ।

## शराब पीकर वाहन चलाने वालो के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई

### 21 वाहन चालकों के विरूद्ध धारा 185 एम व्ही एक्ट के तहत वाहनों को जप्त किया गया



जांजगीर, 04 फरवरी (देशबन्धु)। आचार संहिता लगने उपरांत से की जा रही वाहन चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने पाए जाने पर 21 वाहन चालकों के विरूद्ध धारा 185 एम व्ही एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। सभी वाहनों को जप्त किया गया है जिसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए उचित बचाव/रोकथाम के लिए यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उलंघन करने वालो के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। आगामी नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जिला पुलिस द्वारा विवेक शुक्ला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शराब पीकर वाहन चलाने वाले एवं यातायात नियमों का उलंघन करने वालो के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में 20जनवरी से 03 फरवरी तक चेकिंग के दौरान 21 व्यक्तियों के द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने पाए जाने पर वाहनों को जप्त किया जाकर वाहन चालकों के विरूद्ध धारा 185 एम व्ही एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है, जिसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। उपरोक्त कार्यवाही में रक्षित निरीक्षक प्रभारी यातायात प्रदीप कुमार जोशी के नेतृत्व में निरीक्षक सुभाष चौबे, लालन पटेल, प्रधान आर. अनुराग सिंह, छोटे लाल साहू, आरक्षक चंद्रशेखर ओग्रे, कोमल राठौर का योगदान रहा।

## त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन के संबंध में सेक्टर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**जांजगीर,** 04 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में जिला पंचायत सभाकक्ष में त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव 2024-25 के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में आगामी निर्वाचन कार्य के प्रबंधन और संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा सेक्टर अधिकारियों को ई व्ही एम मशीन तथा निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा सेक्टर अधिकारियों को निर्वाचन पूर्व की जिम्मेदारी, मतदान दिवस की जिम्मेदारी, विभिन्न प्रपत्रों में जानकारी देने के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में मतदान दिवस पर समस्याओं की त्वरित रिपोर्टिंग और चुनाव सामग्री की सुरक्षित वापसी इत्यादि के बारे में जानकारी दी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर ने सेक्टर अधिकारियों को अपने सभी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां मूलभूत सुविधाओं का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित कर ले। इस अवसर पर सेक्टर अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## सामाजिक सेवा समर्पण सम्मान से सम्मानित हुए एसपी वैद्य

**जांजगीर,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। जिला सतनामी समाज जांजगीर चांपा एवं सतनामी अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा जिले के अपर कलेक्टर एसपी वैद्य के स्थानांतरण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत (सीईओ) गौरेला पेंड्रा मरवाही में हो जाने पर उनके द्वारा किए सामाजिक कार्य से अभिभूत होकर जिले के सतनामी समाज एवं अधिकारी कर्मचारी संघ ने श्री वैद्य के विदाई एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम अयोजित कर एडीएम को सामाजिक सेवा समर्पण सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मानवता के पुजारी बाबा गुरु घासीदास एवं ज्ञान के प्रतीक बाबा डॉ.भीम राव अम्बेडकर के छाया चित्र पर पूजा अर्चना कर गुरू वन्दना गीत प्रस्तुति विजय मनहर, प्रोफेसर लक्षण मिरी, अरुणा मिरी के द्वारा किया गया। अपर कलेक्टर ने अपने अनुभव का परिचय देते हुए उद्बोधन में कहा की समाज के उन्नति शिक्षा से ही संभव हो सकता है। अत: समाज के होनहार बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी समाज को उठानी चाहिए ताकि अर्थ के अभाव में कहीं उनका सपना न टूट जाए। हम सबको बाबा गुरु घासीदास एवं भगवान बुद्ध के बताए सत्य और ज्ञान के मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। समाज को नशा मुक्त होकर समाज के हितों में अच्छे कार्य करने के साथ साथ गरीबों के हर संभव मदद करने को प्रेरित करना होगा। कार्यक्रम के एसपी वैद्य अपर कलेक्टर, जांजगीर चांपा , विशिष्ट अतिथि विक्रांत अंचल



एसडीएम अकलतरा, महेंद्र लहरे तहसीलदार पामगढ़, एवं डॉ. अनिल जगत सिविल सर्जन, डॉ. कुंजकिशोर प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डिंगाकोहरौद मौजूद रहें। कार्यक्रम में सतनामी समाज से लक्ष्मी लहरे महासचिव अधिवक्ता जांजगीर, लेखक कवि हरप्रसाद पाटले, अधिवक्ता महारथी बघेल, अध्यक्ष, रोहित खूंटे उपाध्यक्ष, बीपी घृतलहरे, महामंत्री चंद्रकुमार मिरी, जिला सचिव विजय मनहर, विशाल वैभव, सुनील नारंग, राजू पंकज, राजेंद्र डहरिया, एचएल, कुर्रे, प्रोफेसर लक्षण मिरी, रमेश बघेल, रामकुमार दिनकर, नरेंद्र बंजारे, एमआर खूंटे, प्रेमकुमार बंजारे, सत्यनारायण लहरे, आरपी बंजारे, नरोत्तम कुर्रे, विद्याचरण कुर्रे, केके दिनकर, तेरस रात्रे, मनोज खटकर, केपी, भारद्वाज, भगवान चरण टंडन, संतोष बर्मन, शीतल,खांडे, महीला प्रकोष्ठ से नीलिमा लहरे, अरुणा मिरी , भारती सांडिल्य सहित समाज के अन्य आधिकारी कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन पी.बनर्जी के द्वारा किया गया।

## खरसिया में प्रचार अभियान ने पकड़ा जोर बनने लगा चुनावी माहौल

### उम्मीदवार घर-घर दे रहे दस्तक

**खरसिया,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। मौसम में बदलाव के साथ ही तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है उसी तरह खरसिया नगर में सियासी तापमान में भी वृद्धि हो रही है।?खरसिया नगर पालिका चुनाव में नाम वापसी के बाद उम्मीदवारों की स्थिति स्पष्ट हो गई है, उसके बाद चुनाव प्रचार ने जोर पकड़ लिया है। अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस से रमेश अग्रवाल भाजपा से कमल गर्ग, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से गजाधर चौहान मैदान में है हालांकि मुख्य मुकाबला कांग्रेस-भाजपा के बीच ही माना जा रहा है, लेकिन अन्य प्रत्याशी भी फिलहाल खूब जोर-आजमाइश कर रहे हैं और अपने पक्ष में मोर्चा सम्हालते हुए मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। ज्यों-ज्यों नगर निकाय चुनाव की मतदान तिथि नजदीक आती जा रही है, त्यों-त्यों शहर में चुनावी माहौल गरमाता जा रहा है। शहर के चौक चौराहों पर चाय और पान की गुमटी में उपस्थित लोगों द्वारा आने वाले चुनाव के संबंध में ही चर्चा की जा रही है सब अपनी अपनी जानकारी के अनुसार प्रत्याशियों के संबंध में दावे कर रहे हैं परंतु आम मतदाता मौनधारण किए हुए हैं। अध्यक्ष सहित पार्षद प्रत्याशी वार्डों में घूम-घूमकर अपने-अपने पक्ष में समर्थन मांग रहे हैं।?कांग्रेस भाजपा द्वारा?शहर में जिस तरह से चुनाव प्रचार का माहौल बनाया जा रहा है, उसमें आगे और भी घमासान मचने की संभावना है। अब तक किसी भी तरह से विवाद की स्थिति नहीं है। कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी मृदु भाषी



सरल स्वभाव के रमेश अग्रवाल हैं जो प्रारंभ से ही कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं नगर में कांग्रेस का मजबूत जन आधार है इन्हें कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं का भरपूर समर्थन भी मिल रहा है रमेश अग्रवाल खरसिया नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पार्षद प्रत्याशियों के साथ घर-घर जाकर अपने सहज सरल स्वभाव के अनुसार वोट मांग रहे हैं और इन्हें मतदाताओं का भरपूर आशीर्वाद भी मिल रहा है वहीं भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष पद प्रत्याशी कमल गर्ग पूर्व में भी नगर पालिका के अध्यक्ष रह चुके हैं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपनी राजनीति की शुरुआत कर महात्मा गांधी कॉलेज के छात्र संघ अध्यक्ष रह चुके हैं अनेको बार पार्षद का चुनाव एवं नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव सभी 18 वार्डों में निर्णायक बढ़त के साथ जीतने वाले कमल गर्ग अपराजेय योद्धा हैं भारतीय जनता पार्टी इनके प्रत्याशी घोषित होने के बाद से ही एकजुट होकर इनके पक्ष में जोर-जोर से लगी हुई है कमल गर्ग पार्षद प्रत्याशियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ घर घर जाकर वोट मांग रहे है।

# देश विदेश

## जाम्बिया में हैजा प्रभावित शहर में शुरू होगा टीकाकरण अभियान

**लुसाका,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। जाम्बिया में हैजा के प्रकोप से प्रभावित कॉपरबेल्ट प्रांत के चिलीलाबोम्बे शहर में टीकाकरण अभियान शुरू किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री एलिजा मुचिमा ने हैजा की स्थिति पर एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा, सरकार ने प्रांत में हैजा के प्रकोप से निपटने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन, गावी और अन्य भागीदारों के साथ चर्चा शुरू की है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मुचिमा ने कहा कि जिले के लिए टीकों की लगभग 1,29,000 खुराकें निर्धारित की गई हैं और टीकाकरण अभियान 7 फरवरी से शुरू होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण हमारी हैजा प्रतिक्रिया रणनीति की आधारशिला है।

# इजरायली बलों की कार्रवाई युद्ध विराम समझौते को कर रही कमजोर : यूएनआरडब्ल्यूए

**रामल्लाह,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने चेतावनी दी है कि पश्चिमी तट में चौंकाने वाले दृश्य गाजा में हुए युद्ध विराम को कमजोर करते हैं और नए सिरे से तनाव बढ़ने का खतरा पैदा करते हैं।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यूएनआरडब्ल्यूए ने एक प्रेस वक्तव्य में कहा कि इजरायली बलों के नियंत्रित विस्फोटों की एक सीरीज ने जेनिन कैंप के बड़े हिस्से को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। उसे विध्वंस के बारे में कोई पूर्व चेतावनी नहीं मिली थी, जिससे नागरिकों की जान जोखिम में पड़ गई।

यूएनआरडब्ल्यूए ने कहा कि कैंप के निवासियों ने लगभग दो महीने तक लगातार और बढ़ती हिंसा का सामना किया है। पिछले महीनों में, जेनिन कैंप एक भूत शहर बन गया है। इससे पहले दिन में, फिलिस्तीनी राष्ट्रपति ने




**फिलिस्तीनी लोग विस्थापन या वैकल्पिक मातृभूमि की किसी भी योजना को स्वीकार नहीं करेंगे : नबील अबू रुदीनेह**

फिलिस्तीनियों को विस्थापित करने के लिए वेस्ट बैंक में अपने युद्ध के विस्तार की निंदा की। उन्होंने इस तरह की कार्रवाइयों के खतरनाक परिणामों की चेतावनी दी।

फिलिस्तीनी राष्ट्रपति के प्रवक्ता नबील अबू रुदीनेह ने चेतावनी दी कि चल रहे इजरायली आक्रामकता से और अधिक बढ़ोतरी होगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि फिलिस्तीनी लोग विस्थापन या वैकल्पिक मातृभूमि की किसी भी योजना को स्वीकार नहीं करेंगे।

नबील अबू रुदीनेह ने फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए को बताया कि 21 जनवरी को, इजरायली सेना ने आयरन वॉल नामक एक सुरक्षा अभियान शुरू किया है। अभियान में जेनिन, उसके शरणार्थी कैंप और उत्तरी पश्चिमी तट के अन्य क्षेत्रों में सशस्त्र आतंकवादियों को निशाना बनाया जा रहा है। दावा किया गया है कि अभियान का उद्देश्य सशस्त्र आतंकवादियों को निशाना बनाना और आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करना है।

## बातचीत के लिए दोहा जाएगा प्रतिनिधिमंडल : इजरायल



**यरुशलम।** इजरायल गाजा युद्धविराम समझौते के अगले चरण पर बातचीत के लिए कतर में एक प्रतिनिधिमंडल भेजने की तैयारी कर रहा है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने मंगलवार को एक बयान में जानकारी दी। बयान में कहा गया कि इजरायल इस सप्ताह के अंत में दोहा के लिए कार्यकारी प्रतिनिधिमंडल रवाना करने की तैयारी कर रहा है, ताकि समझौते के निरंतर कार्यान्वयन से संबंधित तकनीकी विवरणों पर चर्चा की जा सके। अगले सप्ताह सुरक्षा मंत्रिमंडल की बैठक होने की उम्मीद है, जिसमें समझौते के दूसरे चरण के बारे में इजरायल की समग्र स्थिति पर चर्चा की जाएगी। यह घोषणा वाशिंगटन में नेतन्याहू की अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्य पूर्व में विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के साथ हुई बैठकों के बाद की गई।

# डीआरसी में बढ़ रहे स्वास्थ्य जोखिम : यूएन

**मॉस्को,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय कार्यकर्ताओं ने कहा है कि सड़कों पर शव, साफ पानी की कमी और तेज होती बरसात के कारण कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) के गोमा में स्वास्थ्य संबंधी खतरे बढ़ रहे हैं।

मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने सोमवार को कहा कि गोमा की सड़कों पर अभी भी हिंसा में मारे गए लोगों के शव पड़े हैं। मुर्दाघरों में क्षमता से अधिक लोग हैं, और अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र घायलों से भरे हुए हैं।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, ओसीएचए ने कहा कि मानवीय भागीदारों के सहयोग से पानी को क्लोरीनेट करने के प्रयास चल रहे हैं, लेकिन पीने के पानी की कमी के कारण गोमा के लोगों को किवु झील के अनुपचारित पानी पर निर्भर रहना पड़ रहा है। और बारिश का मौसम स्थिति को और खराब कर देता है।

एम 23 विद्रोहियों के पिछले



**गोमा की सड़कों पर अभी भी हिंसा में मारे गए लोगों के शव पड़े हैं, मुर्दाघरों में क्षमता से अधिक लोग हैं : ओसीएचए**

सप्ताह किए गए आक्रमण के बाद यहां पर अपराध एक और महत्वपूर्ण समस्या है।

कार्यालय ने कहा कि दो मानवीय संगठनों और सरकारी संस्थाओं ने सप्ताह के अंत में वाहनों के अपहरण की सूचना दी है। ओसीएचए ने कहा कि सहायता संगठन अपने गोदामों की लूट के प्रभाव का आकलन कर रहे हैं। वे उत्तरी किवु प्रांत की राजधानी में और उसके आसपास सहायता वितरण को फिर से शुरू करने का प्रयास कर रहे हैं।

## सुडोकू 6816


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | 7 |
| 8 | 2 | | | | | 6 | 9 | |
| | | 4 | | 3 | | 5 | 2 | |
| | | 2 | | | 9 | 1 | 6 | |
| 3 | | | 1 | | 6 | | | 2 |
| | 1 | 8 | 2 | | | 7 | | |
| | 4 | 5 | | 2 | | 3 | | |
| | 8 | 6 | | | | | 1 | 5 |
| 7 | | | | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6816



**बायें से दायें:-**

१. किसी महाजन, व्यापारी आदि के हिसाब की किताबें
३. नापाक, अशुद्ध
५. जो कभी न टूटे
६. निवासी
७. चंद्रमा
९. प्रार्थी, सवाल करने वाला (उर्दू)
१०. एक दैत्य जिसका वध श्रीकृष्ण ने किया था
१२. दिलचस्प, रुचिकर
१३. रिश्ता, लगाव
१४. डर से घबराया हुआ
१६. खोपड़ी, माथा
१८. लक्ष्मी
२०. हिंसक पशु (उर्दू)
२१. प्रतिपक्षी को लड़ने के लिए दी जाने वाली चुनौती
२३. पिशाच की तरह क्रूर स्वभाव वाला मनुष्य

**ऊपर से नीचे:-**

१. वर्षा
२. गले के नीचे से शुरू होने वाली नली जिससे भोजन पेट में पहुंचता है
३. अनुमान, अंदाजा
४. मुखालफत, प्रतिरोध
५. मुताबिक
८. लाल कमल
१०. बचा हुआ, अवशेष, बाकी रकम
११. दोष या खराबी दूर करने की क्रिया या भाव
१२. रोकने वाला, विघ्न, रुकावट
१३. युद्ध
१४. बहुत से लोगों का बदहवास होकर एक साथ भागना
१५. अपनी तौल के बराबर अन्न- द्रव्य आदि का दान
१७. खंड़ाऊ, चप्पल
१८. हरगिज
१९. लोभ
२२. ध्वनि,आवाज

### वर्ग पहेली-6815

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प्र | वं | २ च | ना | ३ | ■ | ४ भि | त्ति | ५ चि | त्र |
| भा | ■ | टु | ■ | ६ आ | कां | क्षा | ■ | ते | ■ |
| ७ वि | षै | ला | ■ | म | ■ | ट | ■ | ८ रा | ९ व |
| त | ■ | ल | ■ | १० द | र्श | न | ■ | ■ | च |
| ■ | ११ आ | स | १२ वा | ■ | ■ | ■ | १३ प्र | धा | न |
| ■ | द | ■ | स | ■ | १४ ब | ढ़ि | या | ■ | ब |
| १५ नि | र | १६ स | न | ■ | धि | ■ | १७ स | १८ मृ | द्ध |
| रं | ■ | ह | ■ | १९ स | र | २० स | ■ | णा | ■ |
| २१ कु | मु | द | ■ | ब | ■ | २२ ब | द | ल | २३ ना |
| श | ■ | २४ य | क | ब | य | क | ■ | ■ | श |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6816 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 7 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 6 | 9 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 9 | 1 | 6 | 8 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 1 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 3 | 9 |
| 1 | 4 | 5 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 7 | 4 | 3 | 9 | 1 | 5 |
| 7 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 |

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 5 फरवरी, 2025 माघ शुक्ल पक्ष 7**

### राशिफल

मेष - आज आपके सभी काम में उत्साह और उमंग छलकता हुआ प्रतीत होगा। तन-मन में स्फूर्ति और ताज़गी का अनुभव होगा। पारिवारिक वातावरण खुशहाल रहेगा। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ आनंद में समय व्यतीत होगा।

वृषभ - क्रोध और हताशा की भावना आपके मन पर छायी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य भी साथ नहीं देगा। घर-परिवार की चिंता के साथ खर्च के मामले में भी आज चिंतित रहेंगे।

मिथुन - व्यापारीवर्ग के लिए आज का दिन शुभफलदायी है। व्यापार तथा आय में वृद्धि होगी। मित्रों से लाभ होगा। नौकरी में अधिकारियों की कृपादृष्टि से आपके लिए पदोन्नति भी संभव है।

कर्क - आज ऑफिस में उच्च अधिकारी आपसे खुश होकर आपका उत्साह बढ़ाएंगे। आपकी पदोन्नति या वेतनवृद्धि होने की संभावना है। पारिवारिक सदस्यों के साथ सम्बंध प्रगाढ़ होंगे। मान- सम्मान में वृद्धि होने से प्रसन्नता मिलेगी।

सिंह - आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। आप धार्मिक और मांगलिक कार्यों में जा सकते हैं। आपका व्यवहार न्याय प्रिय रहेगा। धार्मिक प्रवास का आयोजन होगा। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। पेट दर्द से परेशानी होगी।

कन्या - आज के दिन नए काम की शुरूआत न करें। बाहरी खाद्य पदार्थों से स्वास्थ्य खराब होने की संभावना रहेगी। गुस्सा अधिक रहेगा, अत: बोलने पर संयम रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव हो सकता है।

तुला - आपका आज का दिन सफलता और आमोद- प्रमोद से भरा होगा, जिससे पूरे दिन मन में प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। सार्वजनिक जीवन में सफलता और सिद्धि प्राप्त करेंगे। दोस्तों के मौज-मस्ती पर धन खर्च होगा।

वृश्चिक - पारिवारिक शांति का माहौल आपके तन-मन को स्वस्थ रखेगा। निर्धारित काम में सफलता मिलेगी। नौकरी में साथी कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा। विरोधियों और शत्रुओं की चाल निष्फल होगी।

धनु - आज कार्य सिद्धि और सफलता न मिले तो हताश न हो। आप अपने काम करते रहें। क्रोध पर संयम रखें। संतान से सम्बंधित विषय से मन चिंताग्रस्त रहेगा। आज कोई यात्रा न करें।

मकर - आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहेगा, जिससे मन में खिन्नता अनुभव होगा। शरीर में स्फूर्ति और ताजगी का अभाव रहेगा। सार्वजनिक जीवन में मानहानि होने की संभावना रहेगी। छाती में दर्द रहने की संभावना है।

कुंभ - आज आप तन-मन से प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। आपके मन पर छाए हुए चिंता के बादल दूर होने से आपका उत्साह बढ़ेगा। भाई-बंधुओं से साथ मिलकर नए आयोजन को हाथ में लेंगे। उनके साथ आनंदपूर्वक समय व्यतीत होगा।

मीन - आज जिह्वा पर संयम न रखने से लड़ाई-झगड़े की आशंका बनी रहेगी। खर्च पर भी नियंत्रण रखें। धन सम्बंधित लेन-देन में भी सावधानी की आवश्यकता है। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट आ सकती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# मिन्सक की मदद को तैयार मॉस्को



मास्को, 4 फरवरी (एजेंसियां)। रूस बेलारूस में अपनी ओरेशनिक मिसाइल प्रणाली तैनात करेगा। एक वरिष्ठ रूसी राजनयिक ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। रूसी अधिकारी एलेक्सी पोलिशचुक ने कहा कि हमारी संबद्ध प्रतिबद्धताओं के अनुरूप रूस मिन्स्क को जरूरी मदद प्रदान करने और हमारे साझा रक्षा क्षेत्र की सुरक्षा के लिए कदम उठाने के लिए तैयार है।

**बेलारूस में ओरेशनिक मिसाइल प्रणाली तैनात करेगा रूस**

पोलिशचुक विदेश मंत्रालय में स्वतंत्र राज्यों के राष्ट्रमंडल के द्वितीय विभाग के प्रमुख हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन समझौतों के तहत बेलारूस में मध्यम दूरी की बैलिस्टिक ओरेशनिक मिसाइलें तैनात की जाएंगी।

पोलिशचुक ने कहा कि बेलारूस में पहले से ही एक संयुक्त क्षेत्रीय बल समूह, आधुनिक रूसी रक्षा प्रणालियां और गैर-रणनीतिक परमाणु हथियार मौजूद हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश के सशस्त्र बल और सुरक्षा एजेंसियां बाहरी और आंतरिक दोनों तरह के खतरों से स्वतंत्र रूप से निपटने में सक्षम हैं।

जनवरी के अंत में, बेलारूसी राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने कहा था कि रूस की ओरेशनिक हाइपरसोनिक मिसाइल प्रणाली किसी भी दिन देश में आ जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रणाली को स्मोलेंस्क क्षेत्र के करीब तैनात किया जा सकता है।

बेलारूस यूक्रेन के साथ 1084 किलोमीटर लंबा बॉर्डर साझा करता है। हाल ही में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि रूस और यूक्रेन के बीच किसी भी संभावित शांति समझौते को दोनों देशों की दीर्घकालिक सुरक्षा की गारंटी देनी चाहिए। स्थानीय मीडिया के साथ एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा कि दस्तावेजों पर अंतिम हस्ताक्षर एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है, जो भविष्य में यूक्रेन और रूस दोनों की सुरक्षा की गारंटी देगा। पुतिन ने कहा कि यूक्रेन रूस के साथ बातचीत करने के लिए किसी को भी नामित कर सकता है, लेकिन जब कोई समझौता होता है तो उस पर वैध यूक्रेनी अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि वोलोदिमिर जेलेंस्की अब यूक्रेन के वैध राष्ट्रपति नहीं हैं।

## यूरोपीय संघ के नेताओं की पहली रक्षा बैठक, सैन्य क्षमताएं बढ़ाने पर जोर

**ब्रुसेल्स,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। यूरोपीय संघ (ईयू) के नेताओं ने अपनी पहली रक्षा बैठक आयोजित की। इसमें सैन्य क्षमताओं को मजबूत करने, रक्षा वित्तपोषण में बढ़ोतरी और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सैन्य उपकरण उत्पादन में तेजी लाने के लिए यूरोपीय रक्षा उद्योग को मजबूत करने की तत्काल जरुरत पर जोर दिया। कोस्टा के अनुसार, 23 यूरोपीय संघ के सदस्यों के बीच रक्षा व्यय में 2021 और 2024 के बीच 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसमें सकल घरेलू उत्पाद का औसतन 2 प्रतिशत रक्षा के लिए आवंटित किया गया। यूरोपीय निवेश बैंक ने रक्षा वित्तपोषण के लिए अपने समर्थन का विस्तार किया है, जबकि अतिरिक्त वित्तपोषण पर चर्चा चल रही है, विशेष रूप से 2028 में शुरू होने वाले अगले यूरोपीय संघ के बजट चक्र के लिए। नाटो महासचिव मार्क रूटे और ब्रिटिश प्रधान मंत्री कीर स्टारमर भी बैठक में शामिल हुए जिसमें यूक्रेन में चल रहा संघर्ष एक केंद्रीय विषय बना रहा।



## यूएनजीए अध्यक्ष भारत दौरे पर, राष्ट्रपति व विदेश मंत्री से करेंगे मुलाकात



**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के अध्यक्ष फिलेमोन यांग 4 फरवरी से 8 फरवरी तक भारत के दौरे पर रहेंगे। वह भारत सरकार के निमंत्रण पर यहां आ रहे हैं। उनकी भारत यात्रा से उम्मीद है कि यह संयुक्त राष्ट्र और भारत के बीच सहयोग को मजबूत करेगी और गंभीर अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर वैश्विक प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा। यांग की यात्रा का उद्देश्य भारत और अन्य देशों के बीच रिश्तों को मजबूत करना और अंतरराष्ट्रीय शांति, सुरक्षा और भविष्य के लिए समझौते (पैक्ट फॉर द फ्यूचर ) जैसे वैश्विक मुद्दों पर सहयोग बढ़ाना है। यांग का नई दिल्ली और बेंगलुरु का दौरा करेंगे। अपनी यात्रा के दौरान, यांग उच्च स्तर की चर्चा में हिस्सा लेंगे, जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार मुलाकात और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठकें शामिल होंगी। उनके कार्यक्रम में भारत में यूएन कंट्री टीम के साथ बातचीत भी शामिल है।

# ईरान-इराक सहयोग बढ़ाने पर सहमत

**तेहरान,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। ईरान और इराक ने पश्चिम एशियाई क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए द्विपक्षीय सहयोग का विस्तार करने पर सहमति जताई है। ईरानी संसद की समाचार एजेंसी आईसीएएनए ने यह जानकारी दी।

एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर कलीबाफ और उनके इराकी समकक्ष महमूद अल-मशहदानी ने सोमवार को दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया। ईरान की राजधानी तेहरान में बैठक के बाद यह प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।

कलीबाफ ने कहा कि हम अपने द्विपक्षीय राजनीतिक और आर्थिक संबंधों को बढ़ाना चाहते हैं, जो इस क्षेत्र में, पड़ोसी अरब, गैर-अरब और मुस्लिम राज्यों के बीच शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने में योगदान देगा।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, कलीबाफ ने कहा कि ईरानी और इराकी लोगों, दोनों संसद और सरकारों के बीच संबंध अपने शिखर पर हैं। उन्होंने कहा कि



**ईरानी व इराकी लोगों, दोनों संसद और सरकारों के बीच संबंध अपने शिखर पर है : कलीबाफ**

दो मुस्लिम देश होने के नाते ईरान और इराक हमेशा मुस्लिम दुनिया की गरिमा का समर्थन करने के लिए तैयार हैं। इराकी समाचार एजेंसी के अनुसार, इराकी संसद के अध्यक्ष ने कहा कि तेहरान की उनकी यात्रा के दौरान जिन सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई उनमें सीमा, आर्थिक संबंध और सुरक्षा सहयोग जैसे विषय शामिल थे। उन्होंने कहा कि हमने क्षेत्र की सुरक्षा स्थिरता को बनाए रखने के उपायों पर चर्चा की।

## आज का इतिहास

664- प्रसिद्ध चीनी बौद्ध भिक्षु ह्वेनसांग का निधन। ह्वेनसांग हर्षवर्धन के शासन काल में भारत आए थे।
1630- सिख गुरु हर राय जी का जन्म।
1679- जर्मन शासक लियोपोल्ड प्रथम ने फ्रांस के साथ शांति समझौता पर हस्ताक्षर किया।
1783- इटली के कालाब्रिया में भीषण भूकंप में 30000 लोग मारे गए।
1870- फिलाडेल्फिया के थियेटर में पहली बार चलचित्र दिखाया गया।
1900- अमेरिका और ब्रिटेन के बीच पनामा नहर संधि हुई।
1916- हिंदी और संस्कृत के महान कवि जानकी बल्लभ शास्त्री का जन्म हुआ।
1917- मैक्सिको का मौजूदा संविधान लागू हुआ।
1922- चौरी चौरा में थाने पर भीड़ के हमले में 22 पुलिसकर्मियों की मौत। इस घटना ने महात्मा गांधी के अहिंसा आंदोलन को कुछ समय के लिए पटरी से उतार दिया।
1924- रेडियो समय संकेतक जीएमटी का पहली बार प्रसायण रायल ग्रीनविच से हुआ।
1937- चार्ली चैप्लिन के अभिनय से सजी पहली टॉकी 'मॉडर्न टाइम्स' को रिलीज किया गया।
1953- ब्रिटेन में चीनी और इससे बने उत्पादों के सीमित वितरण का नियम समाप्त।
1971- अपोलो 14 चांद की सतह पर उतरा। इस उड़ान के दौरान कई तरह की तकनीकी खराबियां आईं।
1976- अभिनेता अभिषेक बच्चन का जन्म हुआ।
1985- पुर्तगाल के विश्वप्रसिद्ध फुटबाल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो का जन्म। बहुत कम लोगों को पता है कि रोनाल्डो का पुरा नाम क्रिस्टियानो रोनाल्डो दोस सांतोस अवीरो है।
1990- भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार का मेरठ में जन्म हुआ।

**तैयारी** — डीआरसी के हालात पर चर्चा के लिए तंजानिया में जुटेंगे अफ्रीकी देशों के नेता, कहा

# पूर्वी डीआरसी में शांति के लिए बातचीत का रास्ता अपनाएं

**नैरोबी,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। दक्षिणी और पूर्वी अफ्रीकी देशों के नेताओं ने कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) के हालात पर चर्चा के लिए दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में शामिल होने का फैसला किया है। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने सोमवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, रुटो ने कहा कि पूर्वी डीआरसी में संघर्ष पर चर्चा के लिए दक्षिणी अफ्रीकी विकास समुदाय (एसएडीसी) और पूर्वी अफ्रीकी समुदाय (ईएसी) का संयुक्त शिखर सम्मेलन शुक्रवार और शनिवार को तंजानिया के दार एस सलाम में आयोजित किया जाएगा।

केन्या की राजधानी नैरोबी में जारी एक बयान में रुटो ने कहा कि राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन (तंजानिया) ने पूर्वी डीआरसी की स्थिति पर विचार-विमर्श करने के लिए शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने पर सहमति व्यक्त की है।

रूटो के अनुसार, डीआरसी के राष्ट्रपति फेलिक्स त्सेसीकेडी और रवांडा के राष्ट्रपति पॉल कागमे ने शिखर सम्मेलन में भाग लेने की पुष्टि की है। इससे पहले शुक्रवार को मंत्रिस्तरीय बैठक होगी। शनिवार को राष्ट्राध्यक्षों की बैठक होगी। जिन अन्य नेताओं ने भागीदारी की पुष्टि की है, उनमें दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा, युगांडा के राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी और सोमालिया के राष्ट्रपति हसन शेख मोहम्मद शामिल हैं।

29 जनवरी को ईएसी के



- **डीआरसी के राष्ट्रपति व रवांडा के राष्ट्रपति ने की शिखर सम्मेलन में भाग लेने की पुष्टि**
- **ईएसी के सदस्य देशों में बुरुंडी, केन्या, रवांडा, सोमालिया, दक्षिण सूडान व कांगो शामिल**

राष्ट्राध्यक्षों ने पूर्वी डीआरसी में संघर्ष में शामिल सभी पक्षों से शत्रुता समाप्त करने और तत्काल बिना शर्त युद्धविराम की अपील की थी ताकि विस्थापित लोगों तक मानवीय मदद पहुंच सके।

ईएसी के सदस्य देशों में बुरुंडी, केन्या, रवांडा, सोमालिया, दक्षिण सूडान, कांगो शामिल हैं। यह एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है। इस संगठन का उद्देश्य क्षेत्र में आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है।

एसएडीसी नेताओं ने की ओर से 31 जनवरी को पूर्वी डीआरसी में शांति और सुरक्षा बहाल करने के लिए सभी पक्षों के बीच बातचीत का रास्ता अपनाने की अपील की गई। जिम्बाब्वे की राजधानी हरारे में आयोजित एसएडीसी राष्ट्राध्यक्ष और शिखर सम्मेलन के अंत में जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि संगठन ने चिंता व्यक्त की है कि हाल के हमलों से डीआरसी में सुरक्षा और मानवीय स्थित खराब हो रही है।

## दुनिया को जानें

### भारत का पहला सॉवरेन बी2सी एआई चैटबॉट 'माईशक्ति' लांच

**मुंबई,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। 'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा देने और घरेलू एआई मॉडल बनाने के लिए योट्टा डेटा सर्विसेज ने भारत का पहला सॉवरेन बी2सी जनरेटिव एआई चैटबॉट पेश किया है। डीपसीक के ओपन-सोर्स एआई मॉडल का उपयोग करके निर्मित 'माईशक्ति' पूरी तरह से भारतीय सर्वरों पर पूर्ण डेटा सुरक्षा और संप्रभुता के साथ काम करती है।

यह लांच केंद्रीय रेल और इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा हाल ही में साझा किए गए विचार के अनुरूप है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत अगले छह महीने में सस्ती लागत पर अपना सुरक्षित और स्वदेशी एआई मॉडल लॉन्च कर सकता है। 'माईशक्ति' एक पूरी तरह से आत्मनिर्भर एआई चैटबॉट है, जो देश में स्थित सर्वरों पर सभी ओपन-सोर्स और पार्टनर डेटा को प्रोसेस करता है। योट्टा की एक टीम ने सिर्फ चार दिनों में 'माईशक्ति' का विकास किया और अपने एनएम1 डेटा सेंटर इन्फ्रास्ट्रक्चर पर डीपसीक मॉडल को स्थापित किया। यह चैटबॉट एच100 जीपीयू के 16 नोड्स वाले उन्नत सेटअप पर काम करता है।

# खेल जगत

## घर-घर में खिलाड़ी तैयार करना है सरकार का मकसद : आर्या

**अल्मोड़ा/नैनीताल।** उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्य ने मंगलवार को अल्मोड़ा के रानीखेत और सोमेश्वर विधानसभा में एक मिनी स्टेडियम और दो सड़कों के निर्माण का शुभारंभ किया। इस मौके पर खेल मंत्री ने कहा कि वह इतनी खेल सुविधाएं जुटाना चाहती हैं जिससे प्रदेश भर में घर-घर में खिलाड़ी तैयार हो सकें। सबसे पहले कैबिनेट मंत्री ने सिलोर महादेव की भूमि पर प्रस्तावित मिनी स्टेडियम को लेकर लोगों से संवाद करते हुए कहा कि मिनी स्टेडियम बनने के बाद सिलोर महादेव की भूमि से घर-घर से खिलाड़ी निकलना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों के भविष्य को स्वर्णिम बनाने की सभी तैयारी पहले से ही कर दी है। पहले पर्वतीय क्षेत्रों में आम लोगों की तरफ से सड़क, स्कूल और अस्पताल बनाने की मांग की जाती थी लेकिन अब जगह-जगह स्टेडियम बनाने की मांग की जा रही है।



# भारत को विश्व कप, एशियाई खेलों और ओलंपिक में हॉकी स्वर्ण जिताना मेरा लक्ष्य : जुगराज सिंह

- मैं एचआईएल की शानदार फॉर्म को एफआईएच प्रो लीग में जारी रख सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं
- मैं हॉकी में आज जहां भी पहुंचा उसका पूरा श्रेय मेरे बड़े भाई को है

❍ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। जुगराज सिंह की कहानी अभावों के बीच से अपने जीवट से खुद की भारत के बेहतरीन हॉकी ड्रैग फ्लिकर के रूप में पहचान बनाने की प्रेरक दास्तां है। अपने परिवार की गुजर बसर के लिए जुगराज ने कभी भारत की सरहद पर अटारी-वाघा बॉर्डर तिरंगा और पानी की बोतलें बेचीं। जुगराज सिंह ने अपने संकल्प से खुद को पुरुष हॉकी टीम में कप्तान हरमनप्रीत सिंह के बाद खुद को भारत के दूसरे सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकर के रूप अलग पहचान बनाई है। सात बरस के फिर से शुरू हुई हीरो पुरुष हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में जुगराज सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर सबसे ज्यादा 12 गोल कर श्राची रार बंगाल टाइगर्स को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई। जुगराज सिंह ने शानदार हैट्रिक जमा बंगाल टाइगर्स को राउरकेला में हैदराबाद तूफांस के खिलाफ फाइनल 4-3 से जीत दिला एचआईएल चैंपियन बनाने में बतौर ड्रैग फ्लिकर अपना हुनर दिखा भारत के दक्षिण अफ्रीकी कोच क्रेग फुल्टन का दिल जीता। अटारी, पंजाब में जन्में जुगराज सिंह की भारत के शीर्ष हॉकी ड्रैग फ्लिकर के रूप में खुद को स्थापित बनाने की कहानी उनके जीवट और धैर्य की कहानी है। जुगराज के पिता भारतीय फौज में कुली का काम करते थे और अचानक बीमार पड़ गए और ऐसे मुश्किल दौर में बहुत कम उम्र में जुगराज ने अपने परिवार को चलाने की जिम्मेदारी खुद संभाली। जुगराज इन चुनौतीपूर्ण मुश्किल दिनों को याद करते हुए कहते हैं,'मैंने एक बार भी यह सवाल नहीं किया कि मैं ऐसा क्यों कर रहा हूं। उस समय मेरा परिवार मेरी सबसे पहली प्राथमिकता था। मैं जानता था कि मैं कड़ी मेहनत कर अपने परिवार की मदद कर सकता हूं और इसी से परिवार को दो वक्त का खाना मयस्सर हो सकता है। मैं पानी की बोतलें और तिरंगे झंडे बेच कर मैं अपने परिवार को चलाने में मदद कर सकता था क्योंकि हमारे पास कमाई का कोई और दूसरा जरिया ही नहीं था। तब मेरा मानना था कि मेरी मेहनत मेरे भविष्य का रास्ता तय करेगी और ऐसा हुआ भी।' जुगराज कहते हैं, 'मैंने अपने हिस्से का संघर्ष झेला, लेकिन मेरा हमेशा से यह विश्वास रहा है कि मेहनत से हर मुश्किल पर पार पाया जा सकता है। जब तक मुझमें भारत के लिए खेलने का दम है, कड़ी मेहनत जारी रखूंगा क्योंकि भारत ने मुझे सब कुछ दिया है। मैं भारतीय टीम के लिए बड़े मंचों पर अपना खेल बेहतर करने को लिए प्रेरित हूं। मेरा अगला बड़ा लक्ष्य भारत को विश्व कप, एशियाई खेलों और ओलंपिक में हॉकी स्वर्ण पदक जिताना है। मैं कड़ी मेहनत करना जारी रखूंगा और इन चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करूंगा। मैं बराबर खुद को बेहतर करने में लगा हूं और जब तक हॉकी खेलूंगा, तब तक ऐसा करता रहूंगा। मैं एचआईएल की अपनी इस शानदार फॉर्म को एफआईएच प्रो हॉकी लीग में जारी रख कर अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं। एचआईएल ने मेरा आत्मविश्वास बहुत बढ़ाया है। मैं अच्छी फॉर्म में हूं और यदि मौका मिला तो मैं एचआईएल की अपनी इस शानदार लय को एफआईएचल प्रो लीग में भी जारी रखना चाहता हूं और भारतीय टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं। एचआईएल प्रो लीग बड़ा टूर्नामेंट है और मैं बराबर पूरी शिद्दत से अपना शानदार प्रदर्शन को बेताब हूं। शुरूआत दौर के संघर्ष के बावजूद अपने बड़े भाई से प्रेरणा पाकर जुगराज का हॉकी खेलने के लिए जुनून कभी कम नहीं हुआ।



'मैंने अपने हिस्से का संघर्ष झेला, लेकिन मेरा हमेशा से यह विश्वास रहा है कि मेहनत से हर मुश्किल पर पार पाया जा सकता है : जुगराज सिंह

# वरुण इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारत की टीम में शामिल

**नागपुर,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए मंगलवार को भारत की टीम में शामिल किया गया।

चक्रवर्ती के संभावित चयन का समर्थन इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई पांच मैचों की टी-20 सीरीज में उनके उल्लेखनीय 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' प्रदर्शन से मिलता है, जहां वे भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे, उन्होंने 14 विकेट झटके, जिसमें एक सनसनीखेज पांच विकेट भी शामिल हैं।

- वरुण चक्रवर्ती भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे

बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि पुरुष चयन समिति ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी 3 मैचों की वनडे सीरीज के लिए वरुण चक्रवर्ती को भारत की टीम में शामिल किया है। नागपुर में गुरुवार से वनडे सीरीज शुरू होने वाली है, चक्रवर्ती ने टीम के साथ प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। 33 वर्षीय खिलाड़ी की अपनी विविधताओं और भ्रामक स्पिन के साथ इंग्लैंड की बल्लेबाजी लाइनअप को परेशान करने की क्षमता ने भारत की 4-1 श्रृंखला जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। केवल 23 लिस्ट ए (50-ओवर) मैच खेलने के बावजूद, चक्रवर्ती के पास 19.8 की स्ट्राइक रेट से 59 विकेट लेने का प्रभावशाली रिकॉर्ड है। विजय हजारे ट्रॉफी में उनके हालिया कारनामे, जहां वे स्पिनरों में अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में समाप्त हुए, ने उनके दावे को और मजबूत किया। उन्होंने 12.16 की आश्चर्यजनक औसत से 18 विकेट लिए, जिसमें 5-9 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन शामिल है। चक्रवर्ती के शामिल होने से भारत के स्पिन विभाग में और गहराई आई है, जिसमें पहले से ही कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के करीब आने के साथ, चयनकर्ता इस महीने के अंत में दुबई में होने वाले आईसीसी इवेंट के लिए अपनी टीम को अंतिम रूप देने के लिए विभिन्न संयोजनों का परीक्षण कर रहे हैं।



### इंग्लैंड श्रृंखला के लिए भारत की अद्यतन वनडे टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जड़ेजा, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती।

# विराट और रोहित का फॉर्म भारत के चैंपियंस ट्रॉफी अभियान के लिए महत्वपूर्ण होगा' : सुरेश रैना

**मुंबई,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज़ जीत के बाद, भारतीय टीम तीन मैचों की वनडे सीरीज़ के लिए कमर कस रही है, जो भारत के आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अभियान के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा होगी। भारत बनाम इंग्लैंड वनडे सीरीज़ के लिए स्टार स्पोर्ट्स के विशेष शो गेम प्लान पर विशेष रूप से बोलते हुए, पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने आगामी सीरीज़ पर अपने विचार साझा किए। रोहित शर्मा से अपनी अपेक्षाओं के बारे में बोलते हुए, रैना ने कहा कि मुझे लगता है कि रोहित को आक्रामक खेलना चाहिए। आपने देखा कि उन्होंने वनडे विश्व कप में कैसे बल्लेबाजी की-वे फाइनल में भी आक्रामक थे। इसलिए, मेरा मानना है कि उनका दृष्टिकोण वही रहेगा। मुख्य सवाल यह है कि उनके साथ कौन ओपनिंग करेगा-क्या वह शुभमन होंगे? मुझे याद है, जब भी वे एक साथ खेलते हैं, तो वे आक्रामक इरादे रखते हैं। कप्तान के तौर पर रोहित शर्मा के बारे में बात करते हुए रैना ने कहा, कि रोहित शर्मा एक आक्रामक कप्तान हैं। जिस तरह से वह अपने गेंदबाजों का इस्तेमाल करते हैं, वह काबिले तारीफ है- मोहम्मद शमी को अहम मौकों पर उतारना और रणनीति के तौर पर स्पिनरों पर भरोसा करना। जब रोहित रन बनाते हैं, तो यह उनकी कप्तानी में भी झलकता है। कप्तान के तौर पर यह उनकी आखिरी आईसीसी ट्रॉफी हो सकती है और अगर वह जीतते हैं, तो वह चार आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे। वह पहले ही टी20 विश्व कप जीत चुके हैं और चैंपियंस ट्रॉफी जीतना एक उल्लेखनीय उपलब्धि होगी। वह इसे हासिल करने के लिए प्रेरित होंगे, लेकिन रन बनाना उनके लिए महत्वपूर्ण होगा। आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए विराट कोहली और रोहित शर्मा का फॉर्म कितना महत्वपूर्ण होगा, इस पर रैना ने कहा कि 2023 में वनडे विश्व कप के बाद रोहित शर्मा का स्ट्राइक रेट काफी बेहतर हुआ है। तब से, उन्होंने 119-120 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, जिससे वे भारत के सर्वश्रेष्ठ वनडे बल्लेबाजों में से एक बन गए हैं।




- मुझे लगता है कि रोहित को आक्रामक खेलना चाहिए। आपने देखा कि उन्होंने वनडे विश्व कप में कैसे बल्लेबाजी की-वे फाइनल में भी आक्रामक थे। इसलिए, मेरा मानना है कि उनका दृष्टिकोण वही रहेगा: सुरेश रैना

## पूर्व श्रीलंकाई कप्तान दिमुथ करूणारत्ने ने लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

**कोलम्बो,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। श्रीलंकाई बल्लेबाज़ दिमुथ करूणारत्ने ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। गाले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इसी सप्ताह शुरू हो रहा दूसरा टेस्ट उनके करियर का 100वां और आखिरी टेस्ट होगा। इस मैच के बाद श्रीलंका को अगले एक साल में मई 2026 तक सिर्फ दो टेस्ट मैच खेलने हैं और करूणारत्ने सिर्फ टेस्ट फॉर्मेट ही खेलते हैं। 2024 से उनका फ़ॉर्म भी कुछ खास नहीं रहा है और उन्होंने पिछले 14 महीनों में सिर्फ 27.05 की औसत से रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाले का दूसरा टेस्ट इस विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में श्रीलंका का आखिरी टेस्ट भी है। करूणारत्ने ने 2012 में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ गाले में ही टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने अब तक खेले 99 टेस्ट में 16 शतकों और 39 अर्द्धशतकों की मदद से 39.40 की औसत से 7172 रन बनाए हैं।

## हैदराबाद क्रिकेट संघ ने भारत की अंडर-19 टी-20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों को सम्मानित किया



**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां) हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) के अध्यक्ष जगन मोहन राव अरिष्णपल्ली ने मंगलवार को यहां राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारत की अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों का स्वागत किया और मलेशिया में टूर्नामेंट में उनकी 'प्रभावशाली जीत और उत्कृष्ट प्रदर्शन' के लिए भारतीय सितारों को सम्मानित भी किया। भारत की महिलाओं ने पहली बार फाइनल में पहुंची दक्षिण अफ्रीका पर नौ विकेट की शानदार जीत के बाद अपने अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप का सफलतापूर्वक बचाव किया। इसके अलावा, वे बिना कोई मैच हारे खिताब जीतने वाली पहली टीम भी बन गईं। हाल ही में कुआलालंपुर में संपन्न अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुनी गईं गोंगडी त्रिशा और उनकी साथी द्रिथी केसरी का मंगलवार सुबह हैदराबाद पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उनके साथ हेड कोच नूशिन अल खादीर और ट्रेनर शालिनी भी थीं। हैदराबाद क्रिकेट संघ के प्रमुख ने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को उनके आगमन पर शॉल और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।

### सार संक्षेप

## अलवर में टाइगर मैराथन में दौड़ेंगे विभिन्न राज्यों के धावक

**अलवर।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 'फिट इंडिया हिट इंडिया' के तहत अलवर सांसद खेल उत्सव में 9 फरवरी को टाइगर मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया कि इस टाइगर मैराथन में अलवर जिले सहित विभिन्न राज्यों से भी धावक हिस्सा लेंगे। टाइगर मैराथन में 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन दौड़ इंदिरा गांधी स्टेडियम से शुरू होकर भवानी तोप सर्किल से गुजरते हुए नारु मार्ग पर लेमन ट्री होटल से यू टर्न लेकर वापस भवानी तोप चौराहे से मिनी सचिवालय के सामने से निकलते हुए कटी घाटी से अहिंसा सर्किल पहुंचेगी और वहां से यह दौड़ अलवर जयपुर मार्ग पर सिल्वर ऑक स्कूल के सामने से और चोर डूंगरी के पास से गुजरते हुए परशुराम सर्किल पहुंचेगी। यह दौड़ वापस अहिंसा सर्किल और कट्टी घाटी से स्टेडियम पहुंचकर समाप्त होगी।

## पंजाब एफसी पर जीत से गोवा की बराबरी करेंगे मैरिनर्स

**कोलकाता।** मोहन बागान सुपर जायंट बुधवार को शाम 7:3 बजे विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 224-25 मुकाबले में पंजाब एफसी से भिड़ेंगे तो मैरिनर्स पिछले सीजन की तरह इस बार भी पंजाब एफसी पर अपना दूसरा लीग डबल पूरा करना चाहेंगे, क्योंकि उन्होंने 26 दिसंबर, 224 को नई दिल्ली में खेला गया रिवर्स फिक्स्चर 3-1 से जीता था। मैरिनर्स ने अब तक घर पर लगातार आठ मुकाबले जीते हैं और इस दौरान छह क्लीन शीट रखी हैं और आगामी मैच में जीत से वे एफसी गोवा की बराबरी कर लेंगे, जिसने आईएसएल के इतिहास में दिसंबर 219-नवंबर 222 के बीच अपने घर में लगातार नौ मैच जीते थे। वहीं, पंजाब एफसी ने घर से बाहर खेले अपने पिछले पांच मैचों में से प्रत्येक में गोल किया है। मोहन बागान सुपर जायंट 19 मैचों में 13 जीत, चार ड्रा और दो हार से 43 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर बैठे हैं।

## डॉटिन को आईसीसी महिला रैंकिंग में बड़ी बढ़त

**दुबई।** वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन ने बांग्लादेश के खिलाफ हाल ही में टी2 सीरीज में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद नवीनतम आईसीसी महिला टी2 खिलाड़ी रैंकिंग में भारी लाभ कमाया है। 33 वर्षीय अनुभवी बल्लेबाज ने तीन मैचों में 11 रन बनाकर सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी के रूप में समापन किया, जिससे वह नवीनतम आईसीसी महिला टी2 बल्लेबाजी रैंकिंग में 26 पायदान ऊपर पहुंच गई। वह अब शीर्ष 1 से बाहर 11वें स्थान पर है, इस श्रेणी में अभी भी ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी का दबदबा है। डॉटिन, जो दो साल के अंतराल के बाद 224 आईसीसी महिला टी2 विश्व कप के लिए संन्यास से वापस आई हैं, ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी और हरफनमौला क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए कैरेबियाई टीम को बांग्लादेश के खिलाफ 3- से क्लीन स्वीप करने में मदद की।

# भारतीय फुटबॉल के हित में सुदेवा ने जर्मन क्लब से हाथ मिलाया

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। भारत में फुटबॉल के उत्थान के लिए सुदेवा दिल्ली फुटबॉल क्लब ने जर्मनी के नामी 'वीएफबी स्टटगार्ट' के साथ हाथ मिलाया है। सुदेवा के फाउंडर अध्यक्ष और दिल्ली सॉकर एसोसिएशन (डीएसए) के अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों क्लब मिलकर भारत में फुटबॉल के चहुंमुखी विकास के लिए प्रयास करेंगे। इस अवसर पर दिल्ली सरकार की शिक्षा निदेशक वेदिथा रेड्डी भी मौजूद थीं। शिक्षा निदेशक ने सुदेवा क्लब के प्रयासों को सराहा और उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में दिल्ली और स्टटगार्ट के क्लब मिलकर बेहतर फुटबॉल के लिए माहौल बनाएंगे और भारतीय फुटबॉल को जर्मन खिलाड़ियों एवं क्लब प्रबंधन से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। जर्मन क्लब प्रतिनिधियों इकोनोमिक अफेयर्स मिनिस्टर निकोल हाफमीस्टर, बोर्ड सदस्य राउवेन कास्पर और अनुज गुप्ता ने बकायदा एक अनुबंध पत्र द्वारा भारतीय फुटबॉल को नई दिशा देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अनुज गुप्ता के बेहद 'करीब' और 'विश्वासपात्र' भी मौजूद थे। सुदेवा दिल्ली अकादमी के आवासीय मैदान पर पहुंचने से पहले मेहमान क्लब और अधिकारियों ने राजधानी के एक पांच सितारा होटल में मीडिया को संबोधित किया और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। जर्मन क्लब प्रतिनिधियों ने सुदेवा अकादमी का करीब से निरीक्षण करने के बाद पाया कि कुछ और सुधार के बाद दिल्ली की प्रमुख अकादमी विश्व स्तरीय खिलाड़ी तैयार करने में सक्षम हो सकती है। मेहमान अधिकारियों के अनुसार, उनकी योजना सुदेवा के 15 साल तक के श्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन तक प्रशिक्षित करने का है।

# अश्विन, श्रीकांत चाहते हैं कि सैमसन अपनी बल्लेबाजी में सुधार करें

**मुंबई,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में पांच पारियों में 51 रन बनाने वाले भारतीय सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन अपनी खराब फॉर्म को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। पूर्व साथी रविचंद्रन अश्विन और पूर्व कप्तान क्रिस श्रीकांत ने विकेटकीपर बल्लेबाज की इसी तरह से आउट होने की आलोचना की है।हाल ही में पांच मैचों की टी20 सीरीज में इंग्लैंड पर भारत की 4-1 की जीत ने साबित कर दिया है कि टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है, लेकिन यह कुछ मुद्दों को छिपा नहीं सका - जैसे सलामी बल्लेबाज सैमसन का खराब फॉर्म। सैमसन, जिन्होंने अक्टूबर-नवंबर 2024 में बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो सीरीज में तीन शतक बनाए, इंग्लैंड के खिलाफ पांच पारियों में केवल 51 रन ही बना पाए, जिसमें ईडन गार्डन्स में पहले मैच में 26 रन उनका सर्वोच्च स्कोर रहा। अपने यूट्यूब चैनल पर एक पोस्ट में अश्विन ने कहा कि अगर संजू इसी तरह आउट होते रहे, तो बतौर बल्लेबाज, दिमाग चालें चलेगा। उन्होंने कहा कि (यह आपको सोचने पर मजबूर करेगा) गेंदबाज एक खास तरीके से गेंदबाजी कर रहा है और मैं इस तरह आउट हो रहा हूं, क्या गेंदबाज अच्छी गेंदबाजी कर रहा है या मुझमें कोई कमी है? क्या मैं खुद को ढाल पाऊंगा? एक बार इतने सारे सवाल उठने के बाद, यह मुश्किल हो जाता है। भारत के पूर्व कप्तान और मुख्य चयनकर्ता श्रीकांत ने भी सैमसन के हालिया प्रदर्शन पर निराशा व्यक्त की और पिछले कुछ मैचों में इसी तरह से आउट होने के लिए केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज को आड़े हाथों लिया। इनसाइड स्पोर्ट की एक रिपोर्ट में श्रीकांत के हवाले से कहा गया, संजू सैमसन बस से चूक गए हैं। पांचवीं बार, एक ही तरीके से आउट हुए। उन्होंने एक ही तरह का शॉट खेला है। मुझे लगता है कि वह अपना अहंकार दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। वह कहने की कोशिश कर रहे हैं, नहीं, नहीं, मैं यह शॉट खेलूंगा। क्या वह अहंकार की यात्रा पर जा रहे हैं या संघर्ष कर रहे हैं? मुझे यकीन नहीं है।




❍ सैमसन अक्टूबर-नवंबर 2024 में बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो सीरीज में तीन शतक बनाए

# शुभमन ने भारत की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी हार का बचाव किया

**नागपुर,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के उप-कप्तान शुभमन गिल ने हाल ही में संपन्न बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन का बचाव करते हुए जोर दिया कि एक खराब सीरीज किसी टीम की विरासत को परिभाषित नहीं करती है। भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1-3 से सीरीज हार का सामना करना पड़ा, जिससे मार्की टेस्ट प्रतिद्वंद्विता में उनके दशक भर के प्रभुत्व का अंत हो गया। गुरुवार को नागपुर में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के पहले वनडे से पहले बोलते हुए, गिल ने जोर देकर कहा कि टीम ने परिणाम के बावजूद गुणवत्तापूर्ण क्रिकेट खेला और अपनी पिछली उपलब्धियों के लिए श्रेय की हकदार है। गिल ने कहा कि एक सीरीज पूरी टीम के फॉर्म को निर्धारित नहीं करती है। ऐसे कई खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अतीत में विभिन्न सीरीज और टूर्नामेंट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि भारत बदकिस्मत रहा कि ब्रिसबेन में चौथे टेस्ट के आखिरी दिन स्टार पेसर जसप्रीत बुमराह उपलब्ध नहीं थे, उनका मानना है कि यह कारक श्रृंखला के परिणाम को बदल सकता था। हम बदकिस्मत थे कि आखिरी दिन बुमराह मौजूद नहीं थे। अगर वह होते, तो हम मैच जीत सकते थे, श्रृंखला ड्रा कर सकते थे और यह बातचीत भी नहीं हो रही होती। गिल ने आलोचकों से भारत की व्यापक उपलब्धियों पर विचार करने का आग्रह किया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया में उनकी दो बैक-टू-बैक टेस्ट सीरीज़ जीत (2018-19 और 2020-21), उनका 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में पहुंचना और विश्व क्रिकेट में सबसे प्रभावशाली टीमों में से एक के रूप में उनकी स्थिति शामिल है। एक मैच और एक दिन हमें परिभाषित नहीं करते हैं।

हम पहले भी ऑस्ट्रेलिया में दो बार जीत चुके हैं, एक विश्व कप जीत चुके हैं और एक और फाइनल में पहुंच चुके हैं। इन बातों को ध्यान में रखना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में 3-0 से मिली हार को निराशाजनक मानते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक मजबूत ताकत बनी हुई है।

- हम बदकिस्मत थे कि आखिरी दिन बुमराह मौजूद नहीं थे: शुभमन गिल




# भारत के खिलाफ पहले दो वनडे से चूक सकते हैं जेमी स्मिथ

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के विकेटकीपर जेमी स्मिथ पिंडली की समस्या के कारण भारत के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले दो वनडे से चूक सकते हैं, लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उनके फिट होने की उम्मीद है। विकेटकीपर-बल्लेबाज को राजकोट में तीसरे टी20 मैच के दौरान पिंडली में तकलीफ महसूस हुई थी, जो इंग्लैंड की एकमात्र जीत थी, और तब से उनका उपचार चल रहा है। उन्होंने जैकब बेथेल की जगह दूसरा और तीसरा टी20 मैच खेला। लेकिन भारत द्वारा सीरीज 4-1 से जीतने में वे अगले दो मैच नहीं खेल पाए। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, 24 वर्षीय खिलाड़ी अगले बुधवार को अहमदाबाद में दौरे के अंतिम मैच में फिटनेस टेस्ट से गुजरेंगे, जो कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीमों को अंतिम रूप देने की समय सीमा भी है। जो रूट दौरे के वनडे चरण के लिए इंग्लैंड से जुड़ गए हैं, लेकिन स्मिथ की अनुपस्थिति उनके बल्लेबाजी विकल्पों को सीमित कर रही है। रूट को स्पिनर रेहान अहमद की जगह टीम में शामिल किया जाना था, लेकिन अब उन्हें 50 ओवर के मैचों के लिए टीम में बने रहने के लिए कहा गया है।दौरे के टी20 चरण में, इंग्लैंड ने आदिल राशिद के साथ मिलकर चार तेज गेंदबाजों के साथ गेंदबाजी की है, जबकि भारत ने एक पारी में पांच स्पिनरों का इस्तेमाल किया है। टी20 श्रृंखला में मिली करारी हार के बाद, तेज गेंदबाज साकिब महमूद के भी राजकोट में होने वाले पहले वनडे में खेलने की उम्मीद है।

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एलटी | 4.76 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 3.83 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 3.50 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 3.38 प्रतिशत |
| रिलायंस | 3.28 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| आईटीसी होटल्स | 4.16 प्रतिशत |
| जोमैटो | 1.57 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.81 प्रतिशत |
| मारुति | 0.23 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 0.11 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 84,213 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,02,500 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 86.33 | 86.35 |
| पौंड स्टर्लिंग | 106.21 | 106.45 |
| यूरो | 88.45 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6300-6400 |
| दाल चना | 7300-7400 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 9300-9400 |
| मूंग दाल | 9500-9600 |
| अरहर दाल | 8000-8100 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# कर सुधार बजट का महत्वपूर्ण तत्व : पांडेय

आय सृजन के लिए व्यापक अवसर तैयार करने व स्वैच्छिक अनुपालन का माहौल बनाने की आवश्यकता




बहुत ज्यादा करों के प्रतिकूल परिणाम हो सकते हैं, हमने करों में वृद्धि न करने का साहसिक कदम उठाया है : तुहिन कांत पांडेय, वित्त सचिव

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। वित्त सचिव तुहिन कांत पांडेय ने मंगलवार को कहा कि कर सुधार आम बजट का महत्वपूर्ण तत्व है क्योंकि अर्थव्यवस्था के शेष हिस्से पर इसका काफी प्रभाव पड़ता है। इसे पहली बार बजट के पार्ट-ए में शामिल किया गया है। एसोचैम के बजट बाद सम्मेलन में वित्त सचिव ने कहा कि बहुत ज्यादा करों के प्रतिकूल परिणाम हो सकते हैं। हमने करों में वृद्धि न करने का साहसिक कदम उठाया है। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है, कर आधार का विस्तार करें, अर्थव्यवस्था का विस्तार करें, कर राजस्व भी अपने-आप बढ़ेगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि पिछले तीन साल में व्यक्तिगत आयकर में 20-25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एक ही करदाता पर बहुत ज्यादा कर लगाकर कोई फायदा नहीं होता है। उन्होंने कहा कि आय सृजन के लिए व्यापक अवसर तैयार करने और स्वैच्छिक अनुपालन का माहौल बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि बजट बनाना वास्तव में विभिन्न अनिवार्यताओं को संतुलित करना है और कभी भी चीजों को अलग-अलग नहीं रखा जा सकता। पांडेय ने कहा कि बजट में घोषित भारत व्यापार नेट सभी हितधारकों को जोड़ेगा और सीमा शुल्क प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करेगा। यह महज यूपीआई नहीं है, यह उससे कहीं अधिक क्षमता रखता है।

उन्होंने कहा कि यह अब मानकों के अनुपालन तक सीमित नहीं है; जीएसटी की हमारी अवधारणा की दुनिया में बेमिसाल है और हमने जो हासिल किया है, हमें उस पर गर्व होना चाहिए।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने कहा कि समय के साथ कर विभाग का दृष्टिकोण बदल गया है। मार्गदर्शक सोच यह है कि सवाल केवल कर एकत्र करने के बारे में नहीं है और कर मूल रूप से आय के एक हिस्से का परिणाम है, आप आय सृजन करते हैं और फिर अपने-आप कर राजस्व मिलता है। प्रत्यक्ष कर अधिनियम में संशोधन, कर स्लैब में बदलाव और छूट को इसी नजरिये से देखा गया है।

उन्होंने बताया कि टीडीएस और टीसीएस प्रावधानों को तर्कसंगत बनाना, उन प्रावधानों को अपराध मुक्त करना और बजट में शामिल अपडेट रिटर्न की अवधारणा का उद्देश्य व्यापार करने में आसानी को सुविधाजनक बनाना है।

सीबीडीटी के अध्यक्ष ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार एक सक्षम वातावरण और प्रौद्योगिकी-संचालित पारदर्शी कर प्रशासन के साथ सक्रिय, नियम-आधारित, यूजर के अनुकूल, डेटा-संचालित और हस्तक्षेप न करने का विवेकपूर्ण दृष्टिकोण अपना रही है।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि औद्योगिक वस्तुओं से संबंधित 12,500 टैरिफ लाइनों में से 8,500 टैरिफ लाइनों के संबंध में सीमा शुल्क दर को युक्तिसंगत बनाया गया है। कृषि वस्तुओं और वस्त्रों में उनकी अत्यधिक संवेदनशील प्रकृति के कारण बदलाव नहीं किया गया है। ये दरें लगभग दो दशकों से अपरिवर्तित बनी हुई हैं और ऐसी धारणा है कि भारत में दरें बहुत अधिक हैं। दरों को अब 20 प्रतिशत तक युक्तिसंगत बनाया गया है जो 70 से 20 प्रतिशत के बीच थीं, और जो 70 प्रतिशत से अधिक थीं उन्हें 70 प्रतिशत तक लाया गया है।

## बीकन ने कनाडाई एनआरआई के लिए भारत में बिल भुगतान को किया आसान




- सेवा भारत कनेक्ट व यस बैंक के सहयोग से शुरू की गई
- अब गूगल प्ले स्टोर और आईओएस पर भी हुआ उपलब्ध

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। कनाडा में प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) की वित्तीय जरूरतों को सरल बनाने के लिए बीकन ने एक अभिनव 'इंडिया बिल पे' सेवा लॉन्च की है, जिससे यूजर अपने बीकन मनी अकाउंट से सीधे कनाडाई डॉलर में भारत के बिलों का भुगतान कर सकते हैं।

कंपनी ने मंगलवार को बयान जारी कर बताया कि यह सेवा भारत कनेक्ट (बीबीपीएस) और यस बैंक के सहयोग से शुरू की गई है और अब गूगन प्ले स्टोर और आईओएस पर उपलब्ध है। भारत में भेजे जाने वाले धन का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा परिवार के भरण-पोषण में खर्च होता है। ऐसे में कई एनआरआई को कनाडा में अपनी वित्तीय स्थिति संभालने और भारत में अपने परिवार के दायित्वों को पूरा करने में कठिनाई होती है। अब तक, एनआरआई को भारतीय बैंक खातों या परिवार और दोस्तों की मदद पर निर्भर रहना पड़ता था लेकिन बीकन इंडिया बिल पे इस प्रक्रिया को सरल और स्वतंत्र बना रहा है।

बीकन के सह-संस्थापक और मुख्य उत्पाद एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी आदित्य म्हात्रे ने कहा कि एक एनआरआई के रूप में मुझे भारत में बिल भुगतान करने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। इसलिए, हमने यस बैंक और भारत कनेक्ट के साथ साझेदारी कर बीकन इंडिया बिल पे विकसित किया, जो एनआरआई के लिए एक सहज और सुविधाजनक समाधान प्रदान करता है।

अब आपको परिवार से मदद मांगने की जरूरत नहीं बल्कि सीधे अपने बिलों का भुगतान कर सकते हैं। यस बैंक द्वारा संचालित यह सेवा रुपया आहरण व्यवस्था (आरडीए) ढांचे के तहत काम करती है।

## साउथ इंडियन बैंक ने स्टार्टअप्स के लिए लांच किए विशेष चालू खाते




**कोच्चि,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त बनाने के उद्देश्य से निजी क्षेत्र के साउथ इंडियन बैंक (एसआईबी) ने दो विशेष स्टार्टअप चालू खाते बिजनेस स्टार्टअप चालू खाता और कॉर्पोरेट स्टार्टअप चालू खाता लॉन्च किए हैं। बैंक ने मंगलवार को बयान जारी कर बताया कि यह पहल उन उद्यमियों को समर्थन देने के लिए की गई है, जो अपने व्यवसाय की शुरुआत कर रहे हैं और वित्तीय स्थिरता के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं।

एसआईबी बिजनेस स्टार्टअप चालू खाता मुख्य रूप से एकल स्वामित्व और साझेदारी फर्मों के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे वे अपने शुरुआती वर्षों में एक मजबूत बैंकिंग आधार बना सकें। इस खाते का योग्य होने के लिए संबंधित फर्म की निगमन या पंजीकरण तिथि तीन साल से अधिक पुरानी नहीं होनी चाहिए। इन खातों में कई अनूठी विशेषताएं शामिल हैं जैसे तीन वर्षों तक शून्य न्यूनतम बैलेंस की आवश्यकता, डिजिटल चैनलों के माध्यम से असीमित मुफ्त आरटीजीएस-एनईएफटी लेनदेन, प्रीमियम डेबिट कार्ड, जो हवाईअड्डे के लाउंज एक्सेस जैसी विशेष सुविधाएं प्रदान करता है।

## डिजी यात्रा प्लेटफॉर्म यूजर्स की संख्या एक करोड़ के पार




- हर दिन औसतन 30 हजार लोग ऐप को कर रहे डाउनलोड


**बेंगलुरु,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। डिजी यात्रा ने एक करोड़ उपयोगकर्ताओं का आंकड़ा पार कर लिया है। हर दिन औसतन 30,000 लोग इस ऐप को डाउनलोड कर रहे हैं। यह डिजिटल यात्रा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है। यह घोषणा प्लेटफॉर्म ने मंगलवार को की। सेल्फ सोवेरन आइडेंटिटी (एसएसआई) आधारित यह इकोसिस्टम एयरपोर्ट पर संपर्क रहित और यात्री के चेहरे की बायोमेट्रिक तकनीक का उपयोग करके काम करता है। 1 करोड़ यूजर्स का मील का पत्थर हासिल करना प्लेटफ़ॉर्म की बढ़ती लोकप्रियता और गोपनीयता-सुरक्षा और अच्छे यात्रा अनुभव प्रदान करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दिखाता है। डिजी यात्रा फाउंडेशन के सीईओ सुरेश खड़कभवी ने कहा कि 10 मिलियन जैसे मील का पत्थर हमारे यूजर्स के हम पर रखे गए विश्वास और भरोसे को दर्शाता है। 'डी-केवाईसी' अभियान पहल सहित हमारे प्रयासों ने हमें 2024 में विकास को आगे बढ़ाने में मदद की। हमारा लक्ष्य भविष्य में और भी बड़ी सफलताएं हासिल करने के लिए नए विचार, गोपनीयता और यात्री अनुभव के विकास की गति को बनाए रखना है।

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए डिजी यात्रा को सक्षम बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) के साथ हमारी साझेदारी 2025 में और अधिक वृद्धि को प्रेरित करेगी। बता दें कि डी-केवाईसी (अपने ग्राहक को न जानें) अभियान अक्टूबर में शुरू किया गया था। यह यूजर्स की गोपनीयता और पसंद के प्रति प्लेटफ़ॉर्म की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यह अभियान इस बारे में था कि डिजी यात्रा किस तरह से ग्राहकों की जरूरतों को उनके व्यक्तिगत डेटा को एक्सेस किए बिना पूरा करती है। दिसंबर 2022 में स्थापित, डिजी यात्रा भारत के 24 एयरपोर्ट पर यात्री प्रोसेसिंग को सुव्यवस्थित करने के लिए फेस ऑथेन्टिकेशन तकनीक का लाभ उठाती है। इसने आज तक 45 मिलियन से अधिक बिना रुके यात्राओं की सुविधा प्रदान की है, जिससे कई यात्रियों को एक सहज अनुभव मिला है। डिजी यात्रा की 2025 के लिए महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं।

# ट्रंप के टैरिफ को टालने के फैसले से उछला बाजार

- सेंसेक्स 1.81 प्रतिशत की छलांग लगाकर 78,583.81 अंक पर
- निफ्टी 1.62 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,739.25 अंक पर बंद




**मुंबई,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। अमरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा और मैक्सिको पर टैरिफ लगाने के लिर्णय को अगले तीस दिनों तक टालने के निर्णय से एशियाई बाजारों में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार करीब दो प्रतिशत तक उछल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1397.07 अंक अर्थात 1.81 प्रतिशत की छलांग लगाकर करीब चार सप्ताह बाद 78 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 78,583.81 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 378.20 अंक यानी 1.62 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,739.25 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.35 प्रतिशत उछलकर 43,075.22 अंक और स्मॉलकैप 1.20 प्रतिशत मजबूत होकर 49,801.07 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4073 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2509 में लिवाली जबकि 1410 में बिकवाली हुई वहीं 154 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2899 कंपनियों के शेयरों में से 1951 में तेजी जबकि 863 में गिरावट रही वहीं 85 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

बीएसई में एफएमसीजी की 0.13 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 में तेजी रही। इससे कैपिटल गुड्स 3.42, कमोडिटीज 1.63, सीडी 0.37, ऊर्जा 2.50, वित्तीय सेवाएं 2.00, हेल्थकेयर 1.59, इंडस्ट्रियल्स 2.59, आईटी 1.36, दूरसंचार 0.88, यूटिलिटीज 1.95, ऑटो 0.97, बैंकिंग 2.17, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.94, धातु 1.63, तेल एवं गैस 2.40, पावर 2.31, रियल्टी 0.35, टेक 1.29, सर्विसेज 1.11 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.34 प्रतिशत चढ़ गए।

विदेशी बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। जापान का निक्केई 0.72 और हांगकांग का हैंगसेंग 2.83 प्रतिशत मजबूत रहा। वहीं ब्रिटेन का एफटीएसई 0.21, जर्मनी का डैक्स 0.10 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.06 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 501 अंक की तेजी के साथ 77,687.60 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 77,402.37 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह लगातार चढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 78,658.59 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 77,186.74 अंक के मुकाबले 1.81 प्रतिशत की तेजी लेकर 78,583.81 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में एलटी 4.76, अडानी पोर्ट्स 3.83, इंडसइंड बैंक 3.50, टाटा मोटर्स 3.38, रिलायंस 3.28, अल्ट्रासिमको 2.78, एशियन पेंट 2.69, एक्सिस बैंक 2.62, एनटीपीसी 2.57, एचडीएफसी बैंक 2.51, एचसीएल टेक 2.46, कोटक बैंक 2.40, एसबीआई 2.39, इंफोसिस 1.90, सन फार्मा 1.32, आईसीआईसीआई बैंक 1.25, टाटा स्टील 1.14, बजाज फिनसर्व 1.10, टीसीएस 0.93, पावरग्रिड 0.65, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.60, भारती एयरटेल 0.56, आईटीसी 0.30, टाइटन 0.26 और बजाज फाइनेंस 0.15 प्रतिशत शामिल हैं।

वहीं, आईटीसी होटल्स 4.16, जोमैटो 1.57, नेस्ले इंडिया 0.81, मारुति 0.23, टेक महिंद्रा 0.11 और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर 0.06 प्रतिशत नुकसान में रहे।

## शार्प बिजनेस सिस्टम ने एनईसी इंडिया के डिस्प्ले कारोबार को खरीदा



**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के डिस्प्ले प्रौद्योगिकी परिदृश्य के एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत शार्प बिजनेस सिस्टम (इंडिया) ने गर्व के साथ एनईसी इंडिया के डिस्प्ले बिजनेस के अधिग्रहण की घोषणा की है। शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते एक विज्ञप्ति में कहा कि उसकी यह पहल एकीकरण शार्प के विज़ुअल समाधान पोर्टफोलियो को महत्वपूर्ण रूप से व्यापक बनाता है, जो भारत के तेज़ी से बढ़ते डिस्प्ले बाज़ार के प्रति इसकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है और खुदरा, शिक्षा, विमानन, विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा और स्मार्ट शहरों जैसे प्रमुख क्षेत्रों को सशक्त बनाता है।

शार्प बिजनेस सिस्टम्स ने कहा है कि वह नवाचार के माध्यम से भारत के गतिशील क्षेत्रों में बेजोड़ मूल्य प्रदान करने और 24/7 संचालन के साथ उद्योगों का समर्थन करने के लिए तैयार है। यह विलय शार्प और एनईसी दोनों के मौजूदा भागीदारों के लिए उत्पाद पोर्टफोलियो को समृद्ध करता है, जो विविध उद्योग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार उच्च-प्रदर्शन समाधानों का एक व्यापक सूट प्रदान करता है। शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ओसामु नारिता ने कहा कि यह विलय न केवल हमारे उत्पाद की पेशकश को बढ़ाता है बल्कि हमारे ग्राहकों को बेजोड़ सेवा और सहायता प्रदान करने की हमारी क्षमता को भी मजबूत करता है।

# खाद्य तेलों में टिकाव, अरहर दाल महंगी व अन्य जिंसों में टिकाव



**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में गिरावट आने और स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि दालें सस्ती हो गईं वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में फरवरी का पाम ऑयल वायदा 47 रिंगिट गिरकर 4580 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.17 सेंट की गिरावट के साथ 45.34 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में गिरावट का रुख रहा। चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए, मूंग दाल 300 रुपए, उड़द दाल 200 रुपए और अरहर दाल 250 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई वहीं मसूर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7250-7350, मूंग दाल 9600-9700, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7650-7750 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

# रबी फसलों की बुवाई का रकबा 661 लाख हेक्टेयर के पार



- इस सीजन में अनाज का उत्पादन बढ़ने की उम्मीद
- मुद्रास्फीति को कम करने में मिलेगी मदद
- सर्दियों की बारिश से भी फसल को लाभ मिलने की उम्मीद

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। देश में मौजूदा सीजन में रबी फसलों की बुवाई का रकबा 661.03 लाख हेक्टेयर पर पहुंच गया है। पिछले सीजन में इसी अवधि तक यह आंकड़ा 651.42 लाख हेक्टेयर था। कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि गेहूं की बुआई का रकबा पिछले साल की इसी अवधि के 318.33 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 324.38 लाख हेक्टेयर हो गया है, जिससे इस सीजन में अनाज का उत्पादन बढ़ने की उम्मीद है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, सर्दियों की बारिश से भी फसल को लाभ मिलने की उम्मीद है।

दालों का कुल रकबा पिछले साल की इसी अवधि के 137.80 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 140.89 लाख हेक्टेयर हो गया है। इससे दालों की कीमतों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी, जो पिछले कुछ समय से बढ़ती खाद्य महंगाई का प्रमुख कारक बनी हुई हैं।

श्री अन्न और मोटे अनाज की बुवाई का क्षेत्र 55.25 लाख हेक्टेयर होने की जानकारी मिली है। चावल का रकबा पिछले साल की इसी अवधि के 40.59 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 42.54 लाख हेक्टेयर हो गया है।

इस साल कुल बुआई क्षेत्र बढ़ने से आवश्यक खाद्य वस्तुओं का उत्पादन बढ़ने और मुद्रास्फीति को कम करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा के अनुसार, आने वाले महीनों में खाद्य मुद्रास्फीति में कमी आने की उम्मीद है, जबकि अर्थव्यवस्था के लिए विकास का दृष्टिकोण सतर्क रूप से आशावादी है, क्योंकि कृषि क्षेत्र को अनुकूल मानसून की स्थिति, न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि और इनपुट की पर्याप्त आपूर्ति से लाभ मिलने की संभावना है।

सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, सब्जियों, दालों और चीनी की कीमतों में कमी के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित देश की खुदरा मुद्रास्फीति दर दिसंबर में चार महीने के निचले स्तर 5.22 प्रतिशत पर आ गई। अक्टूबर में 14 महीने के उच्चतम स्तर 6.21 प्रतिशत को छूने के बाद मुद्रास्फीति में लगातार कमी आ रही है। नवंबर में खुदरा महंगाई दर घटकर 5.48 प्रतिशत रह गई थी। दिसंबर में खुदरा मुद्रास्फीति में गिरावट का कारण प्रमुख खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी रही है।

**सार संक्षेप**

## होमएक्सचेंज ने भारत में शुरू किया परिचालन

**नई दिल्ली।** फ्रांस की राजधानी पेरिस स्थित होम-शेयरिंग सेवा प्रदाता कंपनी होमएक्सचेंज ने मंगलवार को भारत में आधिकारिक रूप से अपना परिचालन शुरू करने की घोषणा की। कंपनी ने बताया कि यह प्लेटफॉर्म भारतीय यात्रियों को प्रामाणिक, किफायती और टिकाऊ तरीके से दुनिया की खोज करने का अवसर प्रदान करता है।होमएक्सचेंज दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे भरोसेमंद होम-स्वैपिंग समुदाय है, जो यात्रियों को बिना किसी आवास शुल्क के यात्रा करने की सुविधा देता है। इस प्लेटफॉर्म के जरिए सदस्य अपने घरों की अदला-बदली कर सकते हैं, जिससे यात्रा की सबसे बड़ी लागतपूरी तरह समाप्त हो जाती है। 155 देशों में उपलब्ध यह सेवा, मेजबान और अतिथि के बीच किसी भी वित्तीय लेन-देन के बिना, यात्रियों को एक सुलभ और किफायती यात्रा विकल्प प्रदान करती है। होमएक्सचेंज के सह-संस्थापक चार्ल्स-एडौर्ड गिराउ ने कहा कि हम भारत में होमएक्सचेंज लॉन्च करने को लेकर उत्साहित हैं।

## एंटरप्राइज ग्रोथ अवार्ड्स 225 के लिए जूरी का ऐलान

**मुंबई।** डेलॉयट टच तोहमात्सु इंडिया एलएलपी (डेलॉयट इंडिया) ने भारत भर में असाधारण पारिवारिक स्वामित्व वाले बिजनसेज, यूनिकॉर्न और सूनिकॉर्न के योगदान को मान्यता देने वाले एंटरप्राइज ग्रोथ अवार्ड्स 225 के लिए जूरी पैनल की घोषणा की है। यह पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व, विजन और विकास का प्रदर्शन करने वाली कंपनियों के लिए है। एंटरप्राइज ग्रोथ अवार्ड्स 225 के लिए बनाई गई जूरी में इंफोसिस के पूर्व प्रबंध निदेशक और जूरी पैनल के अध्यक्ष एस. डी. शिबूलाल, भारतीय स्टेट बैंक की पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री और स्वतंत्र निदेशक डॉ. बृंदा जागीरदार, कैटामारन वेंचर्स के अध्यक्ष और एचडीएफसी के बोर्ड सदस्य एम. डी. रंगनाथ और डेलॉयट के सीनियर एडवाइजर मनोज कोहली शामिल हैं। ये लोग पुरस्कारों में विशेषज्ञता और गहरी समझ शामिल करते हुए देश भर में अनुकरणीय बिजनसे का जश्न मनाने के लिए एक मजबूत और पारदर्शी मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करेंगे।

## प्रीमियम स्मार्टफोन का बाजार 36 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश के प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट में साल 224 में भी दोहरे अंकों की मजबूत वृद्धि दर बरकरार रही। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले कैलेंडर वर्ष की चौथी तिमाही में पहली बार एप्पल शीर्ष पांच स्मार्टफोन ब्रांड में जगह बनाने में कामयाब रहा। एप्पल ने साल-दर-साल 72 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, और चौथी तिमाही में 11 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) की रिपोर्ट के अनुसार, सुपर-प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट (5 हजार से एक लाख रुपये) और उबर-प्रीमियम सेगमेंट में क्रमशः 1 प्रतिशत और 25 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई।

# दिलचस्प हुआ महापौर का चुनाव,बागियों और भितरघातियों की संख्या बढ़ी

## भाजपा ने दर्जन भर बागियों को पार्टी से निकाला तो कांग्रेस ने सिर्फ एक को कारण बताओ नोटिस थमाया

**बिलासपुर**, 4 फरवरी (देशबन्धु)। एक समय था जब बिलासपुर में कांग्रेस की तूती बोलती थी लेकिन पिछले दो दशक से कांग्रेस के जनाधार में गिरावट आई है। पिछले विधानसभा चुनाव में शेयर की तरह कांग्रेस उठी लेकिन इस बार के चुनाव में कांग्रेस न केवल धड़ाम से गिरी बल्कि सरकार की बागडोर भी हाथ से छूट गई। नतीजन भाजपा मन,धन,कर्म और वचन से कांग्रेस को काफी पीछे छोड़ दिया है। साल भर पहले प्रदेश में सरकार बनाने के तुरंत बाद से भाजपा नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव में पार्टी का परचम लहराने ठोस और जमीनी स्तर पर तैयारी में जुट गई थी। भाजपा और सरकार ने कांग्रेस को विभिन्न मुद्दों पर उलझा कर चुनावो से ध्यान बंटवाने कि पूरी कोशिश की जिसमें वह सफल भी रही।कांग्रेस का बिखरा हुआ प्रचार तंत्र इसका उदाहरण है लेकिन अंतिम फैसला तो मतदाता करते है।भाजपा नेताओं को चुनाव में क्लीन स्वीप करने का विश्वास हो चला है तो कांग्रेस नेताओं को साल भर के भाजपा सरकार असफलताओं पर भरोसा है। बिलासपुर में महापौर का चुनाव कांग्रेस को भरोसा और भाजपा को विश्वास पर टीका है। स्थानीय चुनाव में पार्टी कैसेट ही प्रत्याशी का चेहरा भी मतदाता देखते है। कांग्रेस भाजपा दोनों को अपने प्रत्याशी के चेहरे पर भरोसा है।

प्रदेश की न्यायधानी में कल से दिग्गजों का जमावड़ा शुरू हो जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्र में ट्रेक्टर यात्रा निकालकर कांग्रेस प्रत्याशी का प्रचार करेंगे तो भाजपा नेता उप मुख्यमंत्री अरुण साव पार्टी का घोषणा पत्र जारी करेंगे। शहर की जनता यह बात अच्छी तरह समझ गई है कि मेयर चुनाव कांग्रेस ,भाजपा के प्रत्याशी नहीं बल्कि दोनों पार्टी के बड़े नेता लड़ रहे है इसलिए शहर की सरकार चुनने को लेकर मुकाबला दिलचस्प हो चुका है। हफ्ते भर बाद 11 फरवरी को मतदान होना है जिसकी उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 9 फरवरी को शाम तक चुनावी शोर थम जाएगा। समय कम है और प्रचार प्रसार बहुत ज्यादा करना है।





नगर पालिक निगम बिलासपुर में शहर सरकार को लेकर सभी पार्टियां अपनी ताकत झोंक रही है। कांग्रेस और भाजपा ने पूर्व अध्यक्षों पर भरोसा जताते हुए उन्हें चुनावी मैदान में उतारा है। कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद नायक के लिए महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और रायपुर की पूर्व महापौर किरणमई नायक सहित कांग्रेस विधायक लगे हुए है तो वही दूसरी तरफ भाजपा शहर के विधायक अमर अग्रवाल और उनकी पार्टी के प्रत्याशी एल पद्मजा है, उनके पति अशोक विधानी निगम के पूर्व सभापति भी है। न्यायधानी का चुनाव हर समय हाई प्रोफाइल ही रहा है। विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा का चुनाव हो या फिर शहर की सरकार चुनने का मसला हो, सभी की निगाहे बिलासपुर पर टिकी रहती है। बीस साल विधायक और पूर्व मंत्री रहे विधायक अमर अग्रवाल अब राजनीति में मंजे हुए खिलाड़ी है कांग्रेसी नेताओं को वे अपनी तरफ करना अच्छी तरह जानते है।वे पूर्व के सभी चुनाव के संचालक भी रहे और भाजपा के प्रत्याशियो को जीत का परचम लहराकर महापौर और सांसद भी बनाए है। शहर के 38 वार्डो में प्रत्याशियों के चयन में अमर अग्रवाल की ही चली है इस नए इस बार भी निगम चुनाव में अमर अग्रवाल की प्रतिष्ठा दांव पर है।

इधर कांग्रेस के परंपरागत वोटों के अलावा प्रत्याशी प्रमोद नायक के अपने व्यक्तिगत और सामाजिक वोट भी है, जिनका सहयोग उन्हें मिल रहा है। जिन 17 ग्राम पंचायतों,नगर पालिका और नगर पंचायतों को बिलासपुर नगर निगम में शामिल किया गया है वहां वोटरों की संख्या बहुतायत है इसलिए कांग्रेस की पैनी नजर इन ग्रामीण वोटरों पर है।

### 60 और 40 का है अनुमान

जब आम आदमी से शहर के बड़े हुए ग्राम पंचायतों को जोड़कर बने निगम के क्षेत्र में मौजूदा चुनाव को लेकर चर्चा की गई तो उन्होंने 60- 40 का अनुमान बताया है। लेकिन 60 प्रतिशत और 40 प्रतिशत में प्रत्याशियों के नाम को लेकर कोई स्पष्ट बात नहीं की है। मुकाबला भी कांटे की टक्कर का होना बताया गया है। वर्तमान में जितने भी बढ़े हुए ग्राम है जिनको निगम में शामिल किया गया है, वो सभी कांग्रेसी गढ़ वाले ग्राम है और कुछ में कांग्रेस के पार्षद भी रहे है।

### घोषणा पत्र बनाम बैठकों का दौर

भारतीय जनता पार्टी ने अपना अटल विश्वास पत्र के नाम से घोषणा पत्र को जारी कर दिया है। कांग्रेस का घोषणा पत्र अभी जारी नहीं हुआ है कि जनता उसकी तुलना कर सके। कांग्रेस और भाजपा के दिग्गज नेताओं के द्वारा बैठको का सिलसिला चल पड़ा है। वार्डो में भी फ्लैस और प्रचार गाड़ियों का शोर शुरू हो चला है। वार्डो में चुनाव प्रचार ने जोर पकड़ लिया है। पार्टी के पदाधिकारी महापौर के पक्ष में वार्डो में दौरा कर रहे है। सभी पार्षद प्रत्याशी भी अपने प्रचार के साथ महापौर का प्रचार भी कर रहे है।

### घुसपैठियों पर रहेगी पैनी नजर

चुनाव में भीतरघात का खतरा भाजपा और कांग्रेस दोनों में ही बना रहता है। स्थानीय मुद्दों के साथ हो लोकल प्रत्याशी के चेहरे को लेकर यह चुनाव होता है। टिकिट वितरण में भी लोगो की नाराजगी देखने को मिली है। कुछ नाराज लोगों को मनाया भी गया है। दोनो पार्टी में वर्तमान में कांटे की टक्कर कही जा रही है। घुसपैठियों पर भी पैनी नजर पार्टियों के लोग बनाए हुए है, ताकि उनको खुश किया जा सके।

### पूर्व सरपंच भी सवा लाख के

पिछले साल ही अस्तित्व में आए नगर निगम में शामिल सभी ग्राम पंचायत में अधिकांश भाजपा और कांग्रेस समर्पित सरपंच रहे थे। पिछले चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों ने सरपंचों को साथ में लेकर अपना चुनाव प्रचार किए है जीत काह्न परचम भी लहराए थे, जबकि वहीं भाजपा के प्रत्याशियों ने उन्हें पूछा भी नहीं और वे सभी चुनाव हार गए थे। यहां वही कहावत चरितार्थ होती है कि मरा हुआ हाथी भी सवा लाख के बराबर होता है। यानी सभी पूर्व सरपंच भी सवा लाख के है। अभी उनकी पूछ परख होगी तो प्रत्याशी की जीत भी सुनिश्चित हो सकती है। क्योंकि गांवों में अभी भी सरपंची का जोर है।

# कांग्रेस की ट्रेक्टर रैली आज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे शामिल

**बिलासपुर**, 4 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम चुनावों को लेकर मेयर पद के कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद नायक के समर्थन में प्रचार अभियान अब जोर पकड़ चुका है। कल 5 फरवरी 2025 को होने वाली विशाल ट्रैक्टर रैली ने क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बना दिया है।



इस रैली का नेतृत्व कांग्रेस के प्रमुख नेताओं के हाथों में है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल होंगे। यह रैली दोपहर 2 बजे बजरंग नगर ग्राउंड से शुरू होकर शहर के प्रमुख स्थानों से होते हुए लिंगियाडीह बंसत विहार मेन रोड पर समाप्त होगी।

कांग्रेस ने इस आयोजन को जनता तक अपनी विचारधारा पहुंचाने और समर्थकों को एकजुट करने का माध्यम बताया है। माना जा रहा है कि भूपेश बघेल की सक्रिय भागीदारी से प्रमोद नायक के पक्ष में माहौल को और मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस रैली का मार्ग शहर के विभिन्न मुख्य स्थानों, जैसे गुरु गोविंद नगर, शारदा मंदिर, और मौपका चौक से गुजरेगा, जिससे अधिकतम जनसंपर्क सुनिश्चित किया जा सके।

इस बीच, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने भी आज एक सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से जनता के हितों की लड़ाई लड़ती रही है और यह चुनाव भी उसी संघर्ष का हिस्सा है। उनके भाषण ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नया जोश भर दिया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि भूपेश बघेल के रैली में शामिल होने से चुनावी माहौल गरमा जाएगी। प्रमोद नायक ने रैली के माध्यम से जनता से संवाद साधने और विकास के वादों को दोहराने की योजना बनाई है।

## सार-संक्षेप



### शुभमविहार निवासियों ने चुनाव बहिष्कार का निर्णय वापस लिया

**बिलासपुर,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। शहर के वार्ड क्रमांक 15 के शिवमंदिर मार्ग शुभमविहार स्थित निजी मकानों, जे पी हाईट्स व पूजा प्राइड के निवासियों ने लंबे समय से सड़क, नाली, बिजली व साफ सफाई को लेकर विविध स्तर पर मांग करने पर भी ध्यान नहीं दिए जाने से नाराज होकर चुनाव बहिष्कार का निर्णय लिया था। जे पी हाईट्स विकास समिति के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने राष्टहित में मतदान करवाने के उद्देश्य से अपने लोगों को समझाया कि मतदान का बहिष्कार करने के बजाय महापौर व पार्षद के प्रत्याशियों से सामूहिक रूप से स्पष्ट चर्चा करना चाहिए। शुभमविहार कल्याण समिति के अध्यक्ष अखिलानन्द पांडेय ने वार्ड नम्बर 15 के पार्षद प्रत्यासी श्री नितिन पटेल के साथ जे पी हाईट्स में शिवमंदिर मार्ग शुभमविहार निवासियों की एक बैठक करवा कर गतिरोध को दूर किया। अंत मे सभी ने सर्वसम्मति से लोकतंत्र के महायज्ञ में अपनी आहुति देने का निर्णय लिया। इसमे जे पी हाईट्स से ललित अग्रवाल, ईश्वर पटेल, संतोष अग्रवाल, धर्मेंद्र पटेल, मोहन अग्रवाल, भावना ठाकुर, निशा अग्रवाल, अर्चना पांडेय, दीपिका शुक्ला, रश्मि अग्रवाल, अदिति श्रीवास्तव, सुषमा अग्रवाल, दिव्या पटेल, मोनिका अग्रवाल, दक्षा पटेल, हनी अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में मोहल्ले वासी उपस्थित रहे।

### बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की वृद्धि का देशव्यापी विरोध



**बिलासपुर**, 4 फरवरी (देशबन्धु)। वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट में बीमा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की मौजूदा सीमा 74 प्रतिशत को बढ़ाकर 100 प्रतिशत किए जाने की घोषणा का पूरे देश के बीमा कार्यालय में विरोध किया गया द्य इसी कड़ी में मंडल मुख्यालय बिलासपुर एवं सभी शाखाओं में 4 फरवरी 2025 को भोजन अवकाश में द्वारा प्रदर्शन कर विरोध दर्ज किया गया। मंडल मुख्यालय में आयोजित द्वारा सभा को संबोधित करते हुए साथी राजेश शर्मा महासचिव बी डी आई ई ए ने विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की सीमा को 100त्न किए जाने से उत्पन्न होने वाले खतरों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने वर्तमान में 74 प्रतिशत पूंजी निवेश की सीमा के बावजूद बीमा में कुल विदेशी प्रत्यक्ष निवेश नियोजित पूंजी का लगभग 32 प्रतिशत होने के कारण विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की सीमा बढ़ाने को अनुचित बताते हुए इसे देश के वंचित वर्गों के हितों पर कुठाराघात करार दिया। बीमा व्यवसाय के राष्टीयकरण का उद्देश्य था कि लोगों की घरेलू बचत को राष्ट के विकास के लिए उपयोग में लाया जाए परंतु वर्तमान प्रस्तावित प्रावधान घरेलू बचत को विदेशी पूंजी निवेश को सौंप रहे हैं। यह समझदारी भरा कदम नहीं है। द्वार प्रदर्शन द्वारा सरकार से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में वृद्धि को वापस देने की मांग की गई। सभा को विकास अधिकारी संगठन के मंडल महासचिव साथी अजय सिंह ने भी संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता साथी संगीता झा ने किया।

# एक फेरे के लिए नागपुर-दानापुर महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन की सुविधा

**बिलासपुर**, 4 फरवरी (देशबन्धु)। महाकुंभ मेले के दौरान ट्रेन में होने वाली अतिरिक्त भीड़-भाड़ के दौरान रेल यात्रियों को अधिक से अधिक कन्फर्म बर्थ/सीट की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली एक फेरे के लिए दिनाँक 05 फरवरी, 2025 को नागपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 01201 नागपुर-दानापुर कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी दिनाँक 06 फरवरी, 2025 को दानापुर से चलने वाली गाड़ी 01202 दानापुर-नागपुर कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है।



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली यह कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन का गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, घंसौर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना जंक्शन, माणिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी जंक्शन, मिर्ज़ापुर, चुनार जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा रेलवे स्टेशनों में ठहराव की सुविधा दी जा रही है।

यह कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन 02 एसी टू कम एसी प्रथम, 01 एसी टू, 02 एसी टू कम एसी थ्री, 09 थ्री, एसी थ्री, 04 स्लीपर, 02 एसएलआरडी सहित 20 कोच के साथ चलेगी।

**इस गाड़ी की समय सारणी इस प्रकार है-** 01201नागपुर-दानापुर कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन नागपुर 12.00 बजे रवाना होकर गोंदिया 13.55/14.00 बजे, बालाघाट 14.38/14.40 बजे, नैनपुर 16.33/16.35 बजे, घंसौर 17.03 l/17.05 बजे, जबलपुर 20.40/ 20.50 बजे, कटनी 23.25/23.30 बजे, मैहर 00.38/00.40 बजे, सतना 01.15/01.20 बजे, माणिकपुर 03.00/03.02 बजे, प्रयागराज छिवकी जंक्शन 05.10 l/ 05.15 बजे, मिर्ज़ापुर 06.23/ 06.25 बजे, चुनार जंक्शन 07.10/07.12 बजे, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन 08.25/08.35 बजे, बक्सर 09.40/09.42 बजे, आरा 10.28/10.30 बजे तथा दानापुर रेलवे स्टेशन 11.50 बजे पहुचेगी।

**इस प्रकार विपरीत दिशा में समय सारणी इस प्रकार है-** 01202 दानापुर-नागपुर कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन दानापुर से 14.30 बजे रवाना होकर आरा 15.00/15.02 बजे, बक्सर 15.55/15.57 बजे, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन 18.30/18.40 बजे, चुनार 19.28/19.30 बजे, मिर्ज़ापुर 20.00/20.02 बजे, प्रयागराज छिवकी जंक्शन 21.25/21.30 बजे, माणिकपुर 00.13/00.15 बजे, सतना 01.25/01.30 बजे, मैहर 01.58/02.00 बजे, कटनी 02.45/02.50 बजे, जबलपुर 04.05/04.15 बजे, घंसौर 05.28/05.30 बजे नैनपुर 06.13/06.15 बजे, बालाघाट 07.27/07.30 बजे, गोंदिया 08.55/09.00 बजे तथा नागपुर 11.40 बजे पहुचेगी।

# जीवन मूल्यों को आचरण में उतारने की जरूरत है-प्रेम शंकर सिदार

## परिवर्तन के लिए दृढ़ संकल्पित होना होगा-प्रो. बंश गोपाल

**बिलासपुर**, 4 फरवरी (देशबन्धु)। पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ बिलासपुर में भारत में सामाजिक परिवर्तन के अपेक्षित आयाम विषय पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के अंतिम दिन आज 4 फरवरी को सुबह 10.45 बजे तकनीकी सत्र का उद्घाटन किया गया। सत्र के वक्ता के रूप में प्रो. बलदेवभाई शर्मा, कुलपति कुशाभाऊ ठाकरे विश्वविद्यालय रायपुर, अध्यक्षता प्रो. प्रवीण कुमार मिश्र, प्रो. इतिहास, गुरू घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर थे।

प्रो. बलदेवभाई शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे यहां बुद्धि की आराधना नहीं की गयी है, विद्या की आराधना की गयी है। विद्यावान बनना और बनाना हमारा ध्येय होना चाहिए। दूसरों की चिंता, सेवा का भाव, प्राणी का सरंक्षण ये सामाजिकता है। हमारे मन में कुटुम्ब का भाव होना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे प्रो. प्रवीण कुमार मिश्र ने कहा कि पूर्वजों के जीवन निर्वाह को आज अपनाने की आवश्यकता है। हमने साहित्य को पढ़ना बंद कर दिया है, यही संकट का कारण है। जितने भी दुनिया की समस्या का मार्ग भारत से निकला है। संपूर्ण वेद वैज्ञानिक चेतना से परिपूर्ण है। हमें अपने साहित्य, पूर्वजो पर गौरव करना पडेगा, सीखना होगा। सत्र की अध्यक्षता कर रहे शासकीय मदनलाल पीजी महाविद्यालय सीपत के प्राचार्य डॉ. खेर सर के द्वारा किसी कार्य में गुणवत्ता को



समझाया गया। उन्होंने सन 2047 के विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका को विस्तार पूर्वक समझाया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता प्रेमशंकर सिदार ने संबंधित विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में परिवर्तन निरंतर प्रक्रिया है और यह हर परिस्थिति, कालखंड में अलग अलग होता है। उन्होंने कहा कि कोई परिवर्तन तब तक फलीभूत नहीं होता, जब तक समाज के मन के अंदर चेतना के स्तर पर परिवर्तन नहीं होता।

उन्होंने बताया कि सकारात्मक दिशा में परिवर्तन करने के लिए समाज आज खड़ा आगे बढ़ रहा है जो कि बहुत अच्छी बात है। पर्यावरण को लेकर चिंतन के विषय पर उन्होंने कहा कि विश्व के दूसरे देशों में जहां इको फ्रेंडली का नारा दिया जाता है वहां भारत में इको फैमिली है।

प्रकृति हमारा परिवार हैं। उन्होंने कहा कि जीवन मूल्यों को आचरण में उतारने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. बंशगोपाल सिंह, कुलपति, पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर ने कहा कि तीन दिनों के समारोह में हमने समझा कि हमें समाज में किन परिवर्तनों की आवश्यकता है, कैसे हम अपने व्यवहार में परिवर्तन करें जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन आए।

उन्होंने कहा कि सिर्फ सुनने से परिवर्तन नहीं होगा जब तक वह आपकी चेतना में प्रवेश न कर जाए, हमारी आदत में वह शामिल ना हो जाए। उन्होंने कहा कि हमें अपने व्यवहार में परिवर्तन के लिए दृढ़ संकल्पित होना होगा। उन्होंने कहा कि तीन दिनों के आयोजन में सामाजिक परिवर्तन के जिन आयामों को लेकर चर्चा हुई, उसमे से कोई छोटा परिवर्तन भी अगर हमारे जीवन में हो, तो यह आयोजन सफल कहलाएगा।

### धारदार हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारीयों को नगरीय चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र मे शांति व्यवस्था के साथ-साथ अवैध हथियार रखकर लोगो को डराने/धमकाने वाले व्यक्तियों के विरूध्द अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था, आदेश के परिपालन में नगर पुलिस अधीक्षक डी आर टंडन के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी द्वारा थाना स्तर पर सिविल टीम गठित कर विश्वस्त मुखबीर के माध्यम से अवैध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। मुखबीर सूचना मिला कि राहूल साहू नाम का व्यक्ति एक धारदार नुकीला

# जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं-आचार्य डॉ. दिनेश

**गुप्त नवरात्रि सप्तम दिवस पर विशेष**

**बिलासपुर,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने कहा कि सनातन भारतीय संस्कृति में नारी के सम्मान को बहुत महत्व दिया गया है। संस्कृत में एक श्लोक है- यस्य पूज्यंते नार्यस्तु तत्र रमन्ते देवता:। अर्थात जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। महाभारत में कहा गया है कि जिस कुल में नारियों की उपेक्षा भाव से देखा जाता है उस कुल का सर्वनाश हो जाता है। शतपथ ब्राह्मण में कहा गया है कि नारी नर की आत्मा का आधा भाग है। नारी के बिना नर का जीवन अधूरा है इस अधूरेपन को दूर करने और संसार को आगे चलाने के लिए नारी का होना जरूरी है। नारी को वैदिक युग में देवी का दर्जा प्राप्त था। अथर्ववेद का एक श्लोक है- यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:,यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफला: क्रिया।



जिस कुल में नारियों कि पूजा, अर्थात सत्कार होता हैं, उस कुल में दिव्यगुण,और उत्तम संतान होते हैं एवं वहां साक्षात देवता निवास करते हैं, और जिस कुल में स्त्रियों कि पूजा नहीं होती, वहां उनकी सब क्रिया निष्फल हैं। यहां पूजा से तात्पर्य स्त्रियों के मान-सम्मान से है। नारी ही मां है और नारी ही सृष्टि। एक सृष्टि की कल्पना बगैर मां के नहीं की जा सकती है। मां अर्थात माता के रूप में नारी, धरती पर अपने सबसे पवित्रतम रूप में है। माता यानी जननी। मां को ईश्वर से भी बढ़कर माना गया है, क्योंकि ईश्वर की जन्मदात्री भी नारी ही रही है। वेदों में मां को अंबा अम्बिका दुर्गा देवी सरस्वती, शक्ति, ज्योति, पृथ्वी आदि नामों से संबोधित किया गया है। स्त्री ना होती जग म्हं, सृष्टि को रचावै कौण। ब्रह्मा विष्णु शिवजी तीनों, मन म्हं धारें बैठे मौन। एक ब्रह्मा नैं शतरूपा रच दी, जबसे लागी सृष्टि हौण। अर्थात, यदि नारी नहीं होती तो सृष्टि की रचना नहीं हो सकती थी। स्वयं ब्रह्मा, विष्णु और महेश तक सृष्टि की रचना करने में असमर्थ बैठे थे। प्रकृति से ही समस्त संसार का प्रारंभ हुआ। सनातन वैदिक हिन्दू धर्म में जहां पुरुष के रूप में देवता और भगवानों की पूजा-प्रार्थना होती हैं,वहीं देवी के रूप में मां सरस्वती, लक्ष्मी और दुर्गा का वर्णन मिलता है। वैदिक काल में नारियां मां, देवी, साध्वी, गृहिणी, पत्नी और बेटी के रूप में ससम्मान पूजनीय मानी जाती थीं। हिंदू धर्म में परम्परा के अनुसार धन की देवी लक्ष्मी, ज्ञान की देवी सरस्वती और शक्ति की देवी दुर्गा मानीं गई हैं।

# रिकॉर्ड बहुमत के साथ भाजपा के महापौर और पार्षद जीत कर आ रहे बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने किया दावा

**बिलासपुर**, 4 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम बिलासपुर में अभी तक के निर्वाचित महापौरों के जीत का रिकॉर्ड भाजपा महापौर प्रत्याशी तोड़ेगी और सर्वाधिक वोटो से चुनाव जीतेगी।

यह दावा पूर्व मंत्री और बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए किया है आज दोपहर जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में श्री अग्रवाल ने कहा कि 5 साल के दौरान कांग्रेस ने बिलासपुर शहर की दुर्दशा कर दी है जिसको पटरी पर लाना है। उन्होंने बताया कि भाजपा ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए घोषणा पत्र के रूप में अटल विश्वास जारी किया है।

प्रदेश और निगम का स्थानीय मुद्दा अलग अलग होता है लेकिन हमने अटल विश्वास में सारे मुद्दों का ध्यान रखा है।श्री अग्रवाल ने कहा कि वे 5 साल को छोड़ दें तो 20 साल तक शहर का प्रतिनिधित्व किया है जिसमें 15 साल मंत्री रहने का अवसर भी मिला लेकिन इतने सालों में बिलासपुर की ऐसी दुर्दशा कभी नहीं देखा। नगर निगम की संपत्ति बेचकर भ्रष्टाचार के नए नए तरीके अपनाए गए।निगम में जमा 76 लाख का एफ डी बिना काम के निकल जाता है और किसी को पता नहीं चलता। निगम के जनप्रतिनिधि को इस बात की जानकारी न हो ऐसे कैसे हो सकता है? उन्होंने कहा निगम की और सरकारी जमीन मनमाने तौर पर कौड़ियों के मोल बेच दिया गया ,शिकायतों तथा आंदोलन के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई लेकिन सरकार बदली तो ऐसे सारे लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई।जमीन की बिक्री निरस्त की गई।



जमीन खरीदने वाले कई लोग मेरे पास फरियाद लेकर आए।उन्होंने कहा स्मार्ट सिटी का पैसा एक हजार करोड़ रुपए ये लोग खर्च नहीं कर पाए,निगम के लोग सूची बनाकर अवैध कब्जा और अवैध निर्माण करने वालों के पास जाते थे उसके बाद दुबारा जाना भूल जाते थे,अधूरे काम की पूरी राशि मंजूर कर व्यापक भ्रष्टाचार किया जाता रहा। श्री अग्रवाल ने कहा कि बिलासपुर शहर की जनता विकास चाहती है। वे भ्रष्टाचारियों को बर्दाश्त नहीं करने वाली।भाजपा ने कांग्रेस के खिलाफ आरोप पत्र तैयार किया है।हमने जनसंपर्क किया तो अधिकांश वार्डों में अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

जनता भ्रष्टाचारियों को सबक सिखाएगी। चुनाव नतीजे आने दीजिए हम भरपूर बहुमत के साथ निगम में काबिज होंगे। कांग्रेस के प्रत्याशियों को कांग्रेसी ही हरवा रहे है वे खुद कह रहे है कि कांग्रेस के 15 से 20 प्रत्याशी ही जीतकर आ रहे है।

### भाजपा ने रतनपुर के 3 मंडल पदाधिकारियों को किया निलंबित

नगरीय निकाय चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ बागी होकर चुनाव लड़ने वाले कार्यकर्ताओं को भाजपा लगातार पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा रही है। कल ही 27 कार्यकर्ताओं को पार्टी से निष्कासित किया गया था और आज रतनपुर नगर पंचायत का चुनाव लड़ने वाले भाजपा मंडल उपाध्यक्ष बसंत यादव ,मंडल मंत्री भाजपा संतोष कश्यप और मंडल भाजपा अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा बरकत अली को प्रदेश भाजपा ने पार्टी की प्रादमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। इन तीनों पदाधिकारियों पर रतनपुर नगर पालिका परिषद चुनाव 2025 के दौरान पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलग्न रहने एवं पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव प्रचार करने का आरोप है जिसे पार्टी ने अनुशासनहीनता के दायरे में माना और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने तीनों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है।

**NECC**

| 05.02 .2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 460 | 60 | 175 |
| चिल्हर | 6.00 | 82 | 200 |
| डिलीवरी | 475 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188